राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 209
लखनऊ, गुरुवार 2 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





डीएम सख्त, फिर भी खुलेआम हो रहा है मिट्टी का अवैध खनन 10

जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : शर्मा 03


# जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो यूपी हुआ स्वच्छ : योगी

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को किया फ्लैग ऑफ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाकर बदलाव की नींव रखी, उसी का परिणाम है कि स्वच्छता के क्षेत्र में डबल इंजन सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रयास सफल रहे और रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले सत्ताधारी दलों को अंधेरा पसंद था, लेकिन हम सूर्य के उपासक हैं और सूर्यवंशी श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी के नाम पर लक्ष्मणपुरी में विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। नव निर्माण के 9 वर्षों में आज हमारा लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के टॉप-3 शहरों में शामिल हुआ है। अब इस उपलब्धि को नई ऊंचाई देने के लिए हम 'नेट जीरो' लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जहां कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम हो और प्रदूषण रहित व्यवस्था विकसित हो। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है, जो स्वच्छ और हरित भविष्य की नींव रखेगी।

प्रधानमंत्री की प्रेरणा से वर्ष 2017 में हमने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया। पहले हैलोजन की पीली लाइटें होती थीं, जो अधिक ऊर्जा खपत करती थीं, बदरंग दिखती थीं और कीड़े-मकोड़ों के कारण उनके नीचे खड़ा होना मुश्किल होता था। पिछली सरकारों के लिए व्यवस्था सुविधाजनक थी, क्योंकि उन्हें बिजली देनी ही नहीं थी। जिनकी आदत डकैती डालना था, उनके लिए अंधेरा ठीक था। आज डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन जैसी व्यवस्था सामान्य लगती है, लेकिन 2017 से पहले इसकी सोच भी नहीं थी।

### लोगों के बिजली बिल आधे से कम हो गए

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 4.25 लाख से अधिक घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं, जिससे करीब 1500 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है और लोगों के बिजली बिल आधे से कम हो गए हैं। ऐसे प्रयास न केवल लोगों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि शुद्ध और ग्रीन एनर्जी को भी बढ़ावा देते हैं।

### पिछले नौ वर्षों में लखनऊ ने हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया कि बिना भेदभाव के 24 घंटे बिजली मिले और शहर की लाइटिंग भी एक समान, बेहतर और आधुनिक हो। इसी सोच के तहत पूरे शहर को एलईडी लाइटों से दूधिया रोशनी में बदलने का कार्य किया गया, ताकि हर नागरिक को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके और अंधेरे की संस्कृति को समाप्त कर सभ्यता और विकास को आगे बढ़ाया जा सके। आज आप उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में जाएं, एलईडी स्ट्रीट लाइटों की दूधिया रोशनी से पूरा शहर जगमगाता दिखाई देता है। नगर निगमों ने भी स्पाइरल लाइट लगाकर शहरों को और सुंदर बनाया है। रात में सड़कों पर सुरक्षित और आकर्षक वातावरण दिखता है। लखनऊ आने वाले लोग अब इसकी खूबसूरती की सराहना करते हैं। जहां पहले 2017 से पहले अंधेरा, असुरक्षा और सफाई की कमी महसूस होती थी, आज वही शहर रोशनी, स्वच्छता और व्यवस्थित विकास का उदाहरण बनकर सामने आया है। पिछले 9 वर्षों में लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग के साथ-साथ हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। शहर का दायरा बढ़ा है, लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, मेट्रो संचालन शुरू हुआ है और सड़कों के चौड़ीकरण, जल निकासी तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।

### सूर्यवंशी श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या सोलर सिटी के रूप में विकसित

आज लखनऊ डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के एक उभरते हब के रूप में भी स्थापित हो चुका है। प्रदेश और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से 17 नगर निगमों तथा नोएडा-ग्रेटर नोएडा को मिलाकर 18 नगर निकायों को 'सेफसिटी' के रूप में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ते हुए सीसीटीवी कवरेज दिया गया है और अब इन्हें 'सोलर सिटी' के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूर्यवंशी श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या सोलर सिटी के रूप में विकसित हो गई है। लखनऊ में भी इसी प्रकार सोलर पैनल लगाकर कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

# डिब्रूगढ़ के मनोहारी चाय बागान में पीएम मोदी ने तोड़ी चाय की पत्तियां



**एजेंसी, डिब्रूगढ़ (असम)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार सुबह डिब्रूगढ़ के मनोहारी चाय बागान का दौरा किया, जहां उन्होंने चाय की पत्तियां तोड़कर असम के चाय उद्योग के महत्व को रेखांकित किया।

अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने चाय बागान की महिला व अन्य श्रमिकों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों के साथ संवाद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। यह संवाद क्षेत्र के चाय बागान श्रमिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, उनकी मजदूरी तथा उनके पास आयुष्मान कार्ड है या नहीं, इसकी जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि चुनावी प्रचार अभियान में भाग लेने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार रात डिब्रूगढ़ पहुंचे। रात 8:40 बजे मोदी मोहनबाड़ी हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद प्रधानमंत्री विशाल काफिले के साथ मोहनबाड़ी हवाई अड्डे से मनोहारी रिजॉर्ट की ओर रवाना हुए। मोदी ने रात मनोहारी रिजॉर्ट में बिताई। प्रधानमंत्री मोदी धेमाजी और लखीमपुर जिले के उम्मीदवारों के लिए चुनावी प्रचार करेंगे।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,53,100/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,860/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस अफसरों ने संभाला मोर्चा

**लखनऊ।** लखनऊ जिला न्यायालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। बुधवार को धमकी भरा ईमेल मिलते ही पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और पूरे परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। बता दें कि इससे पहले 13 फरवरी को भी एक धमकी भरा मेल आया था। जिला न्यायालय को मिले ईमेल में बम विस्फोट की धमकी दी गई थी, जिसके बाद प्रशासन तत्काल सतर्क हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने पूरे कोर्ट परिसर को सुरक्षा घेरे में लेते हुए जांच शुरू कर दी। घटना की सूचना पर चौक एसीपी राज कुमार सिंह और वजीरगंज इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बम निरोधक दस्ते और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर कोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली। पार्किंग, कोर्ट रूम और आसपास के क्षेत्रों की बारीकी से जांच की गई। इससे पहले भी 13 फरवरी को लखनऊ जिला न्यायालय को इसी तरह का धमकी भरा ईमेल मिला था, जिसके बाद पूरे परिसर को खाली कराकर तलाशी अभियान चलाया गया था। हाल के समय में उत्तर प्रदेश के कई जिलों की अदालतों को भी इस तरह के ईमेल भेजे गए हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

### चंडीगढ़ में खालिस्तानी आतंकी ने ली भाजपा मुख्यालय के बाहर धमाके की जिम्मेदारी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर बुधवार की शाम हुए बम धमाके की जिम्मेदारी एक खालिस्तानी आतंकी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए ली है। इस बीच चंडीगढ़ पुलिस के अलावा पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, एनआईए तथा सेना के अधिकारियों ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है।

### नेपाल से इंडोनेशिया तक हिली धरती, भूकंप के झटकों से दहले दोनों देशों के लोग

**काठमांडू।** नेपाल और इंडोनेशिया में बुधवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में कुछ समय के लिए दहशत फैल गई। हालांकि दोनों ही जगह किसी बड़े नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। नेपाल के कर्णाली प्रांत के मुगु जिले में तड़के 2.22 बजे भूकंप आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गई।

# ईरान छह महीने तक युद्ध जारी रखने को तैयार : अब्बास

**एजेंसी, तेहरान।**



- अपनी जवाबी सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा ईरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि ईरान, अमेरिका-इज़रायल के साथ जारी संघर्ष को लंबे समय तक जारी रखने के लिए तैयार है। तेहरान कम-से-कम छह महीने तक युद्ध लड़ने की क्षमता रखता है और अपनी जवाबी सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा।

अर्ध-सरकारी तसनीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अलजजीरा को दिए इंटरव्यू में अराकची ने कहा कि ईरान अपने दुश्मनों द्वारा तय किसी भी समय-सीमा को नहीं मानता और अपनी सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाता रहेगा। उन्होंने अमेरिका के साथ बातचीत के दावों को खारिज करते हुए कहा कि फिलहाल ईरान और अमेरिका के बीच कोई औपचारिक वार्ता नहीं चल रही है। हालांकि, दोनों देशों के बीच सीधे और परोक्ष रूप से संदेशों का आदान-प्रदान जारी है, जिसे बातचीत नहीं कहा जा सकता।

ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि किसी भी संभावित वार्ता का निर्णय ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा और इसका मुख्य उद्देश्य देश के हितों की रक्षा होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान सिर्फ अस्थायी युद्धविराम नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में स्थायी शांति और युद्ध की पूर्ण समाप्ति चाहता है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उन्होंने कहा कि यह फिलहाल खुला है लेकिन युद्ध की स्थिति में दुश्मन देशों के जहाजों को इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान किसी भी तरह की धमकी या चेतावनी को स्वीकार नहीं करेगा। विदेश मंत्री ने यह भी दोहराया कि ईरान की तरफ से अमेरिका के 15-सूत्रीय प्रस्ताव पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। उन्होंने उन रिपोर्टों को भी सिरे से खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि ईरान ने पाँच शर्तें रखी हैं। उन्होंने इन रिपोर्टों को मीडिया की अटकल करार देते हुए दोहराया कि अमेरिका के प्रस्ताव पर अबतक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। ईरान इस संबंध में कई पहलुओं पर विचार कर रहा है। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि युद्ध को समाप्त करने के लिए ईरान की शर्तें पूरी तरह से स्पष्ट हैं। ईरान के बुनियादी ढाँचे और ऊर्जा संसाधनों पर हमले की धमकियों के बारे में अराकची ने कहा कि ईरान की कई बार परीक्षा ली जा चुकी है और वह किसी भी तरह की अल्टीमेटम (अंतिम चेतावनी) को स्वीकार नहीं करता। होर्मुज जलडमरूमध्य के बारे में अराकची ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र नहीं बल्कि ईरान और ओमान के आंतरिक जल-क्षेत्र में आता है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह आईआरजीसी के नियंत्रण में : ईरान




ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह उसके नौसैनिक नियंत्रण में है। आईआरजीसी ने इस क्षेत्र में अमेरिकी और इजराइली ठिकानों के खिलाफ मिसाइल और ड्रोन अभियानों की एक श्रृंखला का भी विवरण दिया है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार समिति तसनीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक आईआरजीसी ने बुधवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिति निर्णायक रूप से और पूरी तरह उसके नौसैनिक बलों के नियंत्रण में है।

# राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने जनगणना-2027 के स्व-गणना अभियान में लिया हिस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- राष्ट्रपति ने आधिकारिक पोर्टल पर अपनी पारिवारिक जानकारी दर्ज की
- उपराष्ट्रपति ने ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म भरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को जनगणना-2027 के स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) अभियान में भाग लेते हुए अपने-अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया। राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में जबकि उपराष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति भवन में इस प्रक्रिया को पूरा किया।

यह पहली बार है जब देश की जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में आयोजित की जा रही है और स्व-गणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आधिकारिक पोर्टल पर अपनी पारिवारिक जानकारी दर्ज की। इस दौरान गृह सचिव गोविंद मोहन, भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में ऑनलाइन स्व-गणना फॉर्म भरा। इस दौरान रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण भी मौजूद रहे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उपराष्ट्रपति ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा निर्धारित अवधि में आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज करें।

उन्होंने कहा कि यह जनगणना 'डिजिटल इंडिया' पहल के अनुरूप आयोजित की जा रही है, जिसमें व्यापक डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर डेटा संग्रहण और प्रसार को अधिक गुणवत्तापूर्ण, कुशल और समयबद्ध बनाया जा रहा है।

दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना मानी जाने वाली जनगणना-2027 का पहला चरण आज से शुरू हो गया है। पहली बार यह जनगणना पूरी तरह डिजिटल रूप में आयोजित की जा रही है और इसमें 'स्व-गणना' का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है।

# विपक्ष के बहिर्गमन के बीच सीएपीएफ विधेयक राज्यसभा से पारित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विपक्ष के विरोध और बहिर्गमन के बीच बुधवार को राज्यसभा से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) विधेयक, 2026 ध्वनिमत से पारित हो गया। इस विधेयक पर चर्चा के बाद जवाब देते हुए गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस बिल का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों की कार्य कुशलता और मनोबल को बढ़ाना है। यह विधेयक सीएपीएफ अधिकारियों की सेवा शर्तों में अस्पष्टताओं और प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। गृह राज्यमंत्री ने कहा कि सीएपीएफ का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। इनके संचालन में असुविधाएं देखने को मिल रही थी। यह विधेयक कमांड पर आधारित है।

# कामर्शियल सिलेंडर 218 रुपये महंगा, सीएनजी के भी दाम बढ़े

**आर.बी.सिंह**



**लखनऊ।** अप्रैल महीने की शुरुआत महंगाई के साथ हुई है। पहली अप्रैल के ही दिन चौतरफा महंगाई का वार हुआ है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच सरकारी कंपनियों ने बुधवार को कामर्शियल एलपीजी की कीमत में 195 रुपये 50 पैसे की बढ़ोतरी की है।

यह बढ़ोतरी 19 किलो सिलेंडर पर की गई है। फिलहाल सरकारी कंपनियों की ओर से घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। घरेलू गैस पर पहले ही ?60 बढ़ाये जा चुके हैं, वही आज से सीएनजी गैस भी 45 पैसे प्रति किग्रा मांगी हो गई है। कमर्शियल सिलेंडर के दामों में हुई यह वृद्धि सीधे तौर पर पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में आई तेजी का नतीजा है। नई दरें लागू होने के बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 2,078 रुपए 50 पैसे हो गई है। सरकारी तेल कंपनियों ने इससे पहले एक मार्च को 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 114 रुपए 50 पैसे की वृद्धि की थी। जिससे हवाई यात्रा भी अब महंगा होने वाला है और यात्रियों की जेब ढीली होने वाली है। दरअसल जेट विमानों के फ्यूल की कीमतें बीते एक माह में दोगुनी से ज्यादा बढ़ीं हैं। जिसके चलते जल्द ही हवाई किराए में भी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। बुधवार को तेल कंपनयों ने अप्रैल माह में विमानन टरबाइन ईंधन की कीमतों का ऐलान किया। उसके मुताबिक घरेलू उड़ानों के लिए जेट इंजन की फ्यूल की कीमतों में करीब 115 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए करीब 107त्न की बढ़ोतरी हुई है। दूसरी ओर रूपये की कीमत में लगातार गिरावट के चलते एयरलाइंस का पर बोझ और बढ़ गया है। बढ़ी कीमतों के बाद भारत के सबसे व्यस्त विमानन केंद्र दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय विमानन पत्तन पर जेट इंजन के ईंधन की कीमत अब 2,07,311/. प्रति किलोलीटर हो गई है।

### डीजल-पेट्रोल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी

देश भर में प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद अब प्रीमियम डीजल भी महंगा हो गया है। तेल कंपनियों ने सोमवार रात 12:00 से प्रीमियम डीजल की कीमत में करीब 1 रुपये 50 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। इस बढ़ोतरी से खासकर परिवहन और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों पर ज्यादा बोझ पड़ेगा। इस बढ़ोतरी के तहत एक्सपी-100 पेट्रोल में करीब 11 रूपये प्रति लीटर और प्रीमियम डीजल के करीब 1 रूपये 50 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है, जो सोमवार से तुरंत प्रभाव से लागू भी कर दी गई हैं।

कार्रवाई

### कई डॉक्टरों की तलाश में पुलिस

# किडनी रैकेट की जांच की आंच अन्य जिलों तक पहुंची

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**



महानगर में अंतरराष्ट्रीय किडनी तस्करी के मामले की जांच में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं और कई अन्य डॉक्टरों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। रावतपुर और कल्याणपुर क्षेत्र स्थित प्राइवेट अस्पताल से जुड़े इस पूरे प्रकरण में अब अन्य जिलों के अस्पतालों की संभावित संलिप्तता की भी जांच के दायरे में आ गए हैं। पुलिस पूछताछ में मिले नए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी ने बुधवार को बताया कि अब तक इस मामले में छह आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है लेकिन जांच के दौरान कुछ अन्य डॉक्टरों और सहयोगियों के नाम भी सामने आए हैं। इनमें से कई आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि गिरोह का नेटवर्क पहले से कहीं अधिक व्यापक हो सकता है, इसलिए अन्य जनपदों के अस्पतालों को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रकरण में किडनी बेचने वाले दो व्यक्तियों से भी विस्तृत पूछताछ की गई है, जिससे कई नए तथ्य सामने आए हैं। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। दोनों डोनर्स का फिलहाल उपचार जारी है, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उनके परिजनों को भी इसकी सूचना दे दी गई है। जांच में यह भी सामने आया है कि किडनी देने वाला एक युवक देहरादून का रहने वाला एमबीए छात्र है। उसने आर्थिक तंगी और फीस जमा करने के दबाव में यह कदम उठाया। यह खुलासा इस पूरे रैकेट के उस कड़वे सच को उजागर करता है, जिसमें मजबूरी और पैसों का लालच मिलकर लोगों को इस अवैध जाल में धकेल देते हैं।

उन्होंने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और हर पहलू को ध्यान में रखते हुए विवेचनात्मक कार्रवाई जारी है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी और नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इससे पहले पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कल्याणपुर और रावतपुर स्थित अहूजा, प्रिया और मिड लाइफ अस्पतालों पर छापेमारी कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। मौके से नकदी और बड़ी मात्रा में संदिग्ध दवाइयां बरामद की गई थीं। गिरफ्तार आरोपितों में डॉ. प्रीति आहूजा और डॉ. सुजीत सिंह आहूजा समेत छह लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, खासकर टेलीग्राम के जरिए मरीजों और डोनर्स को जोड़ता था। अब पुलिस इस पूरे नेटवर्क के अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी गहराई से पड़ताल कर रही है।




## मौलाना सलीम पर रासुका लगाने की मांग

- विश्व हिंदू परिषद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, आरोपी पर 80 से ज्यादा मुकदमे हैं दर्ज



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले बिहार के मौलाना सलीम को उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार कर लिया है। जिले में दर्ज मुकदमे के चलते एसटीएफ ने उसे बहराइच पुलिस को सौंपा था। मंगलवार को मौलाना सलीम को जेल भेज दिया गया। इसके बाद हिंदू संगठनों ने मौलाना पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने की मांग की है। बुधवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह और जिलाध्यक्ष तरुण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। इस पत्र में मौलाना सलीम के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई करने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने बताया कि मौलाना सलीम के खिलाफ विभिन्न जनपदों में 80 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने आशंका जताई कि उनकी शीघ्र रिहाई से कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी कारण उनके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई आवश्यक है।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए दस्तक अभियान शुरू, जन-जागरूकता पर जोर

- सीएमओ ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** संचारी रोगों की रोकथाम और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता और विभागीय समन्वय से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। जागरूकता रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को मच्छर जनित रोगों, जलजनित बीमारियों और दिमागी बुखार (इंसेफेलाइटिस) से बचाव के उपाय बताए गए। सीएमओ ने बताया कि जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। दस्तक अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स घर-घर जाकर बुखार, इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), टीबी, कुपोषण सहित अन्य लक्षणयुक्त व्यक्तियों की पहचान करेंगी। इनका विवरण 'ई-कवच पोर्टल' पर अपलोड कर उनकी निगरानी और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि अभियान के तहत मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर उनके निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मच्छरों की अधिकता वाले हाई रिस्क क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी-लार्वा छिड़काव जैसी गतिविधियां तेज की जाएंगी, ताकि डेंगू और मलेरिया के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने कहा हीट वेव की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट है। जनपद में शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक स्थलों पर शेल्टर और लोगों को गर्मी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अभियान में नगर विकास, पंचायतीराज, बाल विकास, आयुष, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, सूचना समेत विभिन्न 14 विभागों का समन्वय रहेगा।

**आमजन के लिए संदेश**

घर के आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। विशेष रूप से कूलर और फ्रिज के पीछे जमा पानी को हर सप्ताह साफ करें। नारियल के खोल, बेकार टायर, टूटे मिट्टी के बर्तन, गमले, डिब्बे आदि में पानी इकट्ठा न होने दें। बुखार या अन्य लक्षण होने पर तुरंत जांच कराएं, साफ-सफाई रखें, शुद्ध पानी पिएं और लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी व आवश्यक सावधानी बरतें।

इस मौके पर एसीएमओ डॉ अभाष अंकुर, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ निर्मेश, डीसीपीएम मो0 राशिद, पीएफआई, डबल्यूएचओ व पाथ प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लॉर्ड बुद्धा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

*उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित*



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा नगर पंचायत स्थित लॉर्ड बुद्धा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्साह और उल्लास के बीच घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। विद्यालय के प्रबंधक एस.के. मौर्य एवं प्रधानाचार्य डॉ. जे.के. मौर्य ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्राइमरी वर्ग में अंश सिंह (कक्षा 4) ने 97.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्नति गुप्ता ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अहम नवाज (कक्षा 2) ने 97.04 प्रतिशत एवं अनादि दीक्षित (कक्षा 2) ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए। सौरभ (कक्षा 3) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।क्षजूनियर वर्ग में साक्षी सिंह (कक्षा 8) ने 97.26 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजलि सिंह (कक्षा 7) ने 96.51 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं साध्या मिश्रा (कक्षा 7) ने 94.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। समारोह के अंत में सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके निरंतर सफलता की कामना की गई। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आशा व्यक्त की।

## गैस सिलेंडर में लगी आग तीन लोग झुलसे

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** श्रावस्ती के मल्हीपुर इलाके में चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्य झुलस गए। घायलों में पिता, पुत्र और पुत्री शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए बहराइच जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अमरहवा ग्राम में हुई। शकील की बेटी गुलफसा घर में चाय बनाने के लिए गैस चूल्हा जला रही थी, तभी सिलेंडर में लीकेज के कारण अचानक आग लग गई। उसे बचाने के प्रयास में शकील और उसका बेटा बड़कऊ भी आग की चपेट में आकर झुलस गए।चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाते हुए तीनों घायलों को बाहर निकाला। उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# तिलक लगाकर किया गया नवप्रवेशी नौनिहालों का स्वागत



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि।** न्यूज़ शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर परिषदीय विद्यालयों में उत्सव जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। बुधवार को क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय अमराई और बंजरिया में नवागत छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया, जिससे स्कूल के पहले ही दिन बच्चों के चेहरे खिल उठे उच्च प्राथमिक विद्यालय अमराई में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शिक्षक अखिलेश मिश्र ने की। उन्होंने विद्यालय में कदम रखने वाले नए बच्चों को टीका लगाया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान वार्षिक परीक्षा फल का वितरण भी किया गया। अपनी प्रगति रिपोर्ट पाकर छात्र उत्साहित नजर आए। प्रधान शिक्षक ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित स्कूल भेजें वहीं, बंजरिया स्थित विद्यालय में शिक्षक देवी प्रसाद तिवारी ने नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि खेल-खेल में शिक्षा और स्नेहपूर्ण वातावरण से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। विद्यालय में पहले दिन हुए इस सम्मान से बच्चे और अभिभावक काफी खुश नजर आए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक निर्मल मिश्र ,नीता देवी ,आशीष पांडेय,रोहित ,रामदेव सहित समस्त स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोर का पीछा कर रहे जीआरपी सिपाही के दोनों पैर कटे

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** स्टेशन पर चोर का पीछा कर रहे जीआरपी सिपाही के दोनों पैर कट गए, जिसमें एक पैर पूरी तरह से कट कर अलग हो गया है जबकि दूसरा पैर खाल से लटक रहा है। घायल सिपाही की पहचान मऊ निवासी आकाश सिंह के रूप में हुई है जिन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है... सिपाही की हालत नाजुक बताई जा रही है। देर रात स्टेशन पर दो लोगों में हो रही मारपीट की वजह से भीड़ इकट्ठा हो गई थी, जिसमें एक युवक दूसरे युवक सुनील पर पैसा निकालने का आरोप लगा रहा था जिसपर सिपाही आकाश सिंह द्वारा दोनों को जीआरपी थाने पर बैठाया गया और सुनील को शक के आधार पर रोक लिया गया और दूसरे को छोड़ दिया गया इतने में लखनऊ डिब्रूगढ़ ट्रेन आते ही सुनील भागकर ट्रेन में बैठने लगा और उसे पकड़ने की आपाधापी में सिपाही का दोनों पैर गैप में फंस गया और कट गया आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने के लिए लागू किया जाए यूजीसी

**कल आयोजित की जाएगी मंडलीय समता सम्मेलन**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** अपना दल कमेरावादी गोंडा द्वारा 3अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार को आयोजित मंडलीय समता सम्मेलन जो बैजनाथ चौधरी स्मारक इंटर कॉलेज -सोनबरसा, धानेपुर रोड़ जिला -गोंडा में किया जाना है, जिसमें यूजीसी की माग को लागू करने लिए और पिछड़ा वर्ग जनगणना करने की मांग प्रमुख हैं, जिसके लिए सविता वर्मा, जिला अध्यक्ष महिला मंच, अपना दल कमेरावादी गोंडा ने अपने जिला उपाध्यक्ष महिला मंच सुशलेष वर्मा,रेनू वर्मा, जिला सचिव महिला मंच अपना दल कमेरावादी गोंडा, कंचन रानी राव, जिला उपाध्यक्ष माता साबित्री फाउंडेशन जिला -गोंडा ने विकास क्षेत्र पंडरी कृपाल व विकास क्षेत्र मुजेहना जिला -गोंडा का संघन जन सम्पर्क करके मातृशक्ति को सम्मेलन में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए सम्पर्क किया, ताकि समाज में व्याप्त असमानता दूर हो और भाईचारा कायम हो, हमारा देश गंगा जमुनी तहजीब का देश है।

### 5 बच्चों की मां, 27 साल के प्रेमी संग फरार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा के मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में मायके आई 40 साल की महिला अपने 27 साल के प्रेमी के साथ फरार हो गई। वह 5 बच्चों की मां थी। महिला अपने ससुराल से मायके आई थी। मायके में वह अपने 2 साल के बच्चे को छोड़कर चली गई हैं। महिला देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से अपने ससुराल से मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में मायके आई थी। उसने पति को बताया था कि वह परिवार से मिलने जा रही है पति ने उसे बच्चों के साथ जल्द लौटने को कहा था। पति को इस बात का अंदाजा नहीं था कि मायके पहुंचने के बाद उसकी पत्नी के घर के सामने रहने वाले युवक के साथ फरार हो जाएगी। पति ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट पत्नी के लापता होने के बाद पति ने मोतीगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोतीगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी और 27 वर्षीय प्रेमी पिछले दो साल से एक-दूसरे से बातचीत कर रहे थे। छह महीने पहले पति ने अपनी पत्नी के पास एक मोबाइल फोन देखा था। पूछताछ करने पर पत्नी ने बताया था कि यह फोन उसके प्रेमी ने बात करने के लिए दिया था। इस घटना के बाद मायके वालों को जानकारी दी गई थी और एक पंचायत भी हुई थी। पंचायत में 40 वर्षीय महिला ने भविष्य में प्रेमी से बात न करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, इसके बावजूद वह अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। बड़े बेटे की उम्र 17 साल, बेटी की उम्र 14 साल, तीसरे बेटे की उम्र 8 साल, चौथी बेटी की 4 साल और पांचवें नंबर की बेटी की उम्र 2 साल है। 2 साल के अपने बेटे को लेकर के मायके आई हुई थी उसे भी मायके छोड़कर चली गई। महिला घर से बाजार जाने का बहाना करके निकली थी, लेकिन उसके बाद लौटकर के अभी तक नहीं आई। मां के गायब होने से बच्चे भी काफी परेशान हैं। वह भी बार-बार अपनी मां को लेकर के परेशान है अब पिता अपने बच्चों को जवाब नहीं दे पा रहा है। मोतीगंज थाना अध्यक्ष प्रशिक्षु आईपीएस प्रदीप कुमार ने बताया कि पति ने तहरीर दिया है कि उसकी पत्नी उसके घर से मायके आई हुई थी और यहां से वह किसी के साथ चली गई है। पति के तहरीर पर तत्काल पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए गायब होने को लेकर के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पुलिसकर्मी का ट्रक चालक से अवैध वसूली का वीडियो वायरल

**टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी के पास की घटना, एसपी के निर्देश पर केस दर्ज**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** एक ट्रक चालक से अवैध वसूली का वीडियो सामने आया है। देहात कोतवाली इलाके के टिकोरा मोड़ पर एक वर्दीधारी द्वारा ट्रक चालक से पैसे लेते हुए वीडियो बुधवार को सामने आया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अज्ञात पुलिसकर्मी के खिलाफ अवैध वसूली का मामला दर्ज किया गया है। यह घटना देहात कोतवाली के टिकोरा मोड़ पुलिस चौकी के पास हुई। वीडियो में एक वर्दीधारी व्यक्ति ट्रक चालक से कथित तौर पर पैसे वसूलता दिख रहा है। किसी व्यक्ति ने इस घटना का वीडियो बना लिया था, जो बाद में सोशल मीडिया पर सामने आया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद चौकी इंचार्ज ने अज्ञात पुलिसकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस अब वीडियो में दिख रहे वर्दीधारी की पहचान करने में जुटी है और वसूली करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।

## एसडीएम मोनालिसा की सराहनीय पहल: सेवानिवृत्त होमगार्ड को दी अनोखी भावपूर्ण और यादगार विदाई

- सम्मान पाकर भावुक हुआ होमगार्ड, बोला यह पल अविस्मरणीय
- तहसील परिसर में दिखा अपनत्व और गरिमा का संगम



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा तहसील में बुधवार को प्रशासनिक संवेदनशीलता, मानवीयता और आत्मीयता का एक बेहद भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब एसडीएम मोनालिसा ने सुरक्षा में तैनात एक होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर उस पूरे सम्मान, गरिमा और स्नेह के साथ विदाई दी। आमतौर पर सेवानिवृत्ति एक औपचारिक प्रक्रिया बनकर रह जाती है, लेकिन तहसील नानपारा में पहली बार इस अवसर को एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने एक यादगार और दिल छू लेने वाले समारोह में बदल दिया जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। तहसील परिसर में आयोजित इस विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक गरिमामय बना दिया। समारोह के दौरान एसडीएम मोनालिसा ने सेवानिवृत्त होमगार्ड के सेवाकाल को याद करते हुए उनके समर्पण, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की खुलकर सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कर्मचारी की सेवा केवल उसकी ड्यूटी तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह अपने कार्यों के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक छाप छोड़ता है। सम्मान के इस पल में जब सेवानिवृत्त होमगार्ड को शॉल, स्मृति चिन्ह और पुष्प देकर सम्मानित किया गया तो उसकी आंखें नम हो गईं। भावुक होते हुए उसने एसडीएम मोनालिसा के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उसने अपने पूरे सेवाकाल में इस तरह के सम्मान की कभी कल्पना नहीं की थी। उसने कहा कि यह पल उसके जीवन का सबसे अनमोल और अविस्मरणीय क्षण रहेगा, जिसे वह जीवनभर संजोकर रखेगा। इस पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि नेतृत्व संवेदनशील और मानवीय हो तो प्रशासन केवल नियमों तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह लोगों के दिलों से भी जुड़ जाता है। एसडीएम मोनालिसा की यह पहल न केवल एक कर्मचारी की गरिमामय विदाई का उदाहरण बनी बल्कि इसने प्रशासन और कर्मचारियों के बीच आपसी सम्मान, विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती प्रदान की। उनकी यह कार्यशैली यह संदेश देती है कि उच्च पद पर रहते हुए भी मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सकती है।इस सराहनीय पहल की तहसील परिसर में मौजूद सभी लोगों ने मुक्तकंठ से एसडीएम की प्रशंसा की और इसे प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक उत्कृष्ट मिसाल बताया।

# नंबर प्लेट छिपाकर चल रहे वाहनों के विरुद्ध पुलिस का विशेष अभियान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद गोण्डा में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान विशेष रूप से उन वाहनों (ट्रक, डंपर आदि) के विरुद्ध संचालित किया गया जो अपनी नंबर प्लेट को छिपाकर अथवा अस्पष्ट कर अवैध रूप से संचालित हो रहे थे, जिससे उनकी पहचान करना कठिन हो जाता है और दुर्घटना अथवा आपराधिक घटनाओं में उनकी संलिप्तता का पता लगाने में बाधा उत्पन्न होती है।उक्त अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाकर तथा संदिग्ध वाहनों को रोककर गहन जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 1811 ट्रक/डंपर वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 446 वाहनों में नंबर प्लेट संबंधी अनियमितताएं एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 10,91,600 (दस लाख इक्यानवे हजार छह सौ रुपये) का शमन शुल्क वसूल किया गया। वहीं, गंभीर अनियमितताओं वाले 26 वाहनों को सीज करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा समस्त वाहन मालिको/चालकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों पर निर्धारित मानकों के अनुसार स्पष्ट एवं सही नंबर प्लेट का उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। जनपद पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर चलाया जाएगा, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।


# मदरलैंड पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**बलरामपुर।** मदरलैंड पब्लिक स्कूल शंकरपुर विशुनीपुर फुलवरिया बाईपास बलरामपुर में कल वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू भैया ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम जी, कैलाश नाथ शुक्ला जी विधायक तुलसीपुर, एवं बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह जी रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजली मिश्रा जी, पूर्व विधायक जगराम पासवान जी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शाबान अली जी, शेरावाली शुक्ला जी, सभासद संजय मिश्रा जी, मनोज यादव जी, राघवेंद्रकांत सिंह जी, रविंद्र गुप्ता कमलापुरी जी, झूमा सिंह जी, आद्या सिंह जी, ललिता तिवारी जी, अनन्य गौरव मिश्रा जी, वित्तविहीन प्रभाव विद्यालय प्रबंधक संघ के राजकुमार जायसवाल जी, जे.एस.पी मिश्रा जी, अविनाश पांडे जी एवं कई विद्यालय के प्रबंधक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े ही मनमोहक नृत्य और नाटक का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई उसके बाद लूंगी डांस, छोटा बच्चा जान के, ओम साइ राम, ना मांगे सोना चांदी, बांसुरी कृष्ण की बजेगी, आल इज वेल, कव्वाली, रंगीलो मारो ढोलना, मेरी गाड़ी मेरा बंगला और शुभ दिन आयो रे आदि गानों पर बच्चों ने बड़ी मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बागवान और अंग्रेजी नाटक ट्रैफिक रूल्स के द्वारा समाज को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव का नाटक भी लोगों ने बहुत ही सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें कक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने वाले छात्रों कक्षा नर्सरी में नमो दुबे, कक्षा एलकेजी में गुनगुन, कक्षा यूकेजी में तरंग वर्मा, कक्षा 1 में निशा, कक्षा 2 में रुद्र मिश्रा, कक्षा 3 में आर्यन खान, कक्षा 4 में नैना यादव, कक्षा 5 में गोविंद कुमार, कक्षा 6 में यशवी गौरव, कक्षा 7 में वैष्णवी वर्मा तथा कक्षा आठ में आभा को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार स्वर्गीय सुरेश कुमार कश्यप स्मारक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय में सबसे ज्यादा अंक पाने वाले छात्रों सरस वर्मा, रुद्र मिश्रा एवं खुशी मिश्रा को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल में सबसे ज्यादा अंक पाने वाले प्री प्राइमरी सेक्शन में तरंग वर्मा, गुनगुन एवं अन्वेष तथा प्राइमरी सेक्शन में निशा, रुद्र मिश्रा, अदिति और जूनियर सेक्शन में आभा , यशवी गौरव, पुनीत गौरव और सत्यम मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# गैस एजेंसी और उज्जवला कनेक्शन का खेल

- ना कोटेदार ने ना रोजगार सेवक ने आधार दिया, फिर भी बन गया उज्जवला गैस कनेक्शन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** इमलिया नगवा के निवासी कृष्ण प्रताप सिंह ने 28 जनवरी 2026 को जिला पूर्ति अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह को एक शिकायती पत्र दिया जिसमें बताया गया कि प्राथी कृष्ण प्रताप सिंह के नाम से सूर्या गैस एजेन्नरी भारत गैस का कनेक्शन है, जिसका नम्बर- 4132 1131 है। प्रार्थी को सूर्या गैस एजेन्सी के द्वारा फोन आया कि रन्जू सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह के नाम से उज्ज्वला गैस कनेक्शन है जो आप दोनों के नाम से है । ऐसी स्थिति में एक कनेक्शन निरत्त्त करा लें, जबकि प्रार्थी की पत्नी के नाम से गैस कनेक्शन इण्डियन गैस एजेन्सी, डुमरियाडीह से दशांया गया है। प्रार्थी ने कोई कनेक्शन नहीं लिया है। प्रार्थी ने फोन से एजेन्सी पर पता किया कि रन्जू सिंह के नाम से जो कनेक्शन किया है. मैंने आपसे कोई कनेक्शन नहीं ले रखा है। ऐसी स्थिति में मेरा कनेक्शन कैसे हो गया, उत्सने मताया कि आधारकार्ड रोजगार सेवक से या कोटेदार से लेकर कर लिया जाता है. जबकि मेरे गाँव के रोजगार सेवक कोटेदार ने नम्बर नहीं दिया है। ऐसे में मेरी पत्नी के नाम कनेशन कैसे कर लिया गया है। अतः आपसे निवेदन है कि रन्जू सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह के नाम से जो उज्ज्वला कनेक्शन है उसे निरस्त कराने की कृपा करें एवं गलत कनेक्शन करने पर उचित कार्यवाही करें एवं कनेक्शन निरस्त कराकर मुझे उचित सूचना देने की कृपा करें। पड़ेगी छेद का विषय है आज लगभग 2 माह बीतने के बाद भी उक्त गैस की किताब को निरस्त नहीं किया गया जो फर्जी तरीके से एजेंसी वालों की तरफ से बना लिया गया किस कारण कृष्ण प्रताप सिंह के घर का चूल्हा नहीं जल का रहा है उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को साफ शब्दों में लिखकर दिया है की फर्जी चल रहे कनेक्शन को निरस्त कराकर हमारे कनेक्शन को चालू करने की कृपा करें।

## पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारों का दौर खत्म, अब स्थिति सामान्य

**उतरौला (बलरामपुर)।** पिछले कुछ दिनों में नगर क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी-लंबी कतारों ने आमजन को असमंजस की स्थिति में डाल दिया था। अचानक बढ़ी भीड़ और अफवाहों के चलते लोगों में यह डर बैठ गया था कि कहीं पेट्रोल-डीजल की किल्लत तो नहीं हो गई है या कीमतों में भारी वृद्धि होने वाली है। हालांकि, ताजा स्थिति में यह स्पष्ट हो गया है कि यह स्थिति अस्थायी थी और अब हालात पूरी तरह सामान्य होते नजर आ रहे हैं। वर्तमान में पेट्रोल पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और न ही किसी प्रकार की कमी की स्थिति है। उपभोक्ता अब आसानी से बिना इंतजार के पेट्रोल और डीजल प्राप्त कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### अमित कुमार आनंद बने डीसीपी साउथ, दीक्षा शर्मा को मिली पूर्वी जोन की जिम्मेदारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले के तहत आईपीएस अमित कुमार आनंद को डीसीपी साउथ की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि आईपीएस दीक्षा शर्मा को डीसीपी पूर्वी बनाया गया है। 2016 बैच के आईपीएस अमित कुमार आनंद इससे पहले अमरोहा में एसपी के पद पर तैनात थे। अब उन्हें राजधानी के महत्वपूर्ण दक्षिणी जोन की कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं 2017 बैच की आईपीएस दीक्षा शर्मा जो अब तक हमीरपुर में एसपी के रूप में कार्यरत थीं, को लखनऊ के पूर्वी जोन का प्रभार सौंपा गया है। दोनों अधिकारियों की तैनाती कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### 1.25 करोड़ का सोना चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के गुडम्बा थाना क्षेत्र के जानकीपुरम सेक्टर-एच में एक मकान से 1.25 करोड़ का सोना और नगदी चोरी हो गई। चोर घर की बाहरी ग्रिल और शीशा काटकर अंदर घुसे और लाखों का माल समेटकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। जानकीपुरम सेक्टर-एच में मकान संख्या 1/721 में दीपक वर्मा का परिवार के साथ रहता है। वह उत्तराखंड के बागेश्वर में एसबीआई बैंक के मैनेजर हैं। दीपक के अनुसार, वे 28 मार्च की शाम पत्नी व परिजनों के साथ बेटे की ससुराल इंदौर गए थे। 31 मार्च की सुबह करीब 8.30 बजे जब लौटे तो घर का नजारा देख सन्न रह गया। ग्रिल कटी थी, शीशा टूटा था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने बक्सों के ताले तोड़ दिए और अलमारियां खंगालीं। पीड़ित के मुताबिक, करीब 74 तोला सोने के आभूषण चोरी हुए हैं। इनमें पत्नी के करीब 40 तोला, नवविवाहित बेटी के 26 तोला और अन्य करीब 8 तोला सोने के आभूषण शामिल हैं। चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब 1.25 करोड़ रुपए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाला। उनकी बेटी की शादी भी इंदौर में हुई है।

### परिवार को बंधक बनाकर लाखों की लूटपाट, कट्टे के बल पर पांच साल की बच्ची को किया अगवा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र के माई जी का पुरवा गांव में बदमाशों ने देर रात दो घरों में लाखों के गहने और अन्य सामान पार कर दिया। घटना के दौरान बदमाशों ने परिवार को बंधक बना लिया। विरोध करने पर महिला के सिर पर कट्टा तान दिया। भागते समय 5 साल की मासूम बच्ची को भी उठाकर ले गए। ग्रामीणों के पीछा करने पर कुछ दूर पर छोड़कर फरार हो गए।गांव निवासी राजपाल रावत और आशीष यादव के घर को निशाना बनाते हुए बदमाश छत के रास्ते अंदर घुसे। दोनों घरों में घुसकर नकदी और जेवरात समेत कीमती सामान पार कर दिया। पीड़ित आशीष यादव की पत्नी नीतू ने बताया कि रात में 4 बदमाश घर में घुसे थे। उन्होंने पहले घर के दरवाजे बंद कर दिए, फिर 3 बदमाश कमरे में आ गए। बेड के पीछे रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे गहने निकालने लगे। आहट होने पर जब परिवार जागा तो एक बदमाश ने कट्टा तानकर सबको चुप रहने की धमकी दी। बदमाशों ने पूरा सामान समेट लिया और जब भागने लगे तो उनकी 5 साल की बेटी काव्या को भी उठा लिया। परिवार के शोर मचाने और ग्रामीणों के पीछा करने पर बदमाश बच्ची को कुछ दूरी पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### केजीएमयू में कर्मचारी ने मरीज को पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में बुधवार को विवाद हो गया। यह विवाद पार्किंग में डॉक्टर से हुआ है, आरोप है कि वहां मौजूद कर्मचारियों ने मरीज को पीट दिया। इसके बाद मरीज की तरफसे भी कई गाड़ियों से लोग पहुंचे और हंगामा खड़ा हो गया। हालांकि बाद में सीनियर डॉक्टरों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। दरअसल, पूरा मामला आर्थोपेडिक विभाग से जुड़ा हुआ हैं। यहां ओपीडी में एक युवक डॉ. शांतनु के पास इलाज के लिए आया था। डॉक्टर से सलाह लेने के बाद युवक पार्किंग में पहुंचा। इसी बीच विभाग के एक डॉक्टर भी ट्रामा सेंटर जाने के लिए पार्किंग में पहुंच गये। किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। आरोप है कि इसी के बाद वहां कुछ कर्मचारी भी पहुंच गये। जिन्होंने मरीज को पीट दिया। मरीज की पिटाई से वहां हंगामा खड़ा हो गया। देखते ही देखते मरीज की तरफ से वहां कई गाड़ियां भी पहुंची, जिसमें युवक सवार थे। मामला बढ़ता देख जिम्मेदार अधिकारियों ने मोर्चा संभाला, तब जाकर विवाद थमा है। डॉ. शांतनु ने बताया कि वह मरीज फॉलोअप के लिए मेरे पास आया था। वहां से निकलने के बाद विवाद हुआ है। मरीज यदि लिखित शिकायत करता है तो जांच कर हाथापायी करने वाले आरोपित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत के बाद हजरतगंज थाने पहुंचीं नेहा सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकगायिका नेहा सिंह राठौर सुप्रीम कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत के बाद बुधवार को लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं। पहलगाम आतंकी हमले और प्रधानमंत्री पर टिप्पणी से जुड़े मामले में वह कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए बेल बॉन्ड भरने पहुंचीं। उनके साथ आए पति हिमांशु ने बताया कि थाने में एसएचओ के मौजूद न होने के कारण प्रक्रिया तत्काल पूरी नहीं हो सकी, जिससे उन्हें कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा। नेहा सिंह राठौर को 10 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी। शीर्ष अदालत की जस्टिस जे.के. महेश्वरी और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने उन्हें राहत देते हुए यह माना कि वह जांच एजेंसियों के सामने पेश हो चुकी हैं और अपना बयान दर्ज करा चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण देते हुए आगे भी जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जहां 7 जनवरी को उन्हें अंतरिम राहत मिली। 10 मार्च को अग्रिम जमानत प्रदान की गई। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि नेहा सिंह राठौर को जांच में लगातार सहयोग करना होगा। फिलहाल, पुलिस और जांच एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हैं। आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। लखनऊ पुलिस के मुताबिक, 12 मई को नेहा सिंह राठौर के गाने चौकीदरवा कायर बा... बेटियां किसानन खातिर बनल जनरल डायर बा... पर विवाद छिड़ा। आरोप लगा कि नेहा ने पीएम नरेंद्र मोदी को जनरल डायर कहा है। हिंदू संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने 20 मई को नेहा सिंह राठौर के खिलाफवाराणसी कमिश्नरेट के 3 जोन के 15 थानों में 500 से ज्यादा शिकायतें दीं। अकेले लंका थाने में ही 318 शिकायतें आईं।

### कुछ ऐसे तत्व हैं जो धर्म का सहारा लेकर मासूम जनता को गुमराह करते हैं : आफाक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के कन्वीनर मोहम्मद आफाक ने जारी एक बयान में कहा कि हमारे देश में कुछ तथाकथित धार्मिक नेता अपनी व्यक्तिगत पहचान और राजनीतिक दलों के नेताओं के सामने अपना प्रभाव जमाने के लिए जनता के मुद्दों को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्व धर्म का सहारा लेकर मासूम जनता को गुमराह करते हैं, जिससे न सिर्फसामाजिक सद्भाव प्रभावित होता है बल्कि जनता के वास्तविक मुद्दे भी हल नहीं हो पाते।मोहम्मद आफाक ने आगे कहा कि धर्म इंसानियत, भाईचारे और सच्चाई का संदेश देता है, लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए धर्म का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता को चाहिए कि ऐसे स्वार्थी और अवसरवादी धार्मिक नेताओं की बातों में न आएं और सच-झूठ में फर्क समझें।उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे जागरूक बनें, शिक्षा और तथ्यों के आधार पर अपने फैसले करें और ऐसे लोगों से दूर रहें जो समाज में नफरत और विभाजन फैलाने का काम कर रहे हैं। अंत में उन्होंने कहा कि देश की तरक्की और खुशहाली इसी में है कि हम सब मिलकर भाईचारे, शांति और एकता को बढ़ावा दें और हर उस ताकत का मुकाबला करें जो हमें बांटने की कोशिश करती है।

# फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें किसान : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



### किसानों से संवाद बनाएं, फसलों के नुकसान का आकलन कर समयबद्ध ढंग से दिलाएं मुआवजा : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में बुधवार को हुई बारिश से परेशान किसानों का हाल जाना। उन्होंने असमय बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम की मार झेलने वाले किसानों को परेशानी न हो, किसान हित सरकार की प्राथमिकता है। किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का आकलन कर संपूर्ण जानकारी एकत्र करें और उन्हें जल्द से जल्द राहत दिलाएं। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। सरकार हर आपदा-विपदा में प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। विगत दिनों हुई बारिश से भी किसानों की फसल प्रभावित हुई थी, इससे नुकसान होने वाली फसल का मुआवजा दिलाया जा रहा है। बुधवार को होने वाली बारिश के कारण भी फसल को जो नुकसान हुआ है, उसका भी जल्द से जल्द आकलन करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और सुनिश्चित करें कि किसानों को कोई परेशानी न हो।मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव कृषि व राहत आयुक्त से कहा कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें और समन्वय बनाएं। फसलों को हुई क्षति का आकलन प्राप्त होते ही मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। भुगतान व्यवस्था समयबद्ध ढंग से हो ताकि मौसम की मार से प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

- एकीकृत डिजिटल प्रणाली से मिलेगा योजनाओं का लाभ
- फार्मर रजिस्ट्री के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए ताकि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है, जिससे किसान को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त हो सके। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाया जाए, जिससे योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए और पात्रता का सत्यापन सुगम हो सके।

कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 1 मई तक क्रियाशील बनाया जाए। लाभार्थियों के चयन और लाभ वितरण की प्रक्रिया को डिजिटल एवं एकीकृत रूप में संचालित किया जा सकेगा।

उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग अपनी योजनाओं में किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई तक तैयारियां पूरी कर लें ताकि विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके।

फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी। इससे संसाधनों का लक्षित उपयोग संभव होगा तथा विशेष परिस्थितियों में आवश्यक कृषि इनपुट का वितरण अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। इस व्यवस्था के लागू होने से योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से किसानों तक पहुंचेगा और एक ही लाभार्थी को बार-बार लाभ मिलने की स्थिति की समीक्षा भी सहज रूप से की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने विभागों को निर्देशित किया कि इसे गंभीरता से लेते हुए समयसीमा के भीतर पूर्ण करें और नियमित निगरानी करें।

## चिराग से मिले केशव ने की खाद्य प्रसंस्करण में यूपी की उपलब्धियों पर चर्चा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- खाद्य प्रसंस्करण ढांचे की मजबूती के लिए हर संभव सहायता करेगी केन्द्र सरकार : पासवान



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज नई दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की।

दोनों नेताओं के बीच उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास और किसानों की आय दोगुनी करने से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के सफल क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। ऋण स्वीकृति और वितरण के मामले में उत्तर प्रदेश वर्तमान में पूरे देश में अग्रणी प्रथम स्थान पर है।

खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, तकनीकी अपग्रेडेशन और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत संवाद हुआ।श्री मौर्य ने उत्तर प्रदेश की विशाल कृषि क्षमता को देखते हुए विभाग से जुड़ी योजनाओं और अतिरिक्त संसाधनों के आवंटन के लिए केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

उन्होंने प्रदेश के लघु उद्यमियों और किसानों के हित में विशेष रियायतों और नई परियोजनाओं को मंजूरी देने का अनुरोध किया। चिराग पासवान ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। उत्तर प्रदेश देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और यहां की नीतियां निवेश को आकर्षित करने में सफल रही हैं।

चिराग पासवान ने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की पुनः सराहना करते हुए कहा कि पीएमएफएमई योजना में यूपी का प्रदर्शन अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल है। उन्होंने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी।राज्य में सूक्ष्म उद्यमी तेजी से सशक्त हो रहे हैं। केंद्र सरकार यूपी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ से बलिया जाते समय गाजीपुर के महड़ौर मार्ग पर विद्युत व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे और आबादी वाले क्षेत्रों में लटके एवं अव्यवस्थित विद्युत तारों को देख नाराजगी व्यक्त की और इसे आमजन की सुरक्षा के साथ गंभीर लापरवाही बताया। श्री शर्मा ने मौके पर ही गाड़ी रुकवाकर स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि कई स्थानों पर विद्युत तार अत्यंत नीचे झूल रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से फोन पर बात कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लटके, जर्जर एवं अव्यवस्थित तारों को तत्काल ठीक कराया जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो, इसके लिए नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए।

## सहकारिता की संस्थाओं में पांच हजार पदों पर भर्ती जल्द

- एम-पैक्स में 20 हजार पदों पर जिला स्तरीय चयन समिति करेगी भर्तियां



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सहकारिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा मंडल को सभी खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। लंबे इंतजार के बाद सहकारिता विभाग की संस्थाओं में खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अगले छह महीनों में सहकारिता की मुख्य संस्थाओं के साथ ही मल्टीपर्पस प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी (एम-पैक्स) कमेटियों में करीब 20 हजार पदों पर भर्तियां की जाएंगी। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा मंडल को छह महीने के अंदर सभी खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सेवा मंडल ने अभी जिला सहकारी बैंकों में प्रबंधक, कनिष्ठ प्रबंधक, सहायक असिस्टेंट, सहायक के साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड में सहायक अभियंता (सिविल) के कुल 116 पदों पर भर्ती के लिए प्रदेश के अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। इन पदों के लिए अभ्यर्थी 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। सेवा मंडल अध्यक्ष के मुताबिक सहकारिता की शीर्ष संस्थाओं-उत्तर प्रदेश स्टेट कोआपरेटिव बैंक लि., उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक लि., 50 जिला सहकारी बैंक, उ.प्र. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., उ.प्र. उपभोक्ता सहकारी संघ, उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. तथा उ.प्र. राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि. में 2500 से ज्यादा पदों पर भर्ती के लिए जल्द ही आवेदन मांगे जाएंगे। इसकी तैयारी कर ली गई है। सहकारिता की शीर्ष संस्थाओं में करीब 5000 पद खाली हैं। इनमें से जिला सहकारी बैंकों में ही 1751 पद खाली हैं। एम पैक्स में सचिव के लगभग 5000 तथा लेखाकार के 3000 पदों पर भर्तियां की जाएंगी।

एम-पैक्स पर ही 5000 से ज्यादा कंप्यूटर सहायक आउटसोर्स के माध्यम से रखे जाएंगे। जिन एम-पैक्स में चौकीदार नहीं हैं, वहां चौकीदारों की भर्ती भी की जाएगी। एम-पैक्स की भर्तियां जिला स्तर पर गठित चयन समिति करेगी।

## विदेशी निधि पर भाजपा के रुख में गंभीर विरोधाभास : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- विदेशी निधियों को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर उठाए सवाल, एफसीआरए संशोधन को नियंत्रण की बताया रणनीति



विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कथित विदेशी निधियों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर सवाल उठाया और उस पर कानून के माध्यम से गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को नियंत्रित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक लंबे पोस्ट में यादव ने कहा कि विदेशी निधि पर भाजपा के रुख में गंभीर विरोधाभास था। उन्होंने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 लाने से पहले स्पष्टता की मांग की। उन्होंने कहा, जो पैसा विदेशों से पीएम केयर्स फंड में आया था वो लौटाया जाएगा या उसको भी ऑडिट की तरह विशेष छूट देकर गटक लिया जाएगा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर भी सवाल उठाए जिन्हें उच्चतम न्यायालय ने पहले ही रद्द कर दिया था। उन्होंने पूछा, जो पैसा इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से आया था उसे भाजपा कब लौटाएगी। जब इलेक्टोरल बॉण्ड ही अवैध घोषित हो गये हैं तो उससे मिला पैसा कैसे वैध है। यादव ने पूछा कि जो पैसा गैर पंजीकृत एनजीओ के खातों में आता है उसका क्या होगा। कहीं ये उसी की विदेशी जड़ें काटने की आपसी लड़ाई तो नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, तथाकथित धर्मार्थ उगाहे गये, मंदिर निर्माण के नाम पर बटोरे गए उस चंदे का हिसाब कौन देगा, जो भाजपा से संबद्ध संगी-साथी मुखौटा संगठनों मतलब परिषद, वाहिनी आदि ने हड़प लिए। उसमें भी विदेशों से अथाह पैसा आया था। इनसे जुड़े सभी पदाधिकारियों के खातों और संपत्तियों से वसूली की जाए। भाजपा पर तानाशाही दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लगाते हुए लोकसभा सदस्य ने कहा कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य स्वतंत्र संगठनों को सरकार के नियंत्रण में लाना है। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता ने कहा, दरअसल ये भाजपाई राजनीति की अलोकतांत्रिक, अति नियंत्रणवादी एकाधिकारी सोच के हैं जो गैर सरकारी संगठनों पर अवांछित नियंत्रण करके, उन्हें अपनी कठपुतली बनाना चाहती है और इसके बहाने धीरे-धीरे उनकी संपत्ति को ही हड़प लेना चाहती है।

## सोनभद्र माइनिंग लीज पर आक्शन किये जाने के लिए सौंपी गई रिपोर्ट

- अयस्क के खनन से राज्य सरकार को प्राप्त होगा राजस्व

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ द्वारा अन्वेषित लौह अयस्क के ब्लाक-डी जनपद सोनभद्र माइनिंग लीज पर आक्शन किये जाने के लिए भूवैज्ञानिक रिपोर्ट सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश शासन को सौंपी गयी।

इस ब्लाक में लौह अयस्क का भण्डार 3.02 मिलियन टन आंकलित है जिसमें लौह की मात्रा औसतन 39.73 प्रतिशत, जिसका व्यवसायिक दृष्टिकोण से 35 प्रतिशत लौह का कट ऑफ ग्रेड पर आंकलित किया गया है। इस ब्लाक के आक्शन की कार्यवाही के फलस्वरूप लौह अयस्क के खनन से राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त जनपद सोनभद्र में खनन आधारित रोजगार भी प्राप्त होगा।

इस अवसर पर वी पी गौड़, उपमहानिदेशक, हेमंत कुमार, निदेशक, पुष्पेश नारायण, निदेशक भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र लखनऊ साथ में निदेशालय की तरफ से संयुक्त निदेशक राजेश कुमार सिंह एवं एस एन पटेल, भूवैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### नगर निगम का 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' 10 अप्रैल को होगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ नगर निगम द्वारा शहरवासियों को दी जा रही विभिन्न नागरिक सेवाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित किया जाने वाला 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' इस बार निर्धारित तिथि पर नहीं होगा। नगर निगम प्रशासन ने जानकारी दी है कि अप्रैल माह के प्रथम शुक्रवार को पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश के कारण इस कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन किया गया है। नगर निगम की ओर से प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया जाता है।

यह कार्यक्रम नगर निगम मुख्यालय, लालबाग में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 01 बजे तक आयोजित होता है। इसमें नागरिक अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखकर समाधान प्राप्त करते हैं। नगर निगम के अनुसार, माह अप्रैल 2026 के प्रथम शुक्रवार यानी 3 अप्रैल को 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस कारण निर्धारित तिथि पर कार्यक्रम का आयोजन संभव नहीं हो सकेगा। नगर आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में अब यह कार्यक्रम आगामी 10 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस समाधान दिवस में मुख्य रूप से गृहकर निर्धारण, जीआईएस सर्वे से संबंधित शिकायतें, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य नगर निगम सेवाओं से जुड़े मुद्दों का निस्तारण किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। नगर निगम प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे 10 अप्रैल को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करें। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर इस पहल का लाभ उठाएं, जिससे उनकी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान हो सके।

**तैयारी** | लखनऊ को मिलेगा शौर्य व तकनीक का नया केंद्र

# देशभक्ति व पर्यटन का नया प्रतीक बनेगा नौसेना शौर्य संग्रहालय : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के आईटी सिटी क्षेत्र में बन रहे नौसेना शौर्य संग्रहालय का निर्माण कार्य करीब 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है और अब यह परियोजना भारतीय नौसेना की ताकत और गौरव का जीवंत प्रतीक बनती नजर आ रही है। जहाज के आकार में तैयार हो रहा संग्रहालय नौसैनिक वास्तुकला, पोर्थोल स्टाइल खिड़कियों, जहाज की रेलिंग और नौ सेना उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है।

परिसर में 'नौसेना शौर्य वाटिका' विशेष आकर्षण के रूप में विकसित की जा रही है, जहां ऐतिहासिक टीयू-142एम विमान और सी किंग एसके-42बी हेलीकॉप्टर स्थापित किए जा रहे हैं। आईएनएस गोमती से जुड़े मिसाइल, टारपीडो, गन और पनडुब्बी रोधी उपकरण भी यहां पहुंच चुके हैं। निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही संग्रहालय प्रदेशवासियों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनकर तैयार होगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ में बन रहा नौसेना शौर्य संग्रहालय प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता, त्याग और समुद्री शक्ति का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आएगा। इसे जहाज के स्वरूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले लोगों को एक वास्तविक नौसैनिक अनुभव मिल सके। हमारा प्रयास है कि यह



संग्रहालय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ नई पीढ़ी को देशभक्ति और सैनिकों के बलिदान से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बने।

संग्रहालय में आधुनिक तकनीक के जरिए नौसेना के युद्धक इतिहास, रणनीतियों और प्रमुख अभियानों पुलवामा के बाद की सैन्य कार्रवाई और ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाई जाएगी। इसे इंटरएक्टिव बनाने के लिए एयरक्राफ्ट कैरियर लैंडिंग और वॉरशिप सिम्युलेटर, 7डी थिएटर, सबमर्ज्ड द्वारका मॉडल, डिजिटल वॉटर स्क्रीन शो, मरीन लाइफएक्वेरियम और 'ड्रेस लाइक योर हीरोज' जैसी गतिविधियां भी जोड़ी जाएंगी। सैनिकों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करता हुआ एक विशेष 'स्मृति उद्यान' भी विकसित किया जा रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस उद्यान को शांत और सार्थक स्मरण स्थल के रूप में तैयार किया जा रहा है, जहां आगंतुक देश की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को सम्मानपूर्वक याद कर सकेंगे।

अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को समृद्ध किया जा है, लखनऊ स्थित इकाना स्टेडियम के पास सीजी सिटी में बन रहा यह संग्रहालय उसी श्रृंखला में एक नया और महत्वपूर्ण आकर्षण बनकर उभरेगा।

उन्होंने कहा कि, नौसेना शौर्य संग्रहालय का करीब 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।इसे आधुनिक व इंटरएक्टिव तरीके से विकसित किया जा रहा है। यहां टीयू-142एम विमान, सी किंग हेलीकॉप्टर सहित कई अहम नौसैनिक उपकरण प्रदर्शित किए जाएंगे। सिम्युलेटर, 7डी थिएटर और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए आगंतुकों को नौसेना के इतिहास और अभियानों का वास्तविक अनुभव मिलेगा।

## हाथ जोड़कर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक प्रदर्शनकारियों के पास पहुंचे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में सवर्ण मोर्चा ने यूजीसी के नए नियमों के विरोध में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास पर बुधवार को शंख बजाकर,01 अप्रैल 2026 (यूएनएस)। प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने इसे काला कानून बताते हुए नारेबाजी की। शंखध्वनि और नारेबाजी के बीच डिप्टी सीएम हाथ जोडे पहुंचे। प्रदर्शनकारियों के पास पहुंचते ही वे कमर तक झुकते हुए हाथ जोड़कर अभिवादन करने लगे। जवाब में सबने उसी तरह प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं कमरे का दरवाजा खोला और सभी को अंदर ले गए। मोर्चा के पदाधिकारियों ने पूछा कि यूजीसी के नए नियम क्यों लाए जा रहे हैं। इस पर डिप्टी सीएम



ने कहा कि वे खुद सामान्य वर्ग से आते हैं और अपने वर्ग के किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आवास के अंदर बैठाकर काफी देर तक बातचीत की, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया। बैठक से बाहर आने पर सवर्ण मोर्चा के संयोजक संदीप सिंह, प्रवक्ता पंडित अभिनव नाथ त्रिपाठी और बसंत सिंह बघेल ने बताया कि 50 से अधिक लोगों ने डिप्टी सीएम से मुलाकात की है।

## खबरें एक नजर में

### सिलेंडर से लगी आग, किशोरी सहित तीन लोग झुलसे



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के मरुआझाला गांव में मंगलवार दोपहर खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के पाइप में रिसाव से आग लग गई। इस हादसे में एक किशोरी, उसके पिता और छोटा भाई गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी दिनेश की 15 वर्षीय बेटी मोहिनी गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी। तभी अचानक पाइप लीक होने से आग भड़क उठी। आग की चपेट में आने से मोहिनी का चेहरा, हाथ और पैर बुरी तरह झुलस गए। मोहिनी की चीख सुनकर उसके पिता दिनेश और 10 वर्षीय भाई छोटू उसे बचाने पहुंचे। इस दौरान वे तीनों भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस के ईएमटी रवि नंदन ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### पुलिस ने पारिवारिक विवाद निपटाया




**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत मंगलवार दोपहर थाना पुलिस ने एक पारिवारिक विवाद का निपटारा करते हुए समझौता करवाया। कस्बे के मजरा धीमरपुरा निवासी गोकरन ने पुलिस में परिजनों के खिलाफ मारपीट की शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद, पुलिस टीम ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग की।और दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक रोहिताश कुमार, उपनिरीक्षक मोनिका तेवतिया, महिला कांस्टेबल आरती, रचना और कांस्टेबल रोहित रावत मौजूद रहें।

### भारत गैस एजेंसी पर गैस के लिए परेशान उपभोक्ता

**पुवायां, शाहजहांपुर।** भारत की हनुमत गैस एजेंसी पर गैस के लिए उपभोक्ता बहुत परेशान हो रहे है एक सप्ताह बाद गैस के सप्लाई आई है तो उपभोक्ताओं को मिलना मुश्किल हो रही है। कई उपभोक्ताओं ने एजेंसी स्वामी पर गैस को ब्लैक करने का आरोप लगाया। बुधवार को सुबह गैस एजेंसी पर जब उपभोक्ता सिलेंडर लेकर गैस लेने पहुंचे तो एजेंसी स्वामी ने दुकान अंदर से बंद कर ली जिसके बाद उपभोक्ताओं ने हंगामा किया तो मोबाइल पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मोबाइल पुलिस के कहने पर भी एजेंसी स्वामी ने दुकान के शटर नहीं खोले तो बाद पुलिस भी खानापूर्ति करके वापस चले आए उपभोक्ता में काफी रोष था उपभोक्ताओं ने उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन किसी भी अधिकारी ने कोई सुनवाई नहीं की, कई उपभोक्ताओं को केवाईसी का बहाना बनाकर वापस कर दिया गया। गांव मुडिया कुर्मियां के गिरीश पांडेय बीमारी हालत में एजेंसी पर सिलेंडर लेने आए थे जिनको पहले केवाईसी का बहाना बताया गया जब वह केवाईसी करने को कहने लगे तो सर्वर डाउन होने का बहाना बताकर वापस कर दिया, गिरीश पांडेय ने बताया कि उन्होंने सप्लाई इंस्पेक्टर से शिकायत भी की जिसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं की गई।

### नवाचार शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा



**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय शोध के क्षेत्र में जनपद का मान बढ़ाया है। डा. श्रीवास्तव को उनके द्वारा विकसित एआई आधारित स्टैटिस्टिकल डाटा एनालिसिस किट डिवाइस के डिज़ाइन के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा आधिकारिक प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि उन्होंने अपने सह-आविष्कारकों के साथ संयुक्त रूप से हासिल की है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने डा. पुनीत श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है।उन्होंने कहा कि यह नवाचार शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा।इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. फैयाज अहमद ने कहा कि शैक्षणिक जगत में इस प्रकार के तकनीकी नवाचार समय की मांग हैं। उन्होंने जोर दिया कि वाणिज्य और एआई का यह संगम भविष्य के शोधार्थियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और इससे आंकड़ों के विश्लेषण में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। डा. श्रीवास्तव ने बताया कि यह डिवाइस मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की आधुनिक तकनीक का उपयोग कर जटिल आंकड़ों का विश्लेषण करने में सक्षम है।इसके माध्यम से सांख्यिकीय डेटा को अधिक सटीकता के साथ समझा जा सकेगा, जो नीति निर्धारण और शैक्षणिक शोध में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।डा. पुनीत कुमार श्रीवास्तव 'मनीषी' वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में लंबे समय से शिक्षा और शोध कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी इस बड़ी उपलब्धि पर संपूर्ण महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से महिला बुरी तरह से झुलसी, बर्न यूनिट न होने से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से विवाहिता बुरी तरह से झुलस गई । परिवार के लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर ठठिउरा में रमेश वर्मा की पत्नी पिंकी के पहने हुए कपड़ों में बुधवार तड़के करीब चार बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई । और वह आग की लपटों से घिरी हुई अपने कमरे से बाहर निकली तो घर में कोहराम मच गया। पति रमेश एवं परिवार के लोगों ने बमुश्किल आग को बुझाया और आनन फानन में पिंकी को सीएचसी ले जाया गया। जहां बर्न यूनिट न होने के कारण डॉक्टर ने पिंकी को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक रमेश वर्मा की करीब एक वर्ष पहले फरीदपुर क्षेत्र की पिंकी से शादी हुई थी। परिजनों की माने तो मच्छर भगाने के लिए लगाई गई अगरबत्ती से किसी तरह आग लगने से यह हादसा हो गया। पिंकी के घुटनों के नीचे तक पर व मुंह के अलावा पूरा शरीर झुलस गया है। उधर कोतवाल जुगल किशोर पाल ने घटना से अभिजीत जताते हुए बताया कि यदि तहरीर मिलती है तो पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

### प्राइवेट अध्यापक की बेटी ने पास की यूनीएससी की परीक्षा




**निगोही शाहजहांपुर।** निगोही क्षेत्र के खिरिया पश्चिमी प्राइवेट अध्यापक की बेटी ने यूपीएससी की परीक्षा पास कर परिवार का नाम रोशन किया। इसके बाद क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने पहुंचकर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शभकामनाएं देकर आशीर्वाद दिया। खिरिया पश्चिमी गांव के सतेंद्र सिंह चौहान की बेटी ईला चौहान 115 वी रैंक हासिल कर नायब तहसीलदार क पद प्राप्त किया। माता रीता सिंह पिता सतेंद्र चौहान ने बताया कि हाई स्कूल तक कुलवंत सिंह इंटर कॉलेज ग्यारहवीं बारहवीं की परीक्षा सुमित्रा देवी इंटर कॉलेज निगोही स्नातक गणित परास्नातक इतिहास स्वामी सुखदेव आनंद महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की जिसके बाद दिल्ली में दृष्टि कोचिंग से तैयारी कर अप पीएसी की परीक्षा की तैयारी कर नायब तहसीलदार का पद हासिल किया है। दो बेटे बड़ा बेटा सॉफ्टवेयर इजीनियर दूसरे नंबर पर बेटी तीसरे नंबर का बेटा जिसे 12वीं की परीक्षा इस बार दी है। वहीं क्षेत्र और गांव के लोगों में खुश की लहर है सतेंद्र सिंह संघ परिवार से जुड़े हुए खंड संपर्क प्रमुख के दायित्व पर सामाजिक दृष्टि से कार्य करते हैं। संघ परिवार व क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों ने पहुंचकर बेटी की शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा, संघ परिवार से जिला प्रचारक प्रमुख राजा भईया, जिला बौद्धिक प्रमुख भूपेंद्र सिंह, विनय सिंह, अमित सिंह, सुमित, सत्यपाल एडवोकेट सैकड़ो लोगों ने मिठाई गुलदस्ता देकर आशीर्वाद दिया।

# वित्तमंत्री ने नियामतपुर को दी 1 करोड़ 41 लाख की सौगात

**उत्सव भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए वित्तमंत्री**




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम नियामतपुर में बनने जा रहे भव्य उत्सव भवन का वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के द्वारा किया गया भूमि पूजन। एक करोड़ 41 लाख की लागत से बनकर तैयार होगा उत्सव भवन। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव,सीडीओ डा. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, प्रधान अभय यादव, ब्लाक प्रमुख राजाराम वर्मा, पूर्व जिपं अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अजय प्रताप सिंह द्वारा पांच ईट रखकर उत्सव भवन बनने की नींव रखी गई। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री ने अपने विचारों के माध्यम से बताया कि वह अपने क्षेत्र में विकास को लेकर लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने इसी कड़ी में जिलों को मिले 12 उत्सव भवन में से एक नियामतपुर में उत्सव भवन बनवाने का कार्य किया है और यह श्रृंखला 12 उत्सव भवन के रूप में पूरे जिले में संपन्न होगी। मंत्री ने बताया कि उन्होंने हाल ही में टिकरी में स्पोर्ट कालेज के निर्माण के लिए भी शासन से स्वीकृति प्रदान करने के लिए अपना पूर्ण प्रयास सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया है और जल्द ही टिकरी में एक भव्य स्पोर्ट कालेज बनकर तैयार होगा। कार्यक्रम में बीडीओ भावलखेड़ा जिला पंचायत राज अधिकारी,एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, ब्लाक प्रमुख राजाराम वर्मा, अवदेश दीक्षित, प्रधान रुपेश पांडे, कड़के, प्रेमकुमार, प्रेमकुमार वर्मास विनोद, राजवीर सिंह, रामविलास यादव, महिपाल यादव, विमल ,सूरज सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### शाहजहांपुर में वित्त मंत्री ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ



**शाहजहांपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा जनप द्वारा 1 अप्रैल को स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा बच्चों के साथ गुब्बारे उड़ाकर किया गया। स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक होगा। इस अवसर पर मंत्री द्वारा एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एलईडी के माध्यम से स्कूल चलो अभियान का प्रचार प्रसार बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए एवं उत्तर प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए वैन को रवाना किया। मंत्री द्वारा नि :शुल्क पाठ पुस्तकों का वितरण भी किया गया। स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता के निर्देशन में किया गया। सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी उमेश चंद्र, सोहन शुक्ला, सतीश कनौजिया, रोहित रोहित सिंह, शेखर गुप्ता, सचिन, विनय कुमार मिश्रा, निकहत परवीन जिला स्काउट मास्टर, दपिन्दर कौर जिला गाइड कैप्टन, सुखमीत कौर शिक्षण संकुल कंपोजिट विद्यालय अटसलिया के स्काउट गाइड छात्राएं एवं हथौड़ा बुजुर्ग के छात्राएं मौजूद रहे।

### नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत

**शाहजहांपुर।** प्राथमिक विद्यालय हरनरायनपुर उर्फ़ जटैया मदनापुर में धूमधाम से स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया। नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूल चलो अभियान का प्राथमिक उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। 1 अप्रैल से शुरू होकर, यह अभियान नए शैक्षिक सत्र में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, ड्रॉपआउट बच्चों को वापस लाने, और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है।

# आशा-आंगनवाड़ी घर-घर जाकर संचारी रोगों से बचाव को जागरूक करेंगी

**मंत्री ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की रैली को दिखाई हरी झंडी**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कलेक्ट्रेट परिसर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान जनपद में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर आम जनमानस को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करेंगी। जन जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली में प्रतिभागियों द्वारा बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से 7 का वार, संचारी रोगों पर प्रहार तथा स्वास्थ्य व्यवहार अपनाना है - संचारी रोगों को हराना है जैसे संदेश दिए गए, जिससे आमजन को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। अभियान के तहत नगर निगम द्वारा कचरा उठाने वाली गाड़ियों, टीपर एवं ट्रैक्टरों को गुब्बारों एवं प्रचार सामग्री से सजाकर स्वच्छता संदेश दिया गया। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा फागिंग एवं छिड़काव का कार्य भी किया गया, जिससे मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित किया जा सके। इस कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की। इस दौरान जनपदवासियों से अपील की गई कि वे संचारी रोगों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां अपनाएं, जैसे मच्छरदानी का प्रयोग करें, घर के दरवाजों एवं खिड़कियों पर जाली लगवाएं, पानी की टंकियों को ढक कर रखें तथा बुखार या अन्य लक्षण होने पर तुरंत 108 नंबर पर कॉल करें अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की गई है, ताकि जनपद को संचारी रोगों से मुक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# निवाड़ी स्कूल में प्रवेश उत्सव पर विद्यार्थियों का स्वागत



**शाहजहांपुर।** शासन के निर्देशानुसार नए सत्र की शुरुआत की गई. वहीं, पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में प्रवेश उत्सव के दौरान भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की स्तुति से हुई। इसके साथ ही अगली कक्षा में प्रवेश करने वाले नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाध्यापिका रुफीया खान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित प्रवेश उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और विद्यालय के प्रति सकारात्मक भाव उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के प्रारंभिक मस्तिष्क विकास को बढ़ावा देती है और उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि हमारी टीम खेलकूद, संचार, नेतृत्व और वैज्ञानिक सोच जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाती है।

### छात्राओं का स्वागत किया गया



**शाहजहांपुर।** श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को नए सत्र 2026-27 में पुष्प देकर किया स्वागत। विद्यालय पहुंचकर छात्राओं के बीच उत्साह पूर्ण माहौल देखने को मिला छात्राओं का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्य ब्यूटी एवं दीपशिखा और सबा ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ब्यूटी के निर्देशन में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अध्ययन के प्रति लगन, प्रेरणा देना है जिससे छात्राएं पूर्ण मनोयोग से अध्ययन कर सकें। और नए शैक्षिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संकल्प लिया और शिक्षिकाओं को धन्यवाद कहकर आभार व्यक्त किया शिक्षिकाओं ने छात्राओं के अनुशासन एवं विद्यालय में नियमित रूप से आने के लिए जागरूक किया।

### पीड़िता का आरोप, पुलिस बना रही राजीनामा का दवाब

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव सातवां बुजुर्ग निवासी रेनू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 फरवरी को गांव के ही कुछ दबंगो ने सुबह ही मारपीट कर ओर जाति सूचक गालियां दी थी जिसको लेकर कोतवाली में तहरीर दी थी जिसके बाद पुलिस ने मेडिकल भी कराया लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण उन पर रिपोर्ट दर्ज नही की। जिसके बाद बुधवार को उन्ही लोगों ने दोबारा में मेरे साथ मारपीट हुई लेकिन आरोपियों का कहना है कि तुम मेरा कुछ नही बिगाड़ सकती हो क्योंकि कोतवाली में मेरा दबदबा है। जिसके बाद पुवायां पुलिस राजीनामा का दवाब बना रही है। लेकिन पीड़िता का कहना है कि हम किसी के दबाव में नही आएंगे ओर एसपी से जाकर मिलेंगे।

### नवीन मंडी में पेड़ की डंगाल फटने से चार घायल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नवीन गल्ला मंडी परिसर में विशालकाय पेड़ की अचानक डंगाल फट जाने से हड़कंप मंच गया। दुर्घटना में पल्लेदारों समेंत चार घायल हो गए । मंगलवार रात नवीन गल्ला मंडी परिसर में लगे हुए विशालकाय पीपल वृक्ष की अचानक डंगाल फटकर गिरने से अफरा तफरी मच गई। डंगाल की चपेट में आ ने से चार लोग घायल हो गए। गांव भुड़ेली निवासी रजनीश पुत्र लाल 32 ने बताया कि इस दुर्घटना में उसकी डीलक्स मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं उसके साथ में काम करने वाला भुड़ेली का ही लोचन लाल 25 भी घायल हो गया है। इस दौरान गुजर रहे राजू व वीरेंद्र भी चोटिल हो गए। मंडी के व्यापारी नेता सौरभ गुप्ता रवि ने बताया कि घटना के समय तेज हवा चल रही थी। जिसके चलते पीपल वृक्ष की डंगाल फटकर गिर गई।

# नवागत एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं



**शाहजहांपुर।** नवागत एसपी सौरभ दीक्षित ने बुधवार को शाहजहांपुर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने एसपी ग्रामीण एवं एसपी सिटी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर सुना। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों का सूक्ष्मता से परीक्षण करते हुए प्रत्येक प्रकरण में त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों पर समयबद्ध एवं न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# दामिनी टीम का किया गया गठन

**‘नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन’ की रूपरेखा को साकार करने का उद्देश्य**



**जैतीपुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना परिसर में मंगलवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत 'दामिनी' टीम का गठन किया गया। यह पहल 'नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन' की रूपरेखा को साकार करने के उद्देश्य से की गई। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भवरें और क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा की मौजूदगी में आयोजित हुआ।इस दौरान जैतीपुर क्षेत्र की समाजसेवी महिलाओं को थाना परिसर में आमंत्रित किया गया। उन्हें उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के जागरूकता कार्यक्रम और महिला सशक्तिकरण के तहत पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया गया।महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें वूमेन पावर लाइन, इमरजेंसी हेल्पलाईन - पुलिस/ फायर/ एंबुलेंस, चाइल्ड हेल्प लाइन, महिला हेल्पलाईन - घरेलू हिंसा सहायता, स्वास्थ्य सेवा, मेडिकल इमरजेंसी हेल्पलाईन, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन आदि विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई।दामिनी टीम की सभी महिला सदस्यों को उनके उत्साहवर्धन के लिए उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दामिनी टीम की सदस्यों ने पुलिस के कार्यों में सहयोग करने और दामिनी पहल के अंतर्गत सक्रिय रूप से कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। इस दौरान उप निरीक्षक इतेश तोमर, महिला उप निरीक्षक मोनिका तेवतिया, महिला कांस्टेबल आरती सहित काफी महिलाएं मौजूद रही।

# तमंचा सहित युवक गिरफ्तार



**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को एक तमंचा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि बुधवार को थाना रोजा पुलिस टीम देखरेख शान्ति व्यवस्था डियूटी चैकिगं संदिग्ध वाहन व्यक्ति में रवाना होकर क्षेत्र में मामूर थी तभी मुखबिर खास की सूचना पर रोजा, रेलवे इण्टर कालेज के ग्राउण्ड से सोमेन्द्र सिंह पुत्र सुखपाल निवासी ग्राम ढकिया थाना पसगवां जनपद लखीमपुर खीरी को तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमेंद्र के ऊपर गाजियाबाद में दो, रोजा व लखीमपुर खीरी में एक एक मुकदमा दर्ज हैं।

# संदिग्ध गतिविधि की सूचना नजदीकी पुलिस को दें: एसपी सिटी

**हनुमान जयंती के दृष्टिगत हनुमतधाम का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सीओ सिटी पंकज पंत तथा सीओ लाइन सहित पुलिस बल के साथ आगामी हनुमान जयंती पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत हनुमत धाम परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया। मंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि हनुमान जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित अधिक भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, पार्किंग स्थलों का समुचित निर्धारण करने तथा आपातकालीन सेवाओं (एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। एसपी सिटी द्वारा अवगत कराया गया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं । प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त महिला सुरक्षा के दृष्टिगत महिला पुलिस बल की भी पर्याप्त तैनाती की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था फैलाने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। जनपद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें । किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस को दें।

# रेडक्रास ब्लड बैंक निर्माण हेतु प्रयासरत

**▸ रेडक्रास सोसायटी की डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



इण्डियन रेडक्रास सोसायटी उत्तर प्रदेश प्रबन्ध समिति की बैठक सभापति एवं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में लखनऊ कैसरबाग स्थित रेडक्रास भवन मै आयोजित हुई। जिसमें जनपद शाहजहाँपुर से प्रबन्ध समिति के सदस्य एवं सचिव डॉ. विजय जौहरी ने प्रतिभाग कर सहभागिता की। सभापति ब्रजेश पाठक ने जनपद स्तर पर प्रस्तावित रेडक्रास कार्यालय एवं ब्लड बैंक के निर्माण हेतु प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा जनपद में आगामी भ्रमण दौरान सम्बन्धित अधिकारियों से उक्त के सम्बन्ध में रेडक्रास के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया है। सचिव डा. विजय जौहरी ने अवगत कराया कि स्थानीय स्तर पर सम्बन्धित अधिकारियों से कई बार भेंट और वार्ता की जा चुकी है लेकिन अधिकारियों की उदासीनता एवं अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण ब्लड बैंक बनवायें जाने में बाधा उत्पन्न हो रही है। डॉ. विजय जौहरी बैठक में भाग लेने के उपरान्त उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 16.07.2024 को राजभवन में आयोजित रेडक्रास की आम बैठक में महामहिम को उक्त विशय के सन्दर्भ में पत्र दिया था। जिसको महामहिम ने 19.07.2024 को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अग्रसारित किया था। जिसके अनुपालन में आपके सचिवालय से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने जनपद शाहजहांपुर के डीएम एवं एसपी को उक्त विशय के सन्दर्भ में कार्यवाही हेतु पत्र प्रेशित किया था जिसकी प्रतिलिपि सभापति ब्रजेश पाठक को भी प्रेषित थी। जिसके अनुपालन में तत्कालीन डीएम उमेश प्रताप सिंह ने जांच कर नगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 2, सीओ नगर को सम्बोधित पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित कर निर्देषित किया कि रेडक्रास सोसायटी द्वारा ब्लड बैंक बनवाये जाने हेतु वक्फ सम्पत्ति वक्फ स्थित मोहल्ला खलील शर्की को मुतवल्ली अली हमज़ा के अवैध कब्ज़े व दखल से लेकर सीएमओ को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें और सीएमओ शाहजहांपुर को इस निर्देष के साथ प्रतिलिपि प्रेषित की कि नगर मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर एवं पुलिस क्षेत्रीय नगर से समन्वय स्थापित कर रेडक्रास सोसायटी शाहजहांपुर द्वारा ब्लड बैंक बनवाये जाने हेतु वक्फ सम्पत्ति वक्फ स्थित मोहल्ला खलील शर्की को अपने कब्जे में लेना सुनिष्चित करें। लेकिन संबंधित अधिकारियों ने इस सन्दर्भ में कोई कार्यवाही करना आवश्यक नही समझा जोकि उनकी कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह अंकित करता है। लेकिन अद्यतन तिथि तक उक्त सम्पत्ति पर रेडक्रास को जनहित में ब्लड बैंक बनाने हेतु कब्ज़ा नही दिलाया गया जोकि उदासीनता का प्रतीक है।

# एसडीएम ने सचिव संग किया गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण

**▸ विभिन्न कार्य एजेंसियों के 19 संचालित केंद्रों पर दूसरे दिन भी नहीं हुई खरीद**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गेहूं की सरकारी खरीद के मद्देनजर नवीन मंडी स्थल परिसर में विभिन्न कार्य एजेंसियों के 19 क्रय केंद्र खोले गए है। जिनपर दूसरे दिन भी नमी के चलते खरीद नहीं हो सकी। एसडीएम सदानंद सरोज ने मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह के साथ सरकारी गेहूं क्रय केद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने गेहूं खरीदने के लिए केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया। उधर मंडी सचिव ने गेहूं की नीलामी बोली प्रक्रिया शुरू कराई। जिसमें 2250 रुपए प्रति कुंतल अंतिम बोली रही। बता दें कि बुधवार दोपहर एसडीएम सदानंद सरोज अचानक मंडी पहुंचे। और मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह के साथ सभी क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के गेहूं की नमी अपने सामने चेक करा कर देखी। गेहूं में नमी निकलने पर उन्होंने किसानों से फसल को सुखाकर ही मंडी केंद्रों पर लाने पर बल दिया। इससे पूर्व मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने मंडी में कई जगह गेहूं की नीलामी बोली प्रक्रिया कराई। जिसमें गेहूं भाव की अधिकतम बोली 2250 रुपए पर बोली गई। इस दौरान मंडी के राजेश कुमार, अंकित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# इला चौहान को नायब तहसीलदार बनने पर गांधी ने दी बधाई




**तिलहर - शाहजहांपुर।** तहसील क्षेत्र के ब्लॉक निगोही निगोही के ग्राम खिरिया पश्चिम निवासी सतेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट की बेटी इला चौहान का यूपीसीए अधिकारी परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसील दार पद पर चयन होने पर तमाम गणमान्यों ने उनके आवास पर जाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। बुधवार को पूर्व जिला पंचायत सदस्य सौरभ सिंह गांधी गांव खिरिया पश्चिम पहुंचे और क्षत्रिय समाज को गौरवान्वित करने बाली इला चौहान को बुके देकर पगड़ी पहनाई और मुंह मीठा कराते हुए बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उनके पिता ने भी खुशी का इजहार किया।

# हाईवे पर काल बनी तेज रफ्तार कार, मोपेड सवार बुजुर्ग की मौत

**▸ जलालाबाद-शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर उवरिया गांव के पास हुआ हादसा**

**▸ खेत पर मजदूरों के लिए जलपान लेकर जा रहे थे बुजुर्ग, परिवार में कोहराम**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



> सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की है। दुर्घटना करने वाली कार को जब्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
> **-राजीव कुमार तोमर, थानाध्यक्ष।**

जलालाबाद-शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर बुधवार सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। गांव उवरिया के पास गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास के निकट एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे मोपेड सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। मजदूरों के लिए चाय लेकर जा रहे थे घर से गांव उवरिया निवासी दोदराम (62) पुत्र सीताराम के खेत पर इन दिनों गेहूं की कटाई का काम चल रहा है। बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे वह अपनी मोपेड बाइक से खेत पर काम कर रहे मजदूरों के लिए घर से चाय और नाश्ता लेकर जा रहे थे। जैसे ही वह हाईवे पर फास्ट स्वीट भट्ट के पास पहुंचे और सड़क पार करने लगे, तभी एक अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। ग्चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल दोदराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया। वहां इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर पहुंचते ही पत्नी सुशीला व रामगुनी सहित पुत्र सोनेलाल व अन्य परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के तीनों बच्चे शादीशुदा हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। कार चालक वाहन छोड़कर मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर थाने खड़ा करवा दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# मांगों का जल्द समाधान न हुआ तो होगा बड़ा आदोलनः अमित भागवत




**▸ नरमू ने रेलकर्मियों की मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन, रेलकर्मियों ने तख्तियां लेकर की नारेबाजी**

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन पर नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने रेलकर्मियों की मांगों को लेकर पावर केबिन के बाहर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर मुरादाबाद मंडल की डीआरएम को पत्र भेजकर कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण की मांग की हैं। मंगलवार की सुबह नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता यूनियन कार्यालय पर एकत्र होकर हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए पावर केबिन के पास आकर धरने पर बैठ गए।

धरना स्थल पर नरमू के शाखा सचिव अमित भागवत मिश्र ने कहा कि यूनियन ने सहयक लोको पायलट से सीनियर लोको पायलट के पदोन्नति होते न करने की वजह से वित्तीय नुकसान के संबंध में डीआरएम की बैठक में 16अक्टूबर को मुद्दा उठाया था। सीनियर लोको पायलट से लोको पायलट मेल के 122 लोगों का प्रमोशन में 21 फरवरी 25 में निकाला गया, लेकिन 122 सीनियर सहायक लोको पायलट की रिक्तियों को प्रत्याशित नहीं किया गया। जबकि लोको पायलट मेल व पैसेंजर के प्रत्याशित के आधार पर पैनल बनाकर उपलब्ध रिक्ति पर प्रमोशन किया जाता हैं। फिर इसे सीनियर सहायक लोको पायलट में ये क्यों नहीं किया गया। आज तक सीनियर सहायक लोको पायलट का पदोन्नति आदेश जारी किया था, लेकिन आज तक पैनल ने सभी लोगों को पदोन्नति नहीं नहीं किया गया। जिससे बचे हुए सीनियर सहायक लोको पायलटों में नाराजगी हैं।

उन्होंने कहा कि सहायक मंडल अभियन्ता सेकेंड के अधीन रोजा सीतापुर सिटी खंड की दोहरीकरण के पश्चात 150 पोस्ट को आज तक...नहीं किया गया और जो पहले ..थी उसको कम कर दिया गया। इसके अलावा गैटमैन की ड्यूटी का कोई निराकरण नहीं हुआ। श्री मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो यूनियन बड़ा आदोलन करेगी। धरना-प्रदर्शन में शाखा अध्यक्ष अवधेश सक्सेना, चंदन कुमार, दिनेश, शरद मिश्रा,आनंद राज, जितेंद्र भर्ती, कार्तिकेय प्रताप सिंह सन्दीप यादव, उज्वल मिश्रा, पवन वर्मा, प्रणीत मिश्रा, अभय सिंह, चंद्रिका प्रसाद, सुधीर सिंह, प्रदीप वर्मा आदि मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा की धारा से जोड़ना



**शाहजहांपुर।** स्कूल चलो अभियान रैली पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवा विकास खंड पुवायां में बुधवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई के प्रति जागरूक करना था। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों ने सब पढ़ें, सब बढ़ें,शिक्षा है अनमोल, इसे न छोड़े, जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। यह रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों में निकाली गई, जिससे लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुश्री पल्लवी ने बताया कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और 卐स्कूल चलो अभियान卐 का मुख्य उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। रैली में प्राथमिक विद्यालय जेवा के प्रधानाध्यापक शंभू सिंह , शबीह फातमा, पारुल, प्रतिभा ने भी बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। रैली का समापन विद्यालय परिसर में किया गया। इस प्रकार रैली शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### कंपोजिट विद्यालय घाटबोझ में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**शाहजहांपुर।** कंपोजिट विद्यालय घाटबोझ में वार्षिकोत्सव, परीक्षा परिणाम घोषित करने एवं पुस्तक वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा उपस्थित रहीं। उनके साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद अवस्थी, खंड शिक्षा अधिकारी केडी यादव तथा कुनेंद्र पाल सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त एआरपी, अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रधान, एवं बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया तथा उन्हें नई पुस्तकों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और उज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर लगेगा सवा कुंतल बूंदी लड्डू का भोग

**तिलहर-शाहजहांपुर।** श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर बीते लम्बे अरसे से परंपरागत सवा कुंतल लड्डू भोग अर्पण कार्यक्रम गुरुवार को किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन ममतेश गुप्ता ने देते हुए बताया कि इस बार लड्डू शोभायात्रा न निकालकर वंशी वाले मंदिर पर अपरान्ह चार बजे भोग अर्पण किया जाएगा। इस मौके पर हवन पूजन के उपरांत शाम सात बजे से भंडारा किया जाएगा। उन्होंने भक्तों से कार्यक्रम में सहभागिता का पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### यह कैसा अभियान, बच्चों के कंधों पर बैग की जगह होर्डिंग-स्टैंडी, स्कूल चलो अभियान रैली बाद बच्चों से उठवाई प्रसार सामग्री




**शाहजहांपुर।** जहां सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च करके प्रदेश में स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। वही जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते स्कूली बच्चों के कंधों पर स्कूली बैग की बजाय प्रचार प्रसार के, होर्डिग्स-स्टैंडी नजर आए। यह तस्वीर भले ही कुछ सैकेंडों के लिए हो, लेकिन सच में इसने सिस्टम पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बता दें कि बुधवार को कलेक्ट्रेट में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान की रैली का आयोजन किया गया था। जिसको हरी झंडी व गुब्बारे उड़ाकर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा रवाना किया गया। अभियान में बड़ी बड़ी होर्डिग, स्टैंडी भी सर्व शिक्षा अभियान जागरूकता के लगाए गए थे, जब रैली संपन्न हो गई, सारे अधिकारी, बच्चे चले गए तो उसके बाद स्काउट गाइड बच्चों द्वारा उनकी लंबाई से बड़े होर्डिंग स्टैंडी को कंधों पर लदवाकर हटवाएं गये। जिसको देखकर सर्व शिक्षा अभियान पर सवाल खड़े हो गये। अब यह होर्डिंग स्टैंडी बच्चों से किसने हटवाएं और क्यों हटवाए यह एक जांच का विषय बन गया है।

# पतराजपुर में स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली का शुभारंभ

**▸ सभी अभिभावक बच्चों को नियमित विद्यालय भेजेंः रमेश**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली का शुभारम्भ संविलियन विद्यालय पतराजपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। परिषदीय विद्यालयों में आज स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नवीन शैक्षिक सत्र में छः बर्ष के सभी बच्चों के नामांकन हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। संविलियन विद्यालय पतराजपुर में आज नवीन नामांकन कराने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शैक्षिक सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत उपस्थिती एवं नियमित गणवेश में आने वाले बच्चों को विद्यालय के प्र.अ. आज़म खान के द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से खण्ड शिक्षा अधिकारी ने गाँव में 3 से 6 बर्ष तक के बच्चों का नामांकन बालवाटिका एवं 6 बर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने को कहा।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने अभिभावकों से डीबीटी के अंतर्गत मिलने वाली धनराशि से बच्चों को गणवेश, जूते-मोज़े, बैग, स्वेटर एवं स्टेशनरी दिलाने का आग्रह किया।प्र.अ. आज़म खान ने ग्रामवासियों को विभाग द्वारा विद्यालय में संचालित योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरायण लाल ने कक्षा आठ उत्तीर्ण कर चुके सभी बच्चों को जल्द ही कक्षा नौ में नामांकन कराने को कहा।खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय स्टाफ के द्वारा नवीन सत्र प्रारम्भ होने पर छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गयीं। आज के कार्यक्रम में रश्मि सक्सेना, अनुराधा, श्वेता प्रताप, रामबहादुर, कुसुमा देवी, बेलावती, पूनम, सुमनलता, केदारनाथ, वीरेंद्र , अरविन्द कुमार, दुर्वेश कुमार, संतोष कुमारी, मालती देवी, ठाकुर प्रसाद, राजलली समेत तमाम शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ब्लाक प्रमुख ने बच्चों को वितरित किया परीक्षाफल



**शाहजहांपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरोमननगर विकास क्षेत्र ददरौल में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा 8 के बच्चों का विदाई समारोह हर्ष व उल्लास से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ददरौल ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर दयाल वर्मा, सिरोमननगर ग्राम प्रधान सुरजीत कुमार वर्मा ने प्रतिभा किया और बच्चों को परीक्षा फल वितरित किए। विद्यालय के प्रधान अध्यापक अवधेश कुमार मैथिल एवं वरिष्ठ अध्यापिका फरजाना परवीन, संध्या शर्मा, अशोक कुमार वर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

# चाट के ठेले में आग लगने से सिलेंडर फटा, चार झुलसे

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





बुधवार शाम हमजापुर चौराहे पर चाट के ठेले में अचानक आग लग गई।सलेन्डर फट जाने से लगी इस आग में चार युवक गंभीर रूप से झुलस गए। आग की लपटे देख मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। झुलसे युवको को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। निगोही के हमजापुर चौराहा पर चाट और मोमोज के कई ठेले सड़क किनारे लगते है। आज भी यह ठेले लगे थे। शाम चार बजे इरशाद आन लाइन दुकान के सामने चाट के ठेले में लगा सलेन्डर अचानक फट गया। इससे ठेले में आग लग गई। आग की लपटे देख चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को खबर कर लोग अपने स्तर से आग पर काबूं पाने का प्रयास करने लगे। आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग तो बुझ गई। लेकिन आग की चपेट में आ जाने से सक्षम कुशवाहा (18) निवासी निगोही, पंकज पाल(12)धरायूं, आदित्य (17) पैतापुर और कुलदीप सिंह (29) निवासी ढकिया तिवारी गंभीर रूप से झुलस गये। आस-पास के लोगो की मदद से झुलसे युवको को सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर यहां से सबको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर सुन अस्पताल में लोगो की भीड़ जमा हो गई।

वहीं मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश है कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए सड़क पर कोई अवैध अड्डा या चाट के ठेले नही लगेगे। लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही से सड़क पर बाहन के साथ लाइन से ठेले भी लगे रहते है। यह ठेले सड़क पर अतिक्रमण के साथ घरेलू गैस भी प्रयोग करते है।

# रजिस्ट्री कार्यलय में बैनामा को लेकर हुआ विवाद

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुत्री व दामाद के नाम 4 बीघा जमीन नाम करने आये बुजुर्ग को उसके भतीजों ने हंगामा कर दिया उसके बाद घण्टे चले इस ट्रामें के बाद सभी लोग अपने अपने घर चले गए इस ड्रामे को देखने के लिए तहसील में मौजूद लोग एकत्रित हो गए। बण्डा थाना क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी 65 वर्षीय भुवन कुमार की कोई संतान नही है। वृद्ध अपने साढू की लड़की दामाद के घर पर रहता था। दामाद ने कहा कि जब हमारे घर पर रहते हो तो आप अपनी जमीन मेरे नाम या अपनी पुत्री के नाम कर दो में आपकी जिंदगी भर सेवा करता रहूंगा। जिसके बाद वृद्ध मान गया और अपनी पुत्री ओर दामाद के साथ जमीन का बैनामा करने के लिए रजिस्ट्री कार्यलय पुवायां पहुँचे। जब भुवन के भतीजों को जानकारी हुए तो वह आनन फानन पुवायां के रजिस्ट्री कार्यलय पहुँचे ओर वहां हंगामा कर दिया घण्टे चले इस हंगामे का लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद वृद्ध अपने भतीजों की बातों में आ गया ओर घर वापस चला गया।

# ग्यारह शिक्षकों को सरकार ने ओपीएस योजना में शामिल किया



**रोजा, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद के ग्यारह शिक्षकों को ओपीएस योजना में सरकार में शामिल किया जाने पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट ने प्रदेश सरकार का व्यक्त किया हैं। ज्ञात हो कि वर्ष 2001 से 2004 तक नियुक्त विषय विशेषज्ञों को एक लंबे संघर्ष के बाद पुरानी पेंशन योजना में शामिल कर लिया गया हैं। योजना में शामिल होने के बाद शिक्षकों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के जिलाध्यक्ष कैप्टन डॉ जेपी सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि जनपद में लगभग ग्यारह ऐसे शिक्षकों को ओपीएस योजना में सरकार में शामिल किया है। जिसमें रेलवे इंटर कालेज के विनय प्रकाश मिश्रा व रोशनलाल भी शामिल है। संघ के पदाधिकारियों ने रेलवे इंटर कॉलेज के प्रांगण में दोनों शिक्षकों को माला पहना कर उनका स्वागत कर योजना में शामिल सभी शिक्षकों को बधाई दी। इस मौके पर शिक्षक राम कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार गौतम आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# अध्यापक की बेटी ने यूपीएससी परीक्षा पास कर परिवार का नाम किया रोशन

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



निगोही क्षेत्र के खिरिया पश्चिमी प्राइवेट अध्यापक की बेटी ने यूपीएससी की परीक्षा पास कर परिवार का नाम रोशन किया इसके बाद क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने पहुंचकर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शभकामनाएं देकर आशीर्वाद दिया।

खिरिया पश्चिमी गांव के सतेंद्र सिंह चौहान की बेटी ईला चौहान 115 वी रैंक हासिल कर नायब तहसीलदार क पद प्राप्त किया। माता रीता सिंह पिता सतेंद्र चौहान ने ने बताया कि हाई स्कूल तक कुलवंत सिंह इंटर कॉलेज ग्यारहवीं बारहवीं की परीक्षा सुमित्रा देवी इंटर कॉलेज निगोही स्नातक गणित परास्नातक इतिहास स्वामी सुखदेव आनंद महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की जिसके बाद दिल्ली में दृष्टि कोचिंग से तैयारी कर अप पीएसी की परीक्षा की तैयारी कर नायब तहसीलदार का पद हासिल किया है। दो बेटे बड़ा बेटा सॉफ्टवेयर इजीनियर दूसरे नंबर पर बेटी तीसरे नंबर का बेटा जिसे 12 वीं की परीक्षा इस बार दी है। वहीं क्षेत्र और गांव के लोगों में खुश की लहर है सतेंद्र सिंह संघ परिवार से जुड़े हुए खंड संपर्क प्रमुख के दायित्व पर सामाजिक दृष्टि से कार्य करते हैं। संघ परिवार व क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों ने पहुंचकर बेटी की शुभकामनाएं वह आशीर्वाद दिया, तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा , संघ परिवार से जिला प्रचारक प्रमुख राजा भईया, जिला बौद्धिक प्रमुख भूपेंद्र सिंह विनय सिंह अमित सिंह सुमित सत्यपाल एडवोकेट सैकड़ो लोगों ने मिठाई गुलदस्ता देकर आशीर्वाद दिया।

## जहरीले वैवाहिक रिश्ते, आखिर क्या है हल?

आजकल पति-पत्नी के रिश्ते में तनाव वैवाहिक जिंदगी को जहरीला बना रहा है यह भारतीय परिवारों के टूटने का एक बड़ा कारण बन गया है। ऐसा क्यों हो रहा है? आधुनिक समय में पुरुषों और महिलाओं की भूमिकाएं बदल रही हैं। अतीत में परंपरागत रूप से पति को परिवार का आर्थिक सहारा और पत्नी को घर का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी दी जाती थी। आज, दोनों पक्ष समान रूप से काम और परिवार की जिम्मेदारियों को सांझा करते हैं, जिससे अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा हो सकता है। पति-पत्नी के बीच संवाद की कमी एक बड़ा कारण है। यदि दोनों पक्ष अपनी भावनाओं, चिंताओं और अपेक्षाओं को खुलकर नहीं बताते, तो गलतफहमियां बढ़ती हैं। इससे रिश्ते में दूरी बढ़ सकती है और तनाव पैदा हो सकता है। वैवाहिक रिश्तों की नींव विश्वास पर टिकी होती है। यदि दोनों में से किसी एक या दोनों को एक-दूसरे के प्रति शक या अविश्वास महसूस होने लगे, तो यह रिश्ते को खतरनाक बना सकता है। ऐसे मामलों में घर, जो एक सुरक्षित स्थान होना चाहिए, वही तनावपूर्ण और घातक बन जाता है। जब दोनों पक्ष अपनी जिम्मेदारियों को सांझा नहीं करते या एक-दूसरे के प्रति अन्यायपूर्ण व्यवहार करते हैं, तो यह रिश्ते में झगड़ों का कारण बन सकता है। उदाहरण के लिए, यदि पति परिवार के लिए पैसा कमाने में व्यस्त रहता है और पत्नी को घर का सारा काम संभालना पड़ता है, तो यह असंतोष का कारण बन सकता है। जब पति या पत्नी में से कोई भी हर स्थिति में 'सही' होने का वहम रखता है, तो यह रिश्ते को नुकसान पहुंचा सकता है। एक स्वस्थ रिश्ते में दोनों पक्ष एक-दूसरे की गलतियों को स्वीकार करने और सुधार करने के लिए तैयार होते हैं लेकिन जब कोई भी खुद को हमेशा सही मानने लगे, तो यह रिश्ते को खतरनाक बना देता है। आज की तेजी से बदलती जीवनशैली और काम के दबाव के कारण पति-पत्नी के बीच समय बिताने का अवसर कम होता जा रहा है। इससे दोनों पक्षों के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ सकती है, जो रिश्ते को कमजोर कर सकती है। कई बार, पति-पत्नी के बीच रिश्ते परिवार या समाज के दबाव के कारण तनावपूर्ण हो जाते हैं। जैसे, सास-बहू के बीच झगड़े, बच्चों की पढ़ाई या शादी जैसे मुद्दे भी रिश्ते को प्रभावित कर सकते हैं। वर्तमान में घरेलू हिंसा के मामले भी बढ़ रहे हैं। यह न केवल पति-पत्नी के रिश्ते को खतरनाक बनाता है, बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। आंकड़ों के अनुसार, हर 11वें मिनट में एक महिला का कत्ल हो जाता है, जो इस बात का सबूत है कि घरेलू रिश्ते कितने खतरनाक हो सकते हैं। शादीशुदा जिंदगी में तकरार और गलतफहमियां आम बात हैं, लेकिन जब बात बार-बार तानों और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बातों तक पहुंच जाए, तो स्थिति गंभीर हो जाती है। एक व्यक्ति ने सवाल किया कि उसकी पत्नी अक्सर कहती है कि वह किसी लायक नहीं है और उससे शादी करके उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई। ऐसे में वह क्या करे, ताकि रिश्ता बेहतर हो सके? जहरीले वैवाहिक रिश्ते सुधारने का आखिर क्या हल है? मनोविज्ञान के मुताबिक, किसी भी रिश्ते की नींव खुली और ईमानदार बातचीत होती है। पति को चाहिए कि वह शांति से पत्नी से बात करे और यह समझने की कोशिश करे कि उसकी नाराजगी की असली वजह क्या है। बिना टोके और बिना जज किए बात सुनना रिश्ते में भरोसा बनाने की पहली शर्त है। रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए आत्ममंथन जरूरी है। कम्युनिकेशन स्किल, संवेदनशीलता और समझदारी पर काम करना अपनाने से एक बेहतर जीवनसाथी बना सकता है। छोटे बदलाव भी रिश्ते में बड़ा फर्क ला सकते हैं। रिश्ते में अपनापन बनाए रखने के लिए छोटे-छोटे कदम बहुत मायने रखते हैं। प्यार भरे शब्द, सहयोग और सम्मान जताने से सामने वाले को यह महसूस होता है कि वह रिश्ते में अहम है। साथ ही, धैर्य रखना भी जरूरी है क्योंकि बदलाव वक्त लेता है। पति-पत्नी दोनों यह सोचें कि क्या रिश्ते में भरोसे, सम्मान या आपसी तालमेल से जुड़ी कोई गहरी समस्या है? जब तक असली वजह सामने नहीं आएगी, समाधान मुश्किल रहेगा। अगर हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और तनाव बढ़ता जा रहा है, तो कपल काउंसलिंग से हिचकना नहीं चाहिए। शादी को बेहतर बनाना दोनों की जिम्मेदारी होती है। जब दोनों साथी बदलाव के लिए तैयार होते हैं, तभी रिश्ता मजबूत बनता है। समय पर मदद लेना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी का संकेत है। याद रखें, शादी को बेहतर बनाना दोनों की सांझी जिम्मेदारी होती है। जब दोनों साथी बदलाव के लिए तैयार हों, तभी रिश्ते में सच्चा सुधार आता है। वैवाहिक रिश्ते आजकल कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसलिए, दोनों पक्षों के लिए यह जरूरी है कि वे एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, संवाद करें और समस्याओं का सामना करने के लिए एक साथ काम करें।

# आरसीबी क्यों बना आईपीएल का इतना बड़ा ब्रांड?

*विवेक शुक्ला*

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस साल शुरू होने से पहले ही बड़ा धमाका हो गया। यह धमाका तब हुआ जब खबर आई कि बैंगलुरु की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इतिहास रच दिया है। यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (डीएजियो की सहायक कंपनी) ने आरसीबी को आदित्य बिड़ला ग्रुप, टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स (डेविड ब्लिट्जर) और ब्लैकस्टोन के BXPE फंड के कंसोर्टियम को 1.78 बिलियन डॉलर (लगभग 16,660 करोड़ रुपये) में बेच दिया। यह आईपीएल फ्रेंचाइजी इतिहास की अब तक की सबसे महंगी डील बन गई है। इस डील ने राजस्थान रॉयल्स की 15,290 करोड़ रुपये की बिक्री को भी पीछे छोड़ दिया। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर आरसीबी इतनी महंगी क्यों बिकी? इसमें ऐसा क्या खास है जो इसे वैश्विक स्तर पर इतना आकर्षक एसेट बनाता है?

आरसीबी की कहानी 2008 में आईपीएल के पहले सीजन से शुरू होती है। विजय माल्या की यूनाइटेड ब्रेवरीज ने इसे 111.6 मिलियन डॉलर (तब करीब 446 करोड़ रुपये) में खरीदा था। उस समय यह मुंबई इंडियंस के बाद दूसरी सबसे महंगी टीम थी।

बाद में डीएजियो ने यूनाइटेड स्पिरिट्स के जरिए टीम पर नियंत्रण हासिल किया। 18 वर्षों में आरसीबी की वैल्यूएशन में लगभग 1495% का उछाल आया, यानी इसकी कीमत मूल निवेश से लगभग 16 गुना बढ़ गई। यह सिर्फ खेल प्रदर्शन का परिणाम नहीं बल्कि एक मजबूत ब्रांड बिल्डिंग का उदाहरण है।

2025 की जीतः टर्निंग पॉइंट बीते साल 2025 में आरसीबी ने आईपीएल और महिला प्रीमियर लीग (WPL) दोनों खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। इस जीत ने टीम को डिफेंडिंग चैंपियन बना दिया और उसके ब्रांड को नई ऊंचाई दी।

हालांकि, सिर्फ ट्रॉफियां ही इसकी ऊंची वैल्यू की वजह नहीं हैं। असली ताकत इसके ब्रांड वैल्यू, फैन बेस और मार्केट पोजिशन में छिपी है।

ब्रांड पावर और विशाल फैन बेस आरसीबी की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल और वफादार फैन बेस है। आरसीबी आर्मी न सिर्फ बैंगलुरु बल्कि पूरे दक्षिण भारत और देशभर में फैली हुई है। यह टीम भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बन चुकी है।

ब्रांड फाइनेंस रिपोर्ट 2025 के अनुसार, आरसीबी का ब्रांड वैल्यू 269 मिलियन डॉलर (लगभग 2,486 करोड़ रुपये) है, जो आईपीएल में सबसे ज्यादा है। यह मुंबई इंडियंस (242 मिलियन) और चेन्नई सुपर किंग्स (235 मिलियन) से भी आगे है।




**एक ग्लोबल बिजनेस प्लेटफॉर्म आईपीएल का कुल बिजनेस वैल्यू 2025 में 18.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2023-27 के मीडिया राइट्स डील ने इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। सेंट्रल रेवेन्यू शेयर हर टीम को स्थिर आय देता है, जबकि डिजिटल कंटेंट, मर्चेंडाइज और इंटरनेशनल एक्सपैंशन से अतिरिक्त कमाई के रास्ते खुलते हैं। यही वजह है कि ब्लैकस्टोन और बोल्ट वेंचर्स जैसे वैश्विक निवेशक इसमें दिलचस्पी दिखा रहे हैं। नए मालिकों की रणनीतिक ताकत आरसीबी के नए मालिकों का कंसोर्टियम भी इस डील को खास बनाता है। आदित्य बिड़ला ग्रुप इंडस्ट्रियल ताकत और ब्रांडिंग विशेषज्ञता लाएगा। टाइम्स ग्रुप अपनी मीडिया संपत्तियों के जरिए टीम की डिजिटल और वैश्विक पहुंच को बढ़ाएगा। ब्लैकस्टोन की वित्तीय क्षमता और डेविड ब्लिट्जर का स्पोर्ट्स निवेश अनुभव मिलकर आरसीबी को एक नए स्तर पर ले जा सकते हैं। खास बात यह है कि टीम का नाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ही रहेगा। अंडरडॉग से चैंपियन तक आरसीबी की कहानी सिर्फ जीत की नहीं, बल्कि संघर्ष और भावनात्मक जुड़ाव की कहानी है। 17 साल तक ट्रॉफी का इंतजार और फिर 2025 में डबल चैंपियन बनना- यह सफर इसे खास बनाता है। बैंगलुरु का युवा और टेक-सेवी ऑडियंस, कोहली का इमोशनल कनेक्शन और मजबूत फैन एंगेजमेंट इसे एक इमोशनल ब्रांड बनाते हैं। नए मालिकों के पास आरसीबी को और आगे ले जाने के कई मौके हैं। क्रिकेट अकादमी, महिला क्रिकेट, डिजिटल कंटेंट और ग्लोबल टूर जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सकता है। यह डील इस बात का प्रतीक है कि आईपीएल अब सिर्फ एक क्रिकेट लीग नहीं, बल्कि एक स्पोर्ट्स-मीडिया-एंटरटेनमेंट बिजनेस बन चुका है।**

सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स, यूट्यूब व्यूज और डिजिटल एंगेजमेंट के मामले में भी आरसीबी शीर्ष पर बनी हुई है। चिन्नास्वामी स्टेडियम का शानदार माहौल और लगातार भरी रहने वाली दर्शक दीर्घाएं गेट रेवेन्यू को मजबूत बनाती हैं।

मजबूत रेवेन्यू मॉडल बैंगलुरु एक प्रमुख टेक हब होने के कारण आरसीबी को कॉर्पोरेट स्पॉन्सरशिप्स भी आसानी से मिलती हैं। 2025 में टीम की कुल रेवेन्यू 504 करोड़ रुपये रही।

इसमें बीसीसीआई के सेंट्रल रेवेन्यू पूल (ब्रॉडकास्ट और स्पॉन्सरशिप शेयर) का बड़ा योगदान रहा, लेकिन टीम-ओन्ड रेवेन्यू जैसे मर्चेंडाइजिंग, टिकट बिक्री और लोकल स्पॉन्सर्स से भी 270-300 करोड़ रुपये की कमाई हुई।

यह विविध रेवेन्यू मॉडल निवेशकों के लिए इसे और आकर्षक बनाता है।

विराट कोहली : सबसे बड़ा ब्रांड एसेट आरसीबी की पहचान उसके स्टार खिलाड़ी विराट कोहली से जुड़ी है। 2008 से लगातार एक ही टीम के लिए खेलने वाले कोहली आईपीएल के सबसे वफादार खिलाड़ियों में से एक हैं।

उनकी लोकप्रियता, ब्रांड वैल्यू और ग्लोबल अपील ने आरसीबी को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोहली अकेले टीम की वैल्यू में 200-300 मिलियन डॉलर (लगभग 1,700-2,500 करोड़ रुपये) तक का योगदान देते हैं।

आईपीएल 2016 में 973 रन बनाने वाले कोहली आज भी 37 साल की उम्र में फिटनेस और प्रदर्शन का शानदार उदाहरण हैं। उनकी मौजूदगी ने आरसीबी को ट्रॉफीलेस दौर में भी चर्चा में बनाए रखा।

आईपीएल : एक ग्लोबल बिजनेस प्लेटफॉर्म आईपीएल का कुल बिजनेस वैल्यू 2025 में 18.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2023-27 के मीडिया राइट्स डील ने इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

सेंट्रल रेवेन्यू शेयर हर टीम को स्थिर आय देता है, जबकि डिजिटल कंटेंट, मर्चेंडाइज और इंटरनेशनल एक्सपैंशन से अतिरिक्त कमाई के रास्ते खुलते हैं। यही वजह है कि ब्लैकस्टोन और बोल्ट वेंचर्स जैसे वैश्विक निवेशक इसमें दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

नए मालिकों की रणनीतिक ताकत आरसीबी के नए मालिकों का कंसोर्टियम भी इस डील को खास बनाता है। आदित्य बिड़ला ग्रुप इंडस्ट्रियल ताकत और ब्रांडिंग विशेषज्ञता लाएगा। टाइम्स ग्रुप अपनी मीडिया संपत्तियों के जरिए टीम की डिजिटल और वैश्विक पहुंच को बढ़ाएगा।

ब्लैकस्टोन की वित्तीय क्षमता और डेविड ब्लिट्जर का स्पोर्ट्स निवेश अनुभव मिलकर आरसीबी को एक नए स्तर पर ले जा सकते हैं।

खास बात यह है कि टीम का नाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ही रहेगा।

अंडरडॉग से चैंपियन तक आरसीबी की कहानी सिर्फ जीत की नहीं, बल्कि संघर्ष और भावनात्मक जुड़ाव की कहानी है। 17 साल तक ट्रॉफी का इंतजार और फिर 2025 में डबल चैंपियन बनना- यह सफर इसे खास बनाता है।

बैंगलुरु का युवा और टेक-सेवी ऑडियंस, कोहली का इमोशनल कनेक्शन और मजबूत फैन एंगेजमेंट इसे एक इमोशनल ब्रांड बनाते हैं।

नए मालिकों के पास आरसीबी को और आगे ले जाने के कई मौके हैं। क्रिकेट अकादमी, महिला क्रिकेट, डिजिटल कंटेंट और ग्लोबल टूर जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सकता है।

यह डील इस बात का प्रतीक है कि आईपीएल अब सिर्फ एक क्रिकेट लीग नहीं, बल्कि एक स्पोर्ट्स-मीडिया-एंटरटेनमेंट बिजनेस बन चुका है।

आरसीबी की यह ऐतिहासिक बिक्री साबित करती है कि आज के दौर में ब्रांड पावर, फैन लॉयल्टी और मार्केट वैल्यू ट्रॉफियों से कहीं ज्यादा मायने रखते हैं। बैंगलुरु की सड़कों पर गूंजने वाला आरसीबी का नारा अब और बुलंद होगा।

आरसीबी अब सिर्फ एक क्रिकेट टीम नहीं, बल्कि 16,660 करोड़ रुपये का एक ग्लोबल ब्रांड है- जिसकी असली ताकत उसके फैंस के दिलों में बसती है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)**

विचार

# युद्ध के दुष्प्रभाव से निपटने के लिए बेहतर नीतियों की जरूरत

*डॉ. ज्ञान पाठक*

वित्त वर्ष 2026-27 की ठीक शुरुआत में, जो 1 अप्रैल, 2026 से शुरू हो रहा है, भारत को कई तरह के जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह यह है कि भारत एक बड़ा ऊर्जा आयातक देश है और पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ उसके मजबूत व्यापार, निवेश और रेमिटेंस (विदेशों से आने वाले पैसे) के संबंध हैं। पश्चिम एशिया क्षेत्र फरवरी 2026 में अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए युद्ध के बाद से एक युद्ध क्षेत्र में बदल गया है। भारत का 2026-27 का बजट संसद में बहुत पहले, 1 फरवरी को ही पेश कर दिया गया था, जो अब बेमानी हो गया है।

अब बदलती स्थिति को देखते हुए, भारत के लोगों को बचाने के लिए सोच-समझकर बनाई गई नीतियों की जरूरत है। एक अनुमान के अनुसार, मार्च की शुरुआत में रुपये के गिरकर 93 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच जाने से, 2022 की शुरुआत की तुलना में देश की 18.7 प्रतिशत आबादी पहले ही गरीबी में धकेली जा चुकी है, और यह गिरावट अभी भी जारी है। 30 मार्च को, यह 94.78 रुपये प्रति डॉलर था। मार्च 2026 की आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि आर्थिक परिदृश्य और भी ज्यादा अनिश्चित हो गया है, जिससे ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स के मुख्य चौनल बाधित हुए हैं और वैश्विक आपूर्ति की स्थिति और भी कड़ी हो गई है।

मार्च 2026 की समीक्षा में फरवरी तक के कई आंकड़ों को आधार बनाया गया है, और इसलिए समीक्षा में खुद यह माना गया है कि यह संघर्ष के लगातार बदलते असर को पूरी तरह से शायद न दिखा पाए। हालांकि, मार्च के हालिया आंकड़े यह दिखाते हैं कि हाल के झटकों का असर बढ़ती इनपुट लागत, आपूर्ति में रुकावटों और सभी क्षेत्रों में बढ़ते दबाव के रूप में सामने आ रहा है। महंगाई के मोर्चे पर, फरवरी 2026 में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.21 प्रतिशत के 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसकी मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों की कीमतों में आई तेज उछाल थी। आगे चलकर महंगाई बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। व्यापार नीति को लेकर अनिश्चितता एक आम बात बन गई है। इस बदलाव के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें टैरिफ और अन्य पाबंदियां, साथ ही भू-राजनीतिक उथल-पुथल के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली चुनौतियां शामिल हैं।



चालू खाता घाटा पहले से ही बढ़ रहा है। शुद्ध एफडीआई का स्तर कम ही बना रहा और लगातार पांच महीनों तक ऋणात्मक रहा। मार्च 2026 में पोर्टफोलियो प्रवाह नकारात्मक बना रहा। जनवरी 2026 तक वैश्विक भूराजनीतिक जोखिम सूचकांक पहले ही एक नए उच्च स्तर पर पहुंच चुका था, और पश्चिम एशिया के संघर्ष ने स्थिति को और खराब कर दिया है। औसत कमोडिटी की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है।

समीक्षा में कहा गया है कि मूल समस्या एक साथ पड़ने वाला दोहरा दबाव है - न तो कच्चा तेल आ रहा है, और न ही तैयार उत्पाद बाहर जा पा रहे हैं। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कटौती करनी पड़ेगी, क्योंकि भंडारण (बंकरिंग) सुविधाएं पूरी तरह भर चुकी हैं और टैंकरों के फंसे होने के कारण उन्हें खाली नहीं किया जा सका है। तैयार उत्पादों के भंडारण की क्षमता आमतौर पर एक महीने की आवश्यकता से अधिक नहीं होती है। इसलिए, यदि रिफाइनरियों को बंद कर दिया जाता है, तो संघर्ष समाप्त होने के बाद भी सामान्य तेल उत्पादन फिर से शुरू करने में काफी समय लगेगा। कुल मिलाकर, इन क्रमिक प्रभावों से वैश्विक आर्थिक गतिविधियों पर दबाव पड़ने और मुद्रास्फीति के दबाव के और बढ़ने की उम्मीद है, जिससे आर्थिक विकास के जोखिम नीचे की ओर झुकते दिख रहे हैं। एलपीजी के लिए सीमित विकल्प उपलब्ध हैं, क्योंकि भारत अपनी 93 प्रतिशत एलपीजी संघर्ष-प्रभावित क्षेत्र से ही आयात करता है, और इसकी रिफाइनरियों से इसका उत्पादन भी काफी कम है, जो कुल उपलब्धता का मात्र 4-6 प्रतिशत ही है। कमी और कीमतों में बढ़ोतरी के कारण इसका असर फर्टिलाइजर (गैस-आधारित यूरिया, पेट्रोकेमिकल्स और गैस-आधारित बिजली उत्पादन) पर पड़ रहा है।

भारत की खेती पर इसका असर पड़ेगा क्योंकि 80 प्रतिशत से ज्यादा अमोनिया और सल्फर का आयात खाड़ी देशों से होता है, जबकि लगभग 40 प्रतिशत डीएपी का आयात सऊदी अरब से किया जाता है। अगर यह स्थिति नहीं सुधरती है, तो रबी की फसल के लिए जोखिम बना रहेगा, जबकि खरीफ की फसलों के दौरान अधिक दिक्कत नहीं होगी। फिर भी लागत बढ़ने का जोखिम रहेगा। इनपुट लागत में बढ़ोतरी और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी रुकावटों का असर देश के खेती-बाड़ी के कामों पर पड़ेगा। कई क्षेत्रों में, खासकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों और कांच या सेरामिक जैसे लगातार चलने वाले उद्योगों में, ईंधन या इनपुट बदलने में असमर्थता के कारण उत्पादन में कटौती और अस्थायी तौर पर काम बंद करना पड़ा है। शिपिंग में रुकावटें, रास्ते बदलना और युद्ध के जोखिम वाले प्रीमियम के कारण माल ढुलाई और बीमा की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है। परिवहन में देरी के कारण डिलीवरी का समय बढ़ गया है, जिससे जरूरी इनपुट के आयात और निर्यात की प्रतिबद्धताओं, दोनों पर असर पड़ा है। हवाई क्षेत्र पर लगी पाबंदियों ने कीमती और समय के लिहाज से संवेदनशील माल की ढुलाई की चुनौतियों को और भी बढ़ा दिया है। विदेश से आने वाले पैसे (रेमिटेंस) पर भी इसका काफी असर पड़ेगा। और राजकोषीय मोर्चे पर, ज्यादा सब्सिडी की जरूरत (फर्टिलाइजर और ईंधन के लिए) और संभावित राजस्व की कमी के कारण राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है।

अकेले मार्च महीने में ही, पोर्टफोलियो निवेश के मोर्चे पर लगभग 12.5 अरब अमेरिकी डॉलर का बहिर्प्रवाह हुआ है। 22 मार्च तक, ई-वे बिल जारी होने की संख्या में पिछले महीने के मुकाबले 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो माल की आवाजाही में कुछ नरमी का संकेत देता है। मार्च 2026 के लिए फ्लैश पीएमआई के अनुमानों से पता चलता है कि ऊर्जा की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी के बाद उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हुई है। समीक्षा में यह कहा गया है कि सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदम, मौजूदा व्यापक आर्थिक सुरक्षा उपायों के साथ मिलकर, कुछ हद तक सहारा प्रदान करते हैं, लेकिन यह भी स्वीकार किया गया कि जोखिमों का पलड़ा अभी भी नकारात्मक पक्ष की ओर झुका हुआ है। इस संदर्भ में, उभरती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने के लिए निरंतर सतर्कता और सक्रिय नीतिगत उपाय महत्वपूर्ण होंगे।

साहित्य

## तुम चले गए




**बिदेश कुमार झा**

**हम क्यों हो निराश**
**यदि हमारा कोई साथ छोड़ जाए,**
**अनंत संसार में लोग अनंत आएंगे**
**किन्हें अपना प्रिय बताएं।**

**जो डाली प्रेम की भावना से**
**पत्तियों को सहारा देती है,**
**जब वह उन्हें छोड़कर जाती है**
**वह डाली भी तब जीवन से मुख**
**मूड़ती है।**

**कोई जाए हमें छलकर**
**हम क्यों उदास हो,**
**अंधकार में साया भी साथ छोड़**
**जाती है**
**हम क्यों निराश हैं।**

**बसंत आता है फिर**
**तो उसके जाने का दुख क्यों,**
**मित्रता अमर होती है**
**फिर जाने का शोक क्यों।**



## राशिफल

**मेषः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**वृषभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। आलस्य कतई न करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है।

**कर्कः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**मीनः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# देश यूं ही नहीं हुआ नक्सलवाद से मुक्त

*अवधेश कुमार*

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में घोषणा की कि लाल आतंक की परछाई हट गई है। यह ऐसी घोषणा है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की होगी। जब गृह मंत्री ने पिछले वर्ष घोषित किया था कि 31 मार्च, 2026 तक देश नक्सली आतंक से मुक्त हो जाएगा तो एक्टिविस्टों, पत्रकारों, नेताओं, एन.जी.ओ. चलाने वालों, बुद्धिजीवियों आदि की बड़ी फौज ने अलग-अलग तरीकों से उनका निशाना बनाना, उपहास उड़ाना और प्रच्छन्न तरीके से विरोध आरंभ कर दिया था। गृह मंत्री ने घोषणा की कि 2024 तक नक्सलियों की शीर्ष केंद्रीय कमेटी और पुलिस ब्यूरो में 21 मुख्य कैडर थे जो पूरे नैटवर्क को चलाते थे। इनमें से एक पकड़ा गया, 7 ने आत्मसमर्पण किया और 12 मारे गए तथा एक फरार है। उसके साथ भी आत्मसमर्पण के लिए बातचीत चल रही है। वस्तुतरू वह मिसिर बेसरा है जो झारखंड के सारंडा जंगलों में अपने 50 साथियों के साथ छिपा है। वह आत्मसमर्पण करता है या मारा जाता है, तो हथियारों के बल पर संघर्ष करने वालों की सूची समाप्त हो जाएगी। जरा सोचिए, 2014 में जो नक्सल प्रभावित जिले 126 थे, वे अब घटकर मात्र 2 रह गए हैं। वे भी केवल नाम मात्र के। रैड कॉरिडोर या लाल गलियारा के नाम से पहचाने जाने वाले पूरे क्षेत्र में 12 राज्य और 70 प्रतिशत भूभाग शामिल था। आप यू.पी.ए. शासनकाल को याद करिए, जब भी आंतरिक सुरक्षा का सम्मेलन होता था, राज्यों के पुलिस प्रमुखों, गृह सचिवों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के भाषण में यह पंक्ति रहती ही थी कि आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा माओवाद है। पिछले लगभग 12 वर्ष की नक्सलवाद या माओवाद विरुद्ध मोदी सरकार की नीति का मूल्यांकन करेंगे तो एक निष्कर्ष यह आएगा कि राजनीतिक नेतृत्व के अंदर समस्याओं को लेकर संवेदनशीलता व सही समझ हो, उसके अंत करने के उपाय के प्रति दृष्टि साफ और संकल्पबद्धता हो तो परिणाम ऐसा आ सकता है। इस सुखद स्थिति के पीछे कई स्तरीय रणनीति थी। सख्त सुरक्षा कार्रवाई, माओवादियों से संपर्क कर उन्हें आत्मसमर्पण और सामान्य जीवन में आने के लिए प्रेरित करने का सतत अभियान, उनका आर्थिक ढांचा तोडना, क्षेत्र की विकास गतिविधियों के साथ स्थानीय लोगों से संपर्क एवं उनके अंदर सुरक्षा मिलने का आश्वासन पैदा करना। सुरक्षा एजैंसियों ने आतंकवाद बन चुके बड़े नक्सली नामों को संघर्ष में समाप्त किया। सुरक्षा कार्रवाइयों के दबाव में हजारों का आत्मसमर्पण हुआ। आर्थिक कमर तोडने के लिए राष्ट्रीय जांच एजैंसी (एन.आई.ए.) और प्रवर्तन निदेशालय को दायित्व दिया गया, जिससे नक्सलियों से अवैध करोड़ों रुपए जब्त किए गए। धन शोधन निवारण अधिनियम (पी.एम.एल.ए.) के तहत मामले दर्ज हुए और नक्सलियों को धन देने वालों को गिरफ्तार किया गया। इसके समानांतर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए बजट आबंटन में 300 प्रतिशत की वृद्धि की गई। प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल नैटवर्क लगे, सड़कें बनीं, राशन की दुकानें खुलीं, स्कूल चलाने की कोशिश हुई, स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं, बैंक, ए.टी.एम. और डाकघर खोले गए। रोजगार प्रशिक्षण के लिए आई.टी.आई. और कौशल केंद्र बनाए गए। सुरक्षा बलों के साथ में सांस्कृतिक-धार्मिक-सामाजिक गतिविधियों में लोगों को शामिल करने की कोशिश हुई और उनके



अंदर का भय मिटता गया तथा उनका भी सहयोग मिलने लगा। आत्मसमर्पण नीति लागू की गई, जिसमें आत्मसमर्पण करने वालों को आर्थिक मदद और पुनर्वास दिया गया। सरकार ने हर गांव तक पहुंच बनाई। क्रूरता, निर्दयता और दमन करने के आरोप लगाने वालों के सामने गृह मंत्री ने लोकसभा में आंकड़ा देते हुए कहा कि सन् 2024 से अब तक 706 नक्सली मारे गए जबकि उनकी तुलना में 2218 गिरफ्तार किए गए तथा 4849 ने आत्मसमर्पण किया। बात सीधी है और जैसा गृह मंत्री ने कहा कि मैं 50 बार कह चुका हूं कि हथियार डाल दो सरकार पुनर्वास की व्यवस्था करेगी। हथियार नहीं डाले तो जो गोली चलाएगा उसका जवाब गोली से मिलेगा यही सरकार की नीति है। ईमानदारी से विश्लेषण करेंगे तो निष्कर्ष यही आएगा कि गरीबी के कारण नक्सलवाद या माओवाद नहीं बढ़ा बल्कि लोगों को भड़का कर बरगला कर हथियार थमाए गए। उन्होंने अस्पताल, स्कूल जला दिए, सड़कें तोड़ दीं, खदान बंद कराए, जंगलों में मछली पालन से लेकर अन्य काम बंद हो गए, लोगों का बाहर जाना बंद कर दिया तो उनके सामने गरीबी और तंगहाली में आंसू बहाकर जीने के अलावा कोई चारा नहीं बचा। करीब 30 हजार लोगों की जान चली गई, जिनमें 5000 सुरक्षा कर्मी भी शामिल थे। 1967 में बंगाल के नक्सलबाड़ी से आरंभ आंदोलन आखिर इतना भयानक कैसे हो गया कि सरकार की पहुंच उन क्षेत्रों में समाप्त हो गई? सरकार की नीतियां सही होतीं तो तिरुपति से पशुपतिनाथ तक इतना बड़ा रैड कॉरिडोर कैसे बन सकता था? अगर सत्ता का समर्थन था ही नहीं तो 5 जुलाई, 2011 को नंदिनी सुंदर और अन्य लोगों द्वारा दायर एक याचिका के बाद उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति सुदर्शन रेड्डी की अध्यक्षता वाली पीठ ने सलवा जुडूम के बारे में फैसला देते हुए कहा कि माओवादियों के विरुद्ध लड़ाई गैर कानूनी थी। परिणाम यह निकला कि माओवादियों ने सलवा जुडूम से जुड़े लोगों की हत्या कर दी और कांग्रेस ने सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया। इसका मतलब क्या हुआ? यह बात तो सत्य है कि राहुल गांधी ने 2018 में हैदराबाद में माओवादी घुमांडी विठ्ठल राव से मुलाकात की। 2025 में कोऑडनेशन कमेटी ऑफपीस के साथ मुलाकात की। हिडमा जब मारा गया, तब इंडिया गेट पर 'कितने हिडमा मारोगे, हर घर से हिडमा निकलेगा' के नारे लगे जिसका वीडियो राहुल गांधी ने पोस्ट किया। बहरहाल, गृह मंत्री की इस घोषणा को आश्वासन माना जाना चाहिए कि सरकार मुद्दों के प्रति संवेदनशील है, वह सभी शिकायतें सुनने के लिए तैयार और हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। किंतु देश में माओवादी हिंसा करने वालों के दिन अब खत्म हो गए हैं, हथियार उठाने वालों को हिसाब देना होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक जितेन्द्र सिंह*
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रिजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,
For News : samradhinewslko@gmail.com, samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कुरना टिमरुख विद्यालय में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न

**सण्डीला/हरदोई।** विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कुरना टिमरुख में बुधवार को सत्र 2025-26 का वार्षिकोत्सव, परीक्षाफल वितरण एवं कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान महदेई, पूर्व प्रधान फहीम अहमद सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने नाटक व विदाई गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, वहीं कक्षा 1 से 5 तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, कक्षा 1 व 2 के निपुण छात्रों को स्कूल बैग तथा नियमित उपस्थिति वाले पांच बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया, साथ ही कक्षा 5 के सभी 40 छात्र-छात्राओं को विदाई स्वरूप भोजन थाल भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन संकुल शिक्षक मो. बिलाल ने किया तथा प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार बाजपेई ने अतिथियों को माला व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करते हुए शिक्षिकाओं अनामिका चौधरी व प्रतिभा को भी सम्मानित किया, अंत में उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, इस अवसर पर नुज़हत मैम, राहुल भारती, नेहा सिंह, अशोक कुमार, अंजना सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### राजकीय हाईस्कूल, भरखनी में मिशन शक्ति के तहत मोहिनी देवी बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य



**भरखनी, हरदोई।** एक अप्रैल 2026 बुधवार को राजकीय हाईस्कूल, भरखनी में मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण का भव्य आयोजन किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में संचालित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना और उन्हें प्रशासनिक व विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। **छात्राओं को प्रशासनिक दायित्वों का बोध:** कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन के प्रशासनिक पद की गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10 की मेधावी छात्रा मोहिनी देवी को सांकेतिक रूप से एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। इस दौरान मोहिनी ने प्रधानाचार्य के कक्ष में बैठकर विद्यालय की गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्हें पद की गरिमा, कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का संचार हो सके। **महिला कानूनों की दी गई जानकारी:** मिशन शक्ति के इस चरण में विद्यालय की बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महिला कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षकों द्वारा बताया गया कि किस प्रकार सजगता और कानूनी जानकारी उन्हें समाज में सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना सकती है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से बालिकाओं के मन से प्रशासनिक कार्यों का भय दूर होता है और वे भविष्य में उच्च पदों पर आसीन होने के सपने देख पाती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं।

### पुस्तकें ही बच्चों को ज्ञान, संस्कार और एकाग्रता का सर्वोत्तम माध्यमः जिलाधिकारी



**उरई (जालौन)।** शहर स्थित टाउनहॉल पुस्तकालय में एक प्रेरणादायक पहल के तहत एआरटीओ राजेश कुमार ने अपने पिता अमरचन्द्र पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष, ब्रह्मानन्द संस्कृत महाविद्यालय राठ, जनपद हमीरपुर के जन्मदिन के अवसर पर पुस्तकालय को पुस्तक अलमारी व विभिन्न विषयों की उपयोगी पुस्तकों का सप्रेम दान किया। दान की गई पुस्तकों में सामान्य विज्ञान, भूगोल, सामान्य अध्ययन, सामान्य ज्ञान, यूजीसी नेट, जेआरएफसे संबंधित विषयों की किताबें तथा सॉल्व्ड पेपर शामिल हैं, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए लाभकारी होंगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय को भी आमंत्रित कर इस सामाजिक पहल से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए अमरचन्द्र के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे मोबाइल, यूट्यूब व अन्य इंटरनेट माध्यमों में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं, ऐसे में पुस्तकों से जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि बच्चों के मानसिक विकास, एकाग्रता और संस्कार निर्माण का सशक्त माध्यम भी हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि समाज में पुस्तक दान जैसी सकारात्मक पहल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाय दान, दीप दान, वृक्ष दान और पुस्तक दान सभी समाज के उत्थान के लिए पुण्यकारी हैं, लेकिन पुस्तक दान ज्ञान का प्रसार कर भविष्य को दिशा देने वाला श्रेष्ठतम दान है। टाउनहॉल पुस्तकालय के प्रभारीध्केयरटेकर ने बताया कि यहां मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में ऑनलाइन अध्ययन के लिए इंटरनेट सुविधा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के लिए स्वच्छ पेयजल और एसी की भी व्यवस्था है। यह पहल न केवल पुस्तकालय को सशक्त बनाएगी, बल्कि नई पीढ़ी को पढ़ाई के प्रति प्रेरित कर सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

### संचारी रोगों पर प्रहार, 'दस्तक अभियान' से घर-घर पहुंचेगा जागरूकता संदेश



**उरई (जालौन)।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अप्रैल माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं 'दस्तक अभियान' का शुभारंभ हरी झंडी दिखा कर कलेक्ट्रेट परिसर उरई से किया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शपथ दिलाई गई और आमजन को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन के निर्देशन में यह अभियान 01 से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जबकि 'दस्तक अभियान' 10 से 30 अप्रैल तक विशेष रूप से चलाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव, साफ-सफाई, मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम एवं समय पर उपचार के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही अन्य विभाग भी अपने-अपने स्तर पर अभियान को सफल बनाने हेतु समन्वित रूप से कार्य करेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अपील की कि नागरिक अपने घरों व आसपास साफ-सफाई रखें, जलभराव न होने दें तथा यदि किसी को बुखार या अन्य लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी वीरेंद्र सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मलेरिया विभाग, नगर निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान**

# द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन

▸ साफ़-सफाई, मच्छर रोधी गतिविधियों और लू से बचाव पर रहेगा जोर

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक बुधवार को स्वामी विवेकानंद बैठक सभागार कलेक्ट्रेट हरदोई में आयोजित हुई। 01 अप्रैल से प्रारम्भ हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में जिला अधिकारी महोदय ने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को माइक्रोप्लान के अनुसार समय से सभी गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि प्रत्येक दिन नगर निकायों में फागिंग की जाये। जहां पर प्रधानों की उपस्थिति संवेदीकरण बैठक में कम रही वहां पुनः बैठक करें। आपने बताया कि इस वर्ष मार्च से जून माह तक तेज गर्मी एवं लू चलने का एलर्ट जारी किया गया है। इसलिए लू से बचाव के लिए सभी विभाग अपने स्तर से संभव प्रयास करें। सभी ग्रामों तथा शहरी इलाकों में पीने के पानी तथा शेल्टर्स की की समुचित व्यवस्था की जाए। मेडिकल कॉलेज व सौ शैय्या सहित सभी सीएचसी पर लू के रोगियों हेतु विशेष वार्ड बनाए गए हैं। आबादी वाले क्षेत्रों से सूकरबाड़ों को दूर रखा जाए, झाड़ियों की कटाई तथा नालियों की साफ़-सफाई कराई जाए। सभी विभागों से माइक्रोप्लान प्राप्त हो गये है तथा फ्रंट लाइन वर्कर्स का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भवनाथ पाण्डेय, सहयोगी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो के अधीक्षक, डब्ल्यू एचओ, यूनीसेफ के प्रतिनिधियों के साथ अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अति कुपोषित बच्चों को तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें: सीडीओ



**हरदोई।** बुधवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत आयुष विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने आयुष केन्द्र चिकित्सकों को निर्देश दिये कि नियमित अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाकर कुपोषित बच्चों की जांच करें और अति कुपोषित बच्चों को तत्काल एनआरसी पर भर्ती करायें। उन्होने कहा इसके अतिरिक्त अपने क्षेत्र में आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के भी छोटे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करें और दवायें आदि उपलब्ध करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चिकित्सक आयुष केन्द्रों पर आने वाले ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण करें और उचित दवायें उपलब्ध करायें। उन्होने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आशा रावत को निर्देश दिये कि सभी आयुष केन्द्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायें और जो दवायें नही है उनकी डिमान्ड भेजें। बैठक में सभी आयुष केन्द्र प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

### प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत, 11 नए छात्रों का नामांकन

**संडीला/हरदोई।** शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हुए नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय सुन्दरपुर सण्डीला में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें कक्षा 1 व कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले बच्चों का इन्चार्ज प्रधानाध्यापक व समस्त शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा नव नामांकित बच्चों को टॉफी व खिलौने वितरित कर प्रोत्साहित किया गया; इस अवसर पर कक्षा 1 में 6 तथा कक्षा 6 में 5 बच्चों ने नामांकन कराया, जबकि विद्यालय के कुल 212 नामांकित विद्यार्थियों में से 148 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम में सहायक अध्यापक सर्वेंद्र कुमार, अनिल कुमार, आनंद कुमार गौतम, रुचि सिंह, सनोबर खातून, तरुण कुमार गोस्वामी, वंदना शर्मा एवं रीता देवी सहित समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

### आंधी-पानी का कहर, पेड़ गिरने से युवक घायल, मकान का छज्जा क्षतिग्रस्त



**जालौन (उरई)।** ग्राम पंचायत सालाबाद में बीती रात आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने एक परिवार को भारी नुकसान पहुंचाया। तेज हवाओं के चलते एक बड़ा बबूल का पेड़ घर के छज्जे पर गिर गया, जिससे मकान का हिस्सा टूटकर नीचे आ गिरा और एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान राजकुमार धानुक (पुत्र रामशंकर) निवासी सालाबाद के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी आलोक पाल व थाना प्रभारी जालौन हरिशंकर सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बाद में टीम द्वारा पेड़ को काटकर हटाने की कार्रवाई कराई गई, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका को टाला जा सका। वहीं लेखपाल पुष्पेंद्र कुमार ने मौके का निरीक्षण कर क्षति का आंकलन किया और आवश्यक कागजी कार्रवाई करते हुए आपदा राहत के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की। घायल के परिजन अजय (पुत्र रामशंकर) ने बताया कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और इस हादसे में मकान का छज्जा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रात्रि के समय तेज हवाएं, भारी बारिश और ओलावृष्टि के चलते यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में खतरनाक पेड़ों की समय रहते छंटाई या हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## विद्यालय में गांव के बच्चों का हो शत प्रतिशत नामांकनः त्रिपुरेश मिश्रा

▸ प्राथमिक विद्यालय में कोर्स वितरण के साथ निकाली गई जागरूकता रैली

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



एक अप्रैल को विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय, मुरीदापुर में नवीन शैक्षिक सत्र (2026-27) के शुभारंभ के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा द्वारा की गई।

इस अवसर पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव, छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण, नवीन पुस्तक वितरण तथा स्कूल चलो अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्री मिश्र ने अपने कर-कमलों से बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर अभिभावक जागरूकता रैली (स्कूल चलो अभियान) निकाली गई। सभी ने पूरे उत्साह के साथ इस रैली में प्रतिभाग किया और बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लालाराम राजपूत (जिला पंचायत सदस्य), राजेश कुमार (खंड शिक्षा अधिकारी, शाहाबाद), त्रिलोकीनाथ अग्निहोत्री, देवेन्द्र राजपूत (नि.वर्तमान मंडल अध्यक्ष), रणवीर राजपूत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, अभिभावकगण और बच्चे उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार किया, बल्कि समाज में सब पढ़ें, सब बढ़ें का एक बेहद सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश भी प्रवाहित किया।

**अदालती नोटिस**
**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**
**न्यायालय श्रीमान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश महोदय लखनऊ।**
**मिसलेनियस वाद संख्या-02/2026**
**तारीख पेशी-23/04/2026**

जितेन्द्र त्रिवेदी, पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद त्रिवेदी, निवासी म.नं.-1/198ए, जियामऊ-1, हजरतगंज, लखनऊ। ....वादी

**बनाम**

1-अनन्त राम प्रसाद त्रिवेदी पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद त्रिवेदी, निवासी म.नं.-1/198ए, जियामऊ-1, हजरतगंज, लखनऊ।
2-श्रीमती संगम शुक्ला पत्नी राजेन्द्र कुमार शुक्ला निवासिनी म.नं.-5/302, रजनीखण्ड, शारदानगर योजना, लखनऊ।
3-जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ, उत्तर प्रदेश। ....विपक्षीगण

**मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के संरक्षक की नियुक्ति के लिए मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम-1987 की धारा-53 के तहत याचिका**

हरगाह वादी ने आपके नाम से एक नालिश दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23/04/2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों बयान तहरीरी दिनांक 23/04/2026 को दाखिल करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत से जारी किया गया।

**आज्ञा से न्यायालय श्रीमान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश महोदय लखनऊ।**

## कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

▸ स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प
▸ जनसुनवाई से सीधे विद्यालय तक पहुंचा 11 वर्षीय ऋतिक, डीएम ने खुद कराया नामांकन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिला मुख्यालय के बघौरा स्थित उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह एवं अपर जिलाधिकारी संजय कुमार के साथ संयुक्त रूप से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ कर जनपद में शिक्षा की अलख जगाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को पुस्तकें एवं स्कूल बैग वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया और अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि 1 अप्रैल 2026 से जनपद के सभी 1489 परिषदीय विद्यालयों में यह अभियान प्रारंभ कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत लगभग 14 हजार बच्चों के नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के पहले ही दिन बघौरा विद्यालय में 40 बच्चों का नामांकन किया गया, जिससे बच्चों एवं अभिभावकों में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत ऐसे बच्चों को विशेष रूप से चिन्हित किया जा रहा है जो अभी तक शिक्षा से वंचित हैं, खासकर 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। साथ ही 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूल प्रबंधन समितियों को घर-घर जाकर बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन कराने की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा विद्यालय से जोड़ने हेतु विशेष रणनीति तैयार की गई है। यह अभियान 15 अप्रैल तक संचालित रहेगा तथा 30 अप्रैल को इसकी व्यापक समीक्षा की जाएगी। जिले की साक्षरता दर 81.6 प्रतिशत बताते हुए जिलाधिकारी ने इसे और बेहतर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सीएलटीसी ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों की जीओ टैगिंग की

**रामपुरा (जालौन)।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में नियमों का हो रहा अनुपालन तहसील माधौगढ़ के नगर पंचायत रामपुरा में सीएलटीसी के द्वारा की गई। जीओ टैग नगर पंचायत रामपुरा, माधौगढ़ में सीएलटीसी अनुज पालीवाल ने स्वयं गरीब लाभार्थियों के आवासों का स्थानीय निरीक्षण कर जीओ टैग की गरीबी के घर बन रहे है देखकर सभी लाभार्थियों के उच्च गुणवत्ता का ख्याल रखते हुए निर्देश भी दिया कि सभी अपने अपने घर का निर्माण सही तरीके से कराए और जहां भी आवास बनाये कोई विवादित जगह न हो अन्यथा की स्थिति में आवास निर्माण में बाधा हो सकती हैं अगर कोई भी किसी प्रकार से धन उगाही करता हैं तो ये जानकारी सीधे डूडा ऑफिस में दे जिससे उस व्यक्ति पर कठोरतम कार्यवाही की जा सके। यह योजना पूर्णता निःशुल्क है इस योजना में हर गरीब का पक्का घर हो प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में कोई भी गरीब जिसके पास पक्का घर न हो आवेदन कर सकता हैं।

**कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी,जनपद जालौन।**

पत्रांक- 05/जि.आ.अधि./व्यवस्थापन/2026-27/जालौन/ दिनांक- 01.04.2026

**ई-टेण्डर सम्बन्धित विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद की अव्यवस्थित आबकारी दुकानों का राजस्व हित में दैनिक आधार संचालन दिनांक 04.04.2026 से चौदह दिनों कि अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक इसमें से जो भी पहले हो, के लिए किया जाना है। दुकानों का दैनिक आधार पर संचालन हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक 04.04.2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक अपना ऑफर / सार्वजनिक लॉटरी हेतु निविदा कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वि.एवं रा.) जालौन स्थान उरई कलेक्ट्रेट परिसर में जमा कर सकते है। निविदा खोले जाने का दिनांक 04.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे है। मदिरा दुकानों का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | मद का प्रकार | शॉप आई.डी. | दुकान का नाम | वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित वार्षिक एम.जी.क्यू. (ब.ली. में) | 14 दिन का एम.जी.क्यू. | 14 दिन हेतु बेसिक लाइसेंस फीस रू. 32 से गुणा करने पर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देशी शराब | 25268154 | गणेशगंज नं. 2 | 63780 | 2446 | 78283 |
| 2 | देशी शराब | 25268673 | मालगोदाम उरई | 73284 | 2811 | 89949 |
| 3 | देशी शराब | 252620980 | पड़री | 15300 | 587 | 18779 |
| 4 | देशी शराब | 252622401 | बंगरा नं.2 (पुराना रेंढ़र रोड) | 49704 | 1906 | 61007 |
| 5 | देशी शराब | 252622465 | मिझौना | 17904 | 687 | 21975 |
| 6 | देशी शराब | 252622729 | टीहर | 23844 | 915 | 29266 |
| 7 | देशी शराब | 252622805 | कुरसेंड़ा | 26784 | 1027 | 32875 |

इच्छुक व्यक्ति उक्त दुकानों की सूची, अन्य आवश्यक विवरण एवं शर्तें कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जनपद जालौन के सूचना पट्ट जनपद की वेबसाइट https://jalaun.nic.in पर देखा जा सकता है। जनपद की देशी शराब दुकान खर्रा एवं कम्पोजिट दुकान हरदोई राजा के अनुज्ञापन के सम्बन्ध में मा. न्यायालय में वाद योजित है। उक्त दुकानों का व्यस्थापन मा. न्यायालय के अन्तिम निर्णय के अधीन रहेगा।

**भूपेन्द्र सिंह**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**जनपद जालौन।**

**राजेश कुमार पाण्डेय**
**जिलाधिकारी/ लाइसेंस प्राधिकारी**
**जनपद जालौन।**

## एसपी ने कार्यभार संभाल थाना प्रभारियों से की वर्चुअल जनसुनवाई

▸ शिकायतों को गंभीरता से लेकर संवेदनशीलता के साथ करें कार्रवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिले में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के स्थानांतरण के बाद आज नवागत पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। सत्ता संभालते ही नए एसपी ने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए वर्चुअल जनसुनवाई की शुरुआत की। आज नवागत पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सभी क्षेत्राधिकारियों (सीओ) और थाना प्रभारियों (एसएचओ) के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न थानों और पुलिस कार्यालयों में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सीधे सुना। एसपी सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फरियादियों की समस्याओं का उचित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि आईपीएस अधिकारी विनय कुमार सिंह इससे पूर्व लखनऊ स्थित एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। वह कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में एक अनुभवी और सख्त अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। एटीएस में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई संवेदनशील एवं चर्चित मामलों में सक्रिय भूमिका निभाकर अपनी सूझबूझ का परिचय दिया। पुलिस विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उनकी कार्यशैली सख्त, सतर्क और परिणाममुखी मानी जाती है। जालौन जैसे संवेदनशील जिले में उनकी तैनाती से अपराध नियंत्रण में तेजी आने तथा पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने की व्यापक उम्मीद जताई जा रही है।

# जनपद में स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने फिरोज गांधी कॉलेज ऑडिटोरियम रायबरेली में आयोजित 01 से 15 अप्रैल 2026 तक स्कूल चलो अभियान एवं 01 से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान का शुभारम्भ किया तथा मा0 उद्यान मंत्री द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा,




जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

**स्कूल की बालिकाओं ने अतिथियों का किया स्वागत**

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय सूची की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं पीएम श्री विद्यालय रुझईया भीखमशाह की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत तथा कम्पोजिट विद्यालय भुएमऊ की बालिकाओं द्वारा स्कूल चलों अभियान गीत पर प्रस्तुति की गई। स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ करते हुए नये पंजीकरण के 07 बच्चों को पुस्तक वितरित की गयी तथा विद्यालयों में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले 05 अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर जनमानस में जन जागरूकता हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर मा0 उद्यान मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनपद में शत प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में आज स्कूल चलो अभियान व विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज से ''स्कूल चलो अभियान'' की शुरुआत हो रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। 'स्कूल चलो अभियान'' का उद्देश्य यह अभियान बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने का काम करेगा।

## दो अलग-अलग गांव में पांच बीघा गेहूं जलकर हुआ राख



**महराजगंज रायबरेली।** चन्दापुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव में लगी आग पांच बीघा गेहूं जलकर हुआ राख हाई टेंशन लाइन से मऊ शर्की गांव में जहां अखिलेश सिंह सर्वेश सिंह पुत्र बुद्धि सिंह का तीन बीघे फसल जलकर राख हो गई तो वहीं चंदापुर थाना क्षेत्र के ज्योना ग्राम पंचायत निवासी तेज बहादुर यादव पुत्र अहोरवादीन यादव निवासी पुरे जालिम सिंह मजरे ज्योना की दो बीघा गेहूं की फसल हाई टेंशन लाइन से जलकर राख हो गई किसान ने बताया कि हम लोगों के पास यही रोजी-रोटी है और हाई टेंशन लाइन की भेंट हमारा गेहूं चढ़ गया।

## आजाद नगर व आर्य नगर की एक करोड़ से बदलेगी सूरत

नगर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जा रहा है: प्रभात साहू



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत को मिली एक करोड़ की सौगात अब होगा दो वार्डों में भरपूर विकास। नगर पंचायत महराजगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया कि नगर पंचायत महराजगंज उनके विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने बताया कि आजाद नगर और आर्य नगर में एक करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का काम होना है और दोनों वार्डों पर एक करोड़ रुपए खर्च होगा।श्री साहू ने बताया कि आजाद नगर वार्ड नंबर 1 में राम हरक के मकान से लेकर राम प्यारे के मकान तक सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा तो वहीं वासुदेव के मकान से राम आधार के मकान तक वार्ड नंबर 1 में सीसी रोड का निर्माण किया जाना है उन्होंने कहा मोहल्ला आर्य नगर वार्ड नंबर 2 अवस्थी के मकान से कूटी तक सीसी रोड तथा वार्ड संख्या दो आर्य नगर किशोर के मकान से जीजीआईसी स्कूल रोड तक सीसी रोड वार्ड संख्या दो मोहल्ला आर्य नगर में अजय के मकान से नवनिर्मित सीसी रोड कवर नाली नलकूप तक बनाई जाएगी उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या एक आजाद नगर रामदीन के मकान से संतलाल के मकान तक सीसी रोड कवर नाली बनाई जाएगी श्री साहू ने बताया कि ये परियोजनाएं हैं जो कि दो वार्डों में इन परियोजनाओं की बदौलत सड़कों का निर्माण कार्य और नालियों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी श्री साहू ने कहा कि नगर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है निरंतर नगर का विकास किया जा रहा है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्वीकृत हुए 65 लाख

एमएलसी के प्रयास की हो रही सराहना

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सिरौलीगौसपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत भैसुरिया में एक सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए 65 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह की पहल पर इस परियोजना को मंजूरी प्रदान की है।एमएलसी अंगद सिंह ने जिले के भैसुरिया गांव में सामुदायिक केंद्र बनाने की मांग की थी। समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने एमएलसी अंगद सिंह को पत्र लिखकर इस संबंध में



जानकारी दी। मंत्री ने अपने पत्र में बताया कि उनके अनुरोध पर भैसुरिया गांव में सामुदायिक केंद्र के लिए यह राशि स्वीकृत की गई है।इस सामुदायिक केंद्र के बनने से क्षेत्र के रामपुर, सैदनपुर सहित आसपास के गांवों के लोगों को लाभ मिल सकेगा। यह केंद्र स्थानीय निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगा।मंत्री असीम अरुण ने पत्र में एमएलसी अंगद सिंह से अनुरोध किया है कि वे अपने क्षेत्र में बनने जा रहे इस केंद्र के निर्माण कार्य का नियमित अनुश्रवण और निरीक्षण करते रहें।इस स्वीकृति की जानकारी क्षेत्र में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। एमएलसी अंगद सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्री असीम अरुण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य जिले में आवश्यक विकास कार्यों को मुख्यमंत्री के माध्यम से पूरा करवाना है और सरकार लगातार विकास के कार्य कर रही है।

# रंगमंच अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम : ललित सिंह पोखरिया

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

पूर्व माध्यमिक (उच्च प्राथमिक) विद्यालय सुरवारी में व्यक्तित्व-विकास नाट्यकार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त ललित सिंह पोखरिया ने कहा कि रंगमंच अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है। बच्चों और युवाओं के बहुमुखी व्यक्तित्व-विकास में भी इसकी अद्वितीय भूमिका रहती है। इसी उद्देश्य से 29-30 मार्च 2026 को पूर्व माध्यमिक (उच्च प्राथमिक) विद्यालय सुरवारी में दो दिवसीय नाट्यकार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला का आयोजन लखनऊ में स्थापित देश की प्रसिद्ध रंगमंच संस्था 'निसर्ग' के द्वारा किया गया। जिसका निर्देशन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित निर्देशक ललित सिंह पोखरिया द्वारा किया गया। जो कि 'निसर्ग' संस्था के संस्थापक-अध्यक्ष भी हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार गौतम जी ने बताया कि 'निसर्ग' संस्था द्वारा आयोजित




कार्यशाला में श्री पोखरिया ने अपने सहायक कलाकार शिवम कुमार के साथ बच्चों के भीतर धैर्य, एकाग्रता, संवेदनशीलता, चिन्तनशीलता, कल्पनाशीलता, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता आदि गुणों के विकास के लिए अनेक रोचक अभिनय-अभ्यास कराये। यह कार्यशाला बच्चों के लिए अत्यन्त लाभदायक रही। विद्यालय के अन्य अध्यापकों ने भी इस कार्य की बड़ी सराहना की। कार्यशाला में लगभग सौ बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और बड़ा आनन्द उठाया। इस आयोजन में क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी और आदर्श सेवा संस्थान के प्रबन्धक डॉक्टर सुरेश चन्द्र शर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने भी इस कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय में इस प्रकार की कार्यशालाएँ बड़ी महत्वपूर्ण और आवश्यक हैं। ज्ञातव्य है कि निसर्ग संस्था द्वारा जनपद बाराबंकी के कंपोजिट विद्यालय धौखरिया में भी एक चार दिवसीय नाट्यकार्यशाला का आयोजन विगत 9 मार्च से 12 मार्च 2026 तक किया गया। श्री पोखरिया दोनों विद्यालयों के परिसर की स्वच्छता-सुन्दरता को देखकर, बच्चों के अनुशासन और स्फूर्ति को देखकर, प्रधानाचार्य जी सहित सभी अध्यापकगणों की लगनशीलता और बच्चों के साथ उनके व्यवहार को देखकर और सुव्यवस्थित प्रबन्धन और शिक्षण कार्य को देखकर अत्यन्त प्रभावित हुए हैं।

वह भविष्य में भी इन विद्यालयों में अपनी संस्था निसर्ग के द्वारा रंगमंच-शिविर का आयोजन करना चाहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### महुआ बिनने के विवाद में महिलाओं से हिंसक झड़प



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के बनवारीपुर गांव से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां महिलाओं के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। बताया जा रहा है कि महुआ बिनने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया। इस दौरान एक महिला और उसकी बेटी को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ दबंगों द्वारा महिलाओं से छेड़खानी की गई थी, जिसका विरोध करने पर उन्होंने महिला और उसकी बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही जा रही है।

### तलवार लेकर पहुंचे दबंग ने गाली-गलौज कर जान से मारने की दी धमकी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र मोहनगंज में दबंगई और धमकी का एक



सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। गांव कटोरवा निवासी सूरज पाल यादव ने गांव के ही निवासी एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है कि गांव का ही एक दबंग युवक ने तलवार लेकर उनके घर पहुंचकर न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि जान से मारने की खुली धमकी भी दी है। पीड़ित के अनुसार, घटना 30 मार्च की शाम लगभग 5:30 बजे की है, जब वह भैंस चराने गया हुआ था और घर पर उसकी बहू अकेली थी। इसी दौरान आरोपी हाथ में तलवार लेकर घर पहुंचा और दरवाजे पर खड़े होकर अश्लील गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने धमकी दी कि अगर मुकदमे में गवाही दी गई तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपी अक्सर घर के बाहर आकर गाली-गलौज करता है और लगातार जान से मारने की धमकियां देता रहता है, जिससे परिवार में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग की है।

# ट्रांसफार्मर की चिंगारी से जली गेहूं की फसल



दम घुटने से एक किसान की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बाबूपुर सरैया गांव में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। गेहूं के खेत में लगी भीषण आग बुझाने के दौरान दम घुटने से एक 55 वर्षीय किसान मुख्तार अहमद की तबीयत बिगड़ गई, जिससे चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक बाबू सरैया गांव निवासी बाबादीन के खेत में लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली, जिसने खेत में पड़े गेहूं के अवशेष में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के कई खेतों तक फैल गई। इस अग्निकांड में मोईद, मोईन, शायजहां, वसीम और उम्मर के करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल है।

## मौसम की करवटें किसानों की बढ़ा रही धड़कनें

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** बुधवार की भोर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं की फसल कई स्थानों पर गिर गई, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह पक चुकी थी और एक-दो दिन में कटाई शुरू होने वाली थी, लेकिन मौसम के अचानक बदले मिजाज ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। मुरारपुर निवासी शिवकुमार सिंह, अशोक कुमार तिवारी, राकेश सिंह, मुन्ना व शिवशंकर तिवारी तथा दिलोना गांव के सुलेमान सिद्दीकी और विनोद ने बताया कि तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है।

# चोरी की बकरियों के साथ शातिर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान के तहत बुधवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त अंसार उर्फ चितऊ उर्फ समीर पुत्र नासिर अली उर्फ खूंटी निवासी ग्राम भैंसना थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ व नफीस पुत्र सफीक निवासी ग्राम अठेहा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया है। उक्त अभियुक्त मोटरसाइकिल पर 2 बकरियां बांधे हुये थे। जिसके संबंध में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि इनमें से एक बकरी करीब 3 माह पहले ग्राम खजुरी व एक बकरी 3-4 दिन पहले ग्राम गिरधरशाह कोरारी से चोरी की गई थी। जिसके संबंध में थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत किये गये थे।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अंसार एक शातिर अपराधी है जिनके विरुद्ध जनपद अमेठी व जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न थानों पर पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त अंसार के विरुद्ध चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट व गैंगस्टर एक्ट सहित पूर्व में 13 अभियोग पंजीकृत हैं।

# आंधी और बारिश से फसलों को भारी नुकसान, कटाई प्रभावित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सोमवार की देर रात आई धूल भरी तेज आंधी और तेज बारिश ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अचानक बदले मौसम के मिजाज का सबसे ज्यादा असर खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल पर पड़ा है। तेज हवाओं के झोंकों और बरसात के कारण कई खेतों में फसल जमीन पर गिर गई, जिससे कटाई का कार्य प्रभावित हो गया है। किसानों के अनुसार, इस समय गेहूं की कटाई का महत्वपूर्ण दौर चल रहा है। फसल गिर जाने से हार्वेस्टर मशीनें ठीक से काम नहीं कर पातीं, वहीं हाथ से कटाई करने में अधिक समय और श्रम लग रहा है। गिरी हुई बालियां मिट्टी के संपर्क में आने से दाने के खराब होने की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों का कहना है कि इस अप्रत्याशित मौसम ने उनकी मेहनत पर असर डाला है। अतिरिक्त मजदूरी, समय और लागत बढ़ने से आर्थिक दबाव भी बढ़ गया है। कई किसानों ने प्रशासन से



नुकसान का आकलन कर उचित सहायता देने की मांग की है, ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सके। मौसम की इस मार ने किसानों की उम्मीदों को लम्बा झटका दिया है।

# बाल श्रम के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार एक अप्रैल को बाल श्रम के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए उपजिलाधिकारी गौरीगंज एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने मुंशीगंज क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर बाल श्रम पर पूर्ण प्रतिबंध करने की कार्रवाई की। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल कल्याण समिति एवं मानव तस्करी रोधक इकाई एएचटीयू की संयुक्त टीम ने मुंशीगंज चौराहा, होटलों, स्पा सेंटरों तथा संजय गांधी नर्सिंग हॉस्टल का औचक निरीक्षण कर सभी प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम न कराने की कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में



नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान किसी भी स्पा सेंटर में नाबालिग बालक या बालिका कार्यरत नहीं पाए गए। अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव एवं रुचि सिंह, बाल कल्याण समिति के नीरज पांडे, एएचटीयू टीम प्रभारी रामराज कुशवाहा, हेड कांस्टेबल शिवा प्रताप सिंह तथा थाना मुंशीगंज की पुलिस टीम मौजूद रही।

# सचिव संतलाल पटेल से अरुण कुमार और अशोक कुमार से क्या संबंध सभी पंचायत में लग रहा भुगतान

**सीतापुर।** विकासखंड रेउसा में तैनात सचिव संतलाल पटेल के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत में दो व्यक्तियों के नाम अशोक कुमार और अरुण कुमार के खाते पर कई फर्जी भुगतान लगाए गए हैं आखिर सचिव संतराम पटेल का इन दो व्यक्तियों से क्या संबंध है जो अपने सभी ग्राम पंचायत में लगभग सभी ग्राम पंचायत में भुगतान लग रहे हैं सचिव संतराम पटेल के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से दो व्यक्तियों पर इतना मेहरबान हो गए की प्रधान से मिलकर दोनों व्यक्ति अशोक कुमार और अरुण कुमार पर भुगतान लगाने का कार्य कर रहे हैं जबकि




सरकार और प्रशासन ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए विशेष ध्यान दे रही है परंतु सचिव और प्रधान अपनी जेब भरने के लिए फर्जी भुगतान लगाने का कार्य तेजी से करते हुए नजर आ गए हैं क्या खंड विकास अधिकारी इस मामले पर निष्पक्ष जांच करवा पाएंगे क्या हकीकत आम नागरिकों के सामने आ पाएगी या कागजों पर ही तब कर रह जाएगी।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी रेउसा प्रवीण जीत से बातचीत की गई तो उनके द्वारा बताया गया मामला संज्ञान में आया है मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा स्कूल चलो अभियान-2026 का शुभारम्भ 01 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को प्रातः 10.00 बजे किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता के अंतर्गत समस्त परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र नामांकन में अभिवृद्धि एवं पंजीकृत छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों में स्कूल चलो अभियान वृहद स्तर पर आयोजित किये जा रहे हैं जिसके क्रम में जनपद सीतापुर में स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 06 से 14 वर्ष के वय वर्ग के बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन, विद्यालयों में कराने के लक्ष्य को पूरा करने के लिये जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या व सदस्य विधान सभा परिषद, उ0प्र0 के प्रतिनिधि तथा जिला विद्यालय निरीक्षक व विभिन्न विद्यालयों के बच्चे, अध्यापक, अभिभावक, एवं अन्य अधिकारी /कर्मचारी शामिल हुये। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु के द्वारा माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ व बैज लगाकर किया गया। क0गॉ0बा0वि0 खैराबाद के बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना, कम्पो0 विद्यालय जमैयतपुर, विकास खण्ड-खैराबाद के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व तथा प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर, विकास खण्ड-खैराबाद स्कूल के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान की थीम पर जागरूकता कार्यक्रम तथा कौशल गीत प्रस्तुत किया गया। तदोपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर के द्वारा स्कूल चलो अभियान एवं जनपद में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं उनकी प्रगति के सम्बन्ध में रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। नगर विकास राज्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में जनपद के समस्त बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने की अपील की तथा परिषदीय विद्यालयों में हो रही गतिविधियों को करा रहे अध्यापको की प्रशंसा की। मैथोडिस्ट मिशन कन्या जूनियर हाईस्कूल, सीतापुर के प्रांगण में एल0ई0डी0 वैन को नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, सदस्य विधानसभा परिषद, उ0प्र0 के प्रतिनिधि, जिलाधिकारी महोदय, मुख्य विकास अधिकारी महोदया, जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय सीतापुर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर जनपद के अन्य विकास खण्डों में दिनांक 15 अप्रैल 2026 तक कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु रवाना किया गया।

## विकास कार्यों व निकाय अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं की बैठक संपन्न

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के विकास कार्यों एवं निकाय अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं एवं 15वें वित्त आयोग की टाइड ग्रांट एवं अनटाइड ग्रांट की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि संचालित निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाय। कार्यों के सापेक्ष नियमानुसार समय से भुगतान भी सुनिश्चित किया जाय। तंबौर नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के वाटर कूलर स्थापना सम्बन्धित कार्यों के अपूर्ण होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

# होटल पर एडीएम का छापा, आठ इकाइयों पर जुर्माना

- बिना पंजीकरण संचालित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई,सीलिंग की चेतावनी
- 15 दिन में पंजीकरण कराने के निर्देश




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में होटल, गेस्ट हाउस और मैरिज हॉल संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) देवेंद्र सिंह ने सराय अधिनियम 1867 के तहत औचक निरीक्षण कर 8 इकाइयों पर जुर्माना लगाया।

निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठान बिना पंजीकरण के संचालित पाए गए। इन प्रतिष्ठानों को पहले भी नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। इस पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। पूर्व में जारी नोटिसों के बावजूद पंजीकरण न कराने वाली 8 इकाइयों पर अर्थदंड लगाया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सील भी किया जाए। निरीक्षण के दौरान कई संचालक पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं दिखा सके। एडीएम ने स्पष्ट कहा कि ऐसे मामलों में तत्काल विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नव स्थापित और हाल ही में संचालित इकाइयों को पंजीकरण के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद पूरे जिले में पुनः अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडीएम ने कहा कि होटल और गेस्ट हाउस में ठहरने वाले लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए फायर सेफ्टी उपकरण, खाद्य सुरक्षा विभाग से एनओसी और अन्य जरूरी मानकों का पालन अनिवार्य है। इन सभी शर्तों के पूरा होने के बाद ही सराय अधिनियम के तहत पंजीकरण किया जाता है।

## सीडीओ ने दिखाई स्कूल चलो रैली को हरी झंडी

**कन्नौज।** बेसिक शिक्षा विभाग का स्कूल चलो अभियान मंगलवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, नगर क्षेत्र कन्नौज में शुरू हुआ। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी व जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने कक्षा 1 से 8 तक के 13 नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें व स्टेशनरी किट वितरित की। वहीं 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए 19 शिक्षकों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सीडीओ ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे, इसके लिए शिक्षकों को घर-घर संपर्क कर अभिभावकों को जागरूक करना होगा। अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ज्ञान ही व्यक्ति को सही दिशा देता है और जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।

# न.प. का विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

- नगर के सभी वार्डों में 1 से 30 अप्रैल तक होगी विशेष सफाई




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगरपालिका के सभी वार्डों में 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। इसके तहत हर वार्ड में विशेष सफाई सहित कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जाएगा। बुधवार को जेई रविराज कौशल ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा बरसात के मौसम में बीमारी की अधिक संभावना होती है। लापरवाही के कारण मलेरिया व डेंगू आदि संचारी रोग किसी को भी हो सकते हैं लेकिन सावधानी बरतने से इसे रोका जा सकता है। उन्होंने कहा बीमारी की जंग जीतने के लिए स्वच्छता आवश्यक है। अभियान के दौरान सफाई व चूने के छिड़काव के साथ हर मोहल्ले में सैनिटाइजेशन का काम खास तौर पर किया जाएगा। नगर पालिका कैंपस से प्रारंभ हुई रैली वार्ड 1 अंबेडकर नगर पहुंची और वहां पर सफाई अभियान शुरू किया गया। इस दौरान सफाई प्रभारी अमरदीप, सहायक सफाई प्रभारी प्रवेश यादव, सफाई नायक सुभाष चंद्र, सलाउद्दीन, सूरज कुमार राजेंद्र कुमार आनंद कुमार, सुजीत कुमार व अमरजीत सहित ई-रिक्शा, ट्रिपर चालक तथा सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# कक्षाओं के मेधावी बच्चे किए गए पुरस्कृत



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय भारापुर आयोजित कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2024-25 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया एवं कक्षा 5 उत्तीर्ण बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उपहार देकर विदाई दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र ने कहा यहां के शिक्षकों द्वारा सीमित संसाधनों में भी शानदार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों को आगे की कक्षाओं के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री सत्येंद्र यादव ने कहा शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बच्चे अपना भविष्य बदल कर अपने माता पिता के सपनों को साकार कर सकते हैं। प्रधानाध्यापिका शालिनी यादव ने ग्राम प्रधान से कहा कि बारिश में विद्यालय में काफी पानी भर जाता है। उन्होंने मिट्टी का भराव और इंटरलॉकिंग कराने की मांग की। इस पर ग्राम प्रधान ने शीघ्र कार्य कराने का आश्वासन दिया। नोडल शिक्षक सतेंद्र सक्सेना ने कक्षा 5 पास बच्चों को अपने विद्यालय में अध्ययन हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर कक्षा 5 से अर्जुन, प्रांशु, प्रिया, प्रांशी, कक्षा 4 से अनीस, हर्ष, आरव, खुशी, कक्षा 3 से प्रज्ञा, अर्पित, नंदनी, कक्षा 2 से साहिल, सत्यवीर, कक्षा 1 से गगन, नव्या, आशिकी को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवराम सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन विपिन कुमार ने किया।

## बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली, लगाए शैक्षिक नारे




**छिबरामऊ, कन्नौज।** शिक्षण सत्र के प्रथम दिन प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने 'स्कूल चलो अभियान' के तहत रैली निकालकर जन-जागरण किया। रैली में शामिल बच्चे उत्साह से नारे लगा रहे थे- पढ़ी-लिखी लड़की रोशनी घर की, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, स्कूल चलो, सपने सजाओ, पढ़ो तो आगे बढ़ो और हर बच्चा स्कूल, हर बच्चा साक्षर। बच्चों ने पूरे गांव का भ्रमण किया और लोगों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। रैली विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नीरज पाल ने कहा स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। यदि हम उन्हें स्कूल भेजेंगे तो ही समाज उन्नति करेगा। कोई भी बच्चा, चाहे लड़का हो या लड़की, शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस दौरान अखिलेश बाबू शुक्ला, जितेंद्र कुमार, मोहित गुप्ता सहित स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दिया। रैली ने गांववासियों में शिक्षा के प्रति नई जागृति पैदा की।

## अंधेरे में डूबी सौ शैया अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था

**छिबरामऊ कन्नौज।** सौ शैया अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित इस अस्पताल में जनरेटर सफेद हाथी बनकर खड़ा है, जबकि मरीज अंधेरे में उपचार कराने को मजबूर हैं। एक तरफ मौजूदा सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ़ सरकार की योजनाओं को लापरवाही की भेंट चढ़ाकर पलीता लगाने का काम किया जा रहा है। बीती रात सौ शैया अस्पताल में बिजली गुल हो गई जो तीन घंटे तक नहीं आई, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने सफेद हाथी बना खड़ा जनरेटर चलाने की कोई व्यवस्था नहीं की। परिणामस्वरूप मरीज और उनके तीमारदार मोबाइल की टॉर्च जलाकर इलाज कराने पर विवश रहे। भीषण गर्मी और घुप अंधेरे में मरीजों को नर्क जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी एक मरीज के साथ आई तीमारदार महिला ने अस्पताल के अंदर की हालत का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें साफ दिख रहा है कि अंधेरे में लोग टॉर्च की रोशनी में मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। मरीजों ने बताया कि बिजली कटौती के दौरान जनरेटर बिल्कुल नहीं चलाया गया। जब इस मामले में अस्पताल के सीएमएस सुनील कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने लापरवाही भरा बयान दिया।

# तेज तूफान व ओलावृष्टि ने मचाया तांडव, उजड़ी परिवारों की रोजी



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार की रात लगभग 9 बजे अचानक आए भीषण आंधी-तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि ने क्षेत्र में तांडव मचा कर रख दिया। इस तूफान में खोखा और रेहड़ी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले छोटे दुकानदारों का रोजी-रोटी का जरिया ही उजड़ गया और किसानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। चारों ओर तबाही का मंजर दिख रहा है।

इस प्राकृतिक आपदा में कई दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। काशीराम कॉलोनी क्षेत्र में मध्यम वर्गीय दुकानदारों और किसानों की कमर तोड़ दी। कॉलोनी के पास छोटी सी दुकान रखकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे इकराम अंसारी (इकराम टी स्टाल एंड एग कॉर्नर) का करीब 15 लीटर दूध बह गया और खाने-पीने का सामान मिलाकर 30 से 35 हजार रुपये का नुकसान हो गया। मुसर्रत अली की चाय-कोल्ड ड्रिंक-पान मसाला की दुकान में 20 हजार रुपये का सामान बर्बाद हो गया। राशिद हुसैन की परचून और कोल्ड ड्रिंक दुकान में 20-25 हजार रुपये का नुकसान हुआ। जीशान अली के स्पेशल टी स्टोर का खाने-पीने का सामान सहित 15-20 हजार रुपये का सामान नष्ट हो गया। दिव्यांग सोहेल की टी स्टॉल पर भी 10-15 हजार रुपये का नुकसान हुआ। खेतों में भी व्यापक क्षति हुई है।

आंधी से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई, जबकि बचे हुए आलू पर ओलावृष्टि से किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि नुकसान का सर्वेक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मानकों के अनुसार प्रभावितों को जल्द मुआवजा दिलाया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला का आयोजन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला में जनपद कन्नौज से अनुज कुमार द्विवेदी शिक्षक श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज बिशुनगढ़ ने किया प्रतिभाग किया। परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित दो दिवसीय सड़क सुरक्षा संवाद कार्यशाला में प्रदेश भर से आए प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यशाला में भाग लेने वाले स्काउट गाइड मास्टर ट्रेनर अपने जनपदों में ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाएंगे।

### गुगरापुर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना सम्मानित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सर्वाधिक नामांकन दर्ज कराने पर पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय गुगरापुर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना को सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि राकेंद्र सक्सेना के नेतृत्व में विद्यालय ने नामांकन वृद्धि के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि विद्यालय टीम के सामूहिक प्रयास, अभिभावकों के सहयोग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति समर्पण के कारण यह सफलता संभव हो सकी है। सम्मान प्राप्त करने के बाद राकेंद्र सक्सेना ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।

### सौ शैया अस्पताल में भाकियू का छापा, बदहाली पर बिफरे पदाधिकारी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के प्रतिनिधिमंडल ने सौ शैया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। टीम ने वहां भारी अव्यवस्थाएं पाईं, जिस पर संगठन ने कड़ी नाराजगी जताई। राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव के नेतृत्व में पहुंचे दल ने पाया कि स्किन ट्रीटमेंट समेत कई विभागों में डॉक्टर अनुपस्थित थे। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सीएमएस मरीजों व स्टाफ से दूरी बनाए रखते हैं। बिजली कटौती को लेकर भी विवाद हुआ। टीम ने मरीजों की शिकायत सही बताते हुए प्रशासन पर सवाल उठाए। निरीक्षण में कई जरूरी दवाओं की कमी और सफाई व्यवस्था की बदहाली सामने आई। हालांकि इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर सक्रिय मिले। मरीजों ने बताया कि कुछ दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ती हैं। सबसे गंभीर मुद्दा एक्स-रे रिपोर्ट का था। आम मरीजों को प्रिंट देने के बजाय मोबाइल में फोटो खींचकर देने की शिकायत मिली। केवल प्रभावशाली लोगों को ही प्रिंट मिलती है, बिना मोबाइल वालों को परेशानी होती है। एक्स-रे टेक्नीशियन ने बताया कि एक डॉक्टर ग्रुप में मोबाइल फोटो शेयर की जाती है। यूनियन ने इन मुद्दों पर तत्काल सुधार की मांग की है।

# खेलकूद में मेडल व ट्रॉफी पाकर खिले बच्चों के चेहरे

- विभाग द्वारा समय-समय पर विद्यालय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती हैं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में बुधवार को खेलकूद एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, ग्राम प्रधान उर्मिला बॉथम, एसएमसी अध्यक्ष सुमन देवी व अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल अवधनारायण ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद और नियमित व्यायाम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

विभाग द्वारा समय-समय पर विद्यालय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती हैं, जिससे बच्चों की प्रतिभा निखरती है। घोषित वार्षिक परीक्षाफल में बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा पांच में पलक ने प्रथम, गौरी ने द्वितीय और अन्नू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## ओलावृष्टि से छह हजार हेक्टेयर गेहूं फसल चौपट

**कन्नौज।** मंगलवार देर रात आए आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जिले में तबाही मचा दी। तेज हवाओं और बारिश के साथ गिरे ओलों से गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। छिबरामऊ और गुरसहायगंज क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। रात करीब 10 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में आंधी ने तेज रूप ले लिया। धूल भरी हवाओं के चलते बाजारों में अफरा-तफरी मच गई और दुकानदारों को दुकानें बंद करनी पड़ीं। गुरसहायगंज में तेज हवाओं के कारण कई पेड़ उखड़ गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मकरंदनगर फीडर से एहतियातन बिजली आपूर्ति रोक दी गई थी, जिसे देर रात बहाल कर दिया गया। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार सुबह तक बिजली व्यवस्था सामान्य नहीं हो सकी, जिससे लोगों को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। आंधी-बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में गिरावट आई है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

# आखिर कब मिलेगी जलभराव से मुक्ति?



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जहां नगर के मंदिरों का सुंदरीकरण किया जा रहा है वही नगर के शक्तिपीठ गमा देवी के सामने आए दिन बरसात होने पर सड़क पर पानी भर जाता है जिससे श्रद्धालु जनों को बहुत ही कष्ट का सामना करना पड़ता है। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा कि मंदिर के सामने गंदे पानी से आने वाले श्रद्धालुओं को बहुत ही कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। पानी भर जाने से श्रद्धालुओं में बहुत रोष है। वही नगर के राष्ट्रपति से सम्मानित भारत सिंह वर्मा एवं लज्जाराम वर्मा ने भी मंदिर के सामने जल भराव को देख कर जल की निकासी न होने पर ऐसी दशा की निंदा करते हुए शीघ्र जल निकासी के लिए नगर पालिका से अपील की है।

नगर के गणेश चौधरी मोहल्ले एवं आसपास के सभी श्रद्धालु भक्तों ने कहा कि कभी भी कोई दुर्घटना हो इसके पहले जल निकासी की व्यवस्था होनी चाहिए। छोटे-छोटे बच्चे आते जाते रहते हैं। कभी भी कोई हादसा हो सकता है। बड़े बूढ़े भक्तजन भी आते हैं जो कभी भी फिसल कर गिर सकते हैं। इसलिए नगर के श्रद्धालुओं ने नगर पालिका से जल भराव से मुक्ति दिलाने की अपील की है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू, सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

- एक माह तक चलेगा अभियान, रैली निकालकर किया जागरूक
- लू व संक्रामक बीमारियों से बचाव के बताए उपाय

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में फीता काटकर किया। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा।

शुभारंभ के बाद आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, एनसीसी कैडेट और नगर पालिका की टीमों ने जनजागरूकता रैली निकाली। सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संचारी रोगों की रोकथाम, बचाव और गर्मी में लू से सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मियों को अभियान के सफल संचालन की शपथ भी दिलाई गई।तत्पश्चात आशा, आशा संगिनी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, एन.सी.सी. कैडेट तथा नगर पालिका की लार्वीसाइड एवं फॉगिंग टीम द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसे मुख्य विकास अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी ने मलेरिया मरीजों के पूर्ण उपचार और नियमित फॉलोअप पर विशेष जोर दिया। साथ ही खाद्य एवं जल जनित रोगों से बचाव के लिए स्वच्छ पेयजल, ताजा भोजन और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई।स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संक्रामक रोग के लक्षण दिखने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें या कंट्रोल रूम को सूचना दें। इस मौके पर डॉ बृजेश कुमार शुक्ला, डॉ यतेंद्र कुमार मंजुल, डॉ के.पी त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## फर्जी छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराने वाले वादी को जेल

- कोर्ट ने 7 दिन की सजा व 200 रुपये जुर्माना लगाया
- जांच में आरोप निकले झूठे, पीड़िता ने भी घटना से किया इंकार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** छेड़छाड़ का फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के मामले में न्यायालय ने वादी को दोषी मानते हुए जेल भेज दिया। न्यायालय ने सात दिन के कारावास के साथ 200 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

मामला ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर निवासी नरेशचंद्र ने 19 मई 2024 को अपनी दो नाबालिग बेटियों के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाना ठठिया में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने धारा 452, 354, 323, 325, 504, 506 आईपीसी व पॉक्सो एक्ट के तहत तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

जांच के दौरान सामने आया कि मामला नल से पानी भरने को लेकर हुए विवाद से जुड़ा था और दोनों पक्षों के बीच पारिवारिक संबंध भी थे। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की। इसके बाद पीड़िता के धारा 164 सीआरपीसी के तहत बयान कराए गए, जिसमें उसने घटना से साफ इनकार कर दिया। वादी (पिता) ने भी इन बयानों का समर्थन किया। तथ्यों के आधार पर न्यायालय को रिपोर्ट भेजी गई, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने वादी नरेशचंद्र को फर्जी मुकदमा दर्ज कराने का दोषी पाया। कोर्ट ने उसे सात दिन की सजा और 200 रुपये के जुर्माने से दंडित करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

**सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया स्मारक इण्टर कालेज ताहपुर,कन्नौज**

पत्रांक-विज्ञापन/03/2026-27 दिनांक- 01.04.2026

(विज्ञप्ति प्रकाशनार्थ)

सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया स्मारक इण्टर कॉलेज ताहपुर, कन्नौज में सहायक लिपिक के रिक्त 02 पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पर आमंत्रित किये जाते है,आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विद्यालय के पते पर विज्ञापन तिथि से 21 दिन तक पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित किये जायेंगे तथा आवेदन की छायाप्रति शैक्षिक अभिलेखों सहित विद्यालय की ई-मेल आईडी sushiladevitejsinghkannaujia@gmail.com तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, कन्नौज की ई-मेल आई.डी.- dioskannauj@gmail.com पर भी प्रेषित करें। 1- वर्ग (अनारक्षित), 2-वेतनमान (5200-20200) एवं अन्य भत्ते, 3- आयु सीमा 01 जुलाई, 2026 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, 4- आवेदन हेतु पात्रता उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सम्पन्न प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया हो, 5 शैक्षिक अर्हता इण्टरमीडिएट / उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो के साथ हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट परीक्षा मे पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक / निलिट द्वारा प्रदत्त (CCC) प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा / डिग्री तथा कम्प्यूटर हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम एवं अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम टंकण गति, 6- आवेदन शुल्क अनारक्षित / अन्य पिछड़ा वर्ग रू0-750/- अनुसूचित जाति / जनजाति/EWS रू0-500/- आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर के माध्यम से जो प्रबन्धक, मदन मोहन मालवीय इण्टर कालेज गुरसहायगंज, कन्नौज के नाम देय होगा।

**प्रबन्धक**
**सुशीला देवी तेज सिंह कनौजिया इण्टर कालेज**
**ताहपुर-कन्नौज**

**मदन मोहन मालवीय इण्टर कालेज गुरसहायगंज, कन्नौज**

पत्रांक-विज्ञापन/02/2026-27 दिनांक- 01.04.2026

(विज्ञप्ति प्रकाशनार्थ)

मदन मोहन मालवीय इण्टर कालेज गुरसहायगंज, कन्नौज में सहायक लिपिक के रिक्त 01 पद पर हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है, आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विद्यालय के पते पर विज्ञापन तिथि से 21 दिन तक पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित किये जायेंगे तथा आवेदन की छायाप्रति शैक्षिक अभिलेखों सहित विद्यालय की ई-मेल आईडी.-mmmintercollege1023@gmail.com तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, कन्नौज की ई-मेल आई.डी.-dioskannauj@gmail.com पर भी प्रेषित करें। 1- वर्ग (अनारक्षित), 2- वेतनमान (5200-20200) एवं अन्य भत्ते, 3-आय सीमा 01 जुलाई, 2026 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, 4- आवेदन हेतु पात्रता उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सम्पन्न प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया हो, 5- शैक्षिक अर्हता इण्टरमीडिएट / उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो के साथ हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक / निलिट द्वारा प्रदत्त (CCC) प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री तथा कम्प्यूटर हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम एवं अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम टंकण गति, 6- आवेदन शुल्क अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग रू0-750/- अनुसूचित जाति/जनजाति/ EWS रू0-500/- आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर के माध्यम से जो प्रबन्धक, मदन मोहन मालवीय इण्टर कालेज गुरसहायगंज, कन्नौज के नाम देय होगा।

**प्रबन्धक**
**मदन मोहन मालवीय इण्टर कालेज**
**गुरसहायगंज-कन्नौज।**





# आठ माह पूर्व दोस्त ने ही ओमवीर की हत्या कर खेत में दफनाया था शव

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव गूजरपुर पमारान निवासी ओमवीर पुत्र पेशकार हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा आठ माह बाद हुआ है। पुलिस ने मृतक के दोस्त रामू यादव पुत्र अजयपाल को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर ओमवीर का कंकाल बरामद किया है। आरोपी ने हत्या कर शव को अपने ही खेत में करीब 6 फीट गहरे गड्ढे में दबाकर ऊपर धान की फसल बो दी थी।



शव को निकलवाती पुलिस गुमशुम खड़े परिजन

जानकारी के अनुसार 20 जुलाई 2025 को ओमवीर अपने दोस्त रामू यादव के साथ घर से गया था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। 21 जुलाई 2025 को उसकी मां राजेश्वरी देवी ने अमृतपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर 31 अगस्त 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रामू यादव सहित देवेंद्र यादव, गुलाब सिंह उर्फ तिलक, सुरजीत यादव, श्यामवीर व बंटी उर्फ रामअवतार के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया। लंबे समय तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। परिजन लगातार तहसील दिवस, पुलिस अधिकारियों के कार्यालय व लखनऊ तक गुहार लगाते रहे। थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह को चार्ज मिलते ही एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ जांच तेज की। 31 मार्च व 1 अप्रैल की मध्य रात्रि में थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह व उनकी टीम ने मुख्य आरोपी रामू यादव पुत्र अजयपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस



मृतक का फाइल फोटो

द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने पूरी घटना क्रमवार तरीके से स्वीकार कर ली। जिसके बाद उसकी निशानदेही पर खेत से कंकाल बरामद किया गया। वहीं मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया कि मेरे पति के गायब होने के बाद हम कई बार थाने और अधिकारियों के पास गए, लेकिन हमारी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। हम लगातार आरोपियों के नाम बताते रहे, इसके बावजूद तत्कालीन थाना अध्यक्ष ने उल्टा मेरे चरित्र पर भी सवाल उठाए और कोई कार्यवाही नहीं की। नवांगतुक थाना अध्यक्ष के आने के बाद ही मामले में कार्रवाई शुरू हुई और हमें न्याय मिला। मृतक के भाई राजवीर उर्फ लालू ने आरोप लगाया कि रामू यादव ही मेरे भाई को घर से बुलाकर ले गया था। जब वह अकेला वापस आया और हमने पूछा तो उसने सही जानकारी नहीं दी। उस समय थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्ती नहीं दिखाई। मुझे कई बार थाने बुलाकर बैठाया गया और पूछताछ की गई। तत्कालीन थाना अध्यक्ष ने आरोपियों से मोटी रकम लेकर उनके प्रति नरमी बरती। पुलिस ने कंकाल का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ओमवीर अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके दो भाई राजवीर और राहुल हैं। तीन बहनों में से दो की शादी हो चुकी है, जबकि एक बहन अविवाहित है। ओमवीर की शादी वर्ष 2023 में शाहजहांपुर जनपद के थाना रोजा क्षेत्र में हुई थी। विवेचक की भूमिका संदिग्ध बतायी गई है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है।

**पुलिस की भूमिका की भी होगी जांच: एएसपी**

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि एसओजी प्रभारी सचिन चौधरी, सर्विलांस टीम और थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह की टीम ने संयुक्त रूप से इस घटना का खुलासा किया है। पहले सही सुराग न मिलने के कारण देरी हुई। अब मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई है, जिसमें पुलिस की भूमिका की भी जांच होगी।

**मोदी राठौर युवा सेना ने अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग**

मोदी राठौर युवा सेना के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर पाल सिंह समाज के लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर आरोपी देवेन्द्र यादव, रामू यादव, गुलाब सिंह उर्फ तिलक, सुरजीत, श्यामवीर, बंटी उर्फ रामऔतार पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। शेष आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### पुलिस ने आला कत्ल सहित रामू यादव को किया गिरफ्तार




पुलिस हिरासत में आरोपी

फर्रुखाबाद। ओमवीर की हत्या के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अमृतपुर थानाध्यक्ष रक्षा सिंह व एसओजी टीम प्रभारी सचिन चौधरी, सर्विलांस टीम प्रभारी संत कुमार ने आरोपी रामू यादव पुत्र अजय पाल यादव निवासी गूजरपुर पमारान थाना अमृतपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही से घटना में प्रयोग किया गया फावड़ा बरामद कर लिया। हत्यारोपी रामू ने बताया कि जब ओमवीर मेरे साथ मेरी बहन की ससुराल गया था तो ओमवीर ने मेरी बहन के साथ उसकी ससुराल में छेड़छाड़ की थी, जिसकी जानकारी बहन की ससुरालीजनों को हो गई थी। जिससे उसका रिश्ता खराब हो गया, इसका बदला लेने के लिए ही मैंने उसकी हत्या की।

# डीएम सख्त, फिर भी खुलेआम हो रहा है मिट्टी का अवैध खनन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद खुलेआम अवैध मिट्टी खनन कर खनन माफिया सरकार को लाखों रुपये के राजस्व को चूना लगा रहे है। जबकि सरकार की ओर से सख्त निर्देश है कि किसी भी क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन नहीं होने दिया जाये। इस संदर्भ में निदेशक भूतत्व एवं खनिज विभाग की सचिव माला श्रीवास्तव ने सख्त निर्देश दे रखे है कि अपने-अपने जिले में अभियान चलाकर अवैध खनन पर अंकुश लगाया जाये। उसके बावजूद खुलेआम अवैध खनन हो रहा है। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र की चौकी सेन्ट्रल जेल टिकुरियन नगला में खुलेआम दिन में मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें मिट्टी ले जाने वाला एक ट्रैक्टर चालक बता रहा है कि 1 हजार रुपये से लेकर 1200 रुपये प्रति ट्राली मिट्टी बेंचते है। जब ट्रैक्टर चालक से पूछा कि इसे कौन बेंच रहा है तो बताया कि सुधीर राजपूत मिट्टी निकलवाकर बेंच रहे है। यही नहीं वीडियो में सुधीर राजपूत द्वारा प्रति ट्राली मिट्टी का भाव तय करने की भी सुनाई दे रही है। जबकि जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बावजूद खुलेआम अवैध मिट्टी का खनन हो रहा है।



ट्रैक्टर से ले जायी जा रही मिट्टी

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में कक्षा-आठ के बच्चों को दी गई विदाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवीन सत्र 2026-27 के प्रारंभोत्सव पर पीएम श्री कंपोजिट स्कूल कक्योली नवाबगंज में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा की उपस्थिति में कक्षा 8 के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमकार सिंह ने सभी बच्चों को माला पहनाकर टिफिन एवं परीक्षाफल वितरित किये। पूर्व एआरपी इरमानशेर, ममता वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, मो0 खालिद खान, विजय प्रताप सिंह, श्याम कुमार, निर्मल, सुनील कुमार आदि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं कक्षा एक में 15 बच्चों का नवीन नामांकन कर माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के केंद्रीय विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने कक्षा 5 में प्रवेश करने वाले बच्चों को पुस्तक वितरण किया तथा पुस्तक वितरण के दौरान उन्होंने तथा प्रधानाध्यापक संजीव रंजन ने सभी बच्चों को टिफिन भेंट किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस मौके प्रखंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, वसीम अख्तर, प्रज्ञानंद शाक्य तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




विद्यार्थियों को सम्मानित करते खण्ड शिक्षाधिकारी

## खबरें एक नजर में

### बाइक की टक्कर से दो युवक घायल, एक गंभीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी राजीव कुमार उर्फअंजू ठेली लगाकर पानी बतासे बेचने का काम करता है। मंगलवार देर रात राजीव कुमार अपनी ठेली लेकर चौराहे से घर लौट रहा था। राजीव जैसे ही नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित मंडी के निकट पहुंचा। उसी दौरान नवाबगंज की ओर से तेज गति से आए बाइक सवार ने राजीव की ठेली में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजीव कुमार उर्फअंजू गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक भी घायल हो गया। इस दौरान राजीव कुमार की ठेली क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें रखे पानी बतासे भी सड़क पर गिरकर बर्बाद हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे परिजन राजीव कुमार को उपचार हेतु फर्रुखाबाद ले गए। उधर बाइक सवार युवक को भी परिजनों ने नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घायल बाइक सवार युवक क्षेत्र के गांव हमीरपुर बांगर का बताया गया।

### अनियंत्रित कार खाई में गिरी, दो घायल



खड़ी क्षतिग्रस्त कार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में सिरोली निवासी दो युवक घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सिरोली निवासी 32 वर्षीय सौरभ पुत्र राजबहादुर और प्रति मोहन पुत्र सतेंद्र सिंह बुधवार दोपहर नवाबगंज से अपना काम निपटाकर कार से वापस अपने गांव सिरोली लौट रहे थे। नवाबगंज से सिरोली की ओर जाते समय ग्राम बांसमई मोड़ पर उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाने के एसएसआई राम सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रति मोहन यादव को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पूर्व विधायक के घर विस्फोट में घायल हुए पूर्व प्रधान की मौत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर हुए संदिग्ध विस्फोट में घायल पूर्व प्रधान भैया लाल की कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गयी। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के क्षेत्र मोहल्ला नाला मछरट्टा निवासी पूर्व विधायक विजय सिंह के घर बेसमेंट में 17 मार्च को संदिग्ध विस्फोट हो गया था। इस घटना में विधायक के दो बेटे अविनाश और अभिषेक सहित कुल छह लोग घायल हुए थे। धमाका इतना जबरदस्त था कि मकान का द्वितीय तल तक का लिंटर उड़ गया था, कांच टूटकर सड़क पर बिखर गए थे और दरवाजे भी उखड़ गए थे। इस घटना में गंभीर रूप से घायल पूर्व प्रधान भैया लाल चौहान निवासी ग्राम नूरपुर जसमई को कानपुर रेफर किया गया था, जहां मंगलवार रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। विधायक के बेटों का इलाज लखनऊ में चल रहा है। वहीं शहर कोतवाली प्रभारी दर्शन सिंह सोलंकी ने पूर्व प्रधान भैया लाल की मौत की पुष्टि की है। वहीं इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया पूर्व विधायक के यहां विस्फोट में घायल हुए उदय प्रताप सिंह उर्फभैया लाल जिनके सिर में गंभीर चोट आई थी। इनको कानपुर रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान मौत हो गयी। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# सेवानिवृत्त होने पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह सीपी गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना मोनिका अग्रवाल एवं राजीव श्रीवास्तव खंड शिक्षा अधिकारी ने किया। विकास क्षेत्र कायमगंज के 8 सेवानिवृत्त अध्यापकों को सम्मानित किया गया। जिसमें आसिम अली, राजीव गंगवार, विनोद पाठक, सत्यप्रकाश, फकीरेलाल, कमलेश राठौर एवं अशोक कुमार को शाल, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नीरज शुक्ला की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुन्दर रंगोली का कार्य सुचित्रा यादव, मालती राजपूत, रुचि गंगवार, असमीनाज, उदय यादव के द्वारा किया गया। संचालन योगेंद्र कुमार तथा ज्योति श्याम गौड़ के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्येंद्र कुमार सिंह, निर्देश गंगवार, मुकेश कुमार, अनुराग पाठक, सुबोध अग्निहोत्री, अमीर सिंह, उदित यादव, मनोज कुमार, राजवीर, हरिशंकर, रतन सिंह, विक्रांत पाठक, अश्विनी चतुर्वेदी, अभिषेक अवधेश गुप्ता ,प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।



सम्मानित होते शिक्षक

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गये। जिससे दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गये। वहीं घटना के संबंध में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। गांव सिरौली निवासी पूजा पत्नी सोमवारी गुरुवार को हैण्डपंप पर पानी भरने जा रही थी। उसी समय पड़ोसी युवक ने गाल-गलौज किया। जिसका विरोध करने पर मारपीट करने लगे। इनके देवर गुलाब सिंह उर्फगोलू का गली के निकास को लेकर पड़ोसी युवक से विवाद पुराना विवाद भी चल रहा है। विवाद बढ़ने पर एकाएक लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चलने लगेत्र मारपीट में एक पक्ष से गुलाब सिंह, बड़े भाई छंगेलाल राजू, चचेरी बहन मोहिनी पुत्री कल्याण सिंह व दूसरे पक्ष से हरिश्चंद्र उनका पुत्र रवि घायल हो गए। थाने पहुंचकर एक पक्ष से पूजा पत्नी सोमवारी व दूसरे पक्ष से हरिश्चंद्र ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए नवाबगंज सीएचसी भेज जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही।

### आयी आंधी से किसानों की फसलें हुई बर्बाद



जानकारी देते किसान जितेन्द्र सिंह

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात आयी तेज आंधी व बारिश ने अन्नदाता की उम्मीद पर पानी फेर दिया। क्षेत्र के कई गांव में बीते रात आई तेज आंधी बारिश तथा ओले की मार से अन्नदाता के माथे पर चिंता की लकीरें छाई। तो वहीं महंगाई की मार, दूसरे आलू की मंदी तीसरी ऊपर से इंद्रदेव नाराज, जिसके चलते बीते रात तेज आंधी तथा बरसात की वजह से गेहूं की फसल, सरसों की फसल तथा खेतों में खड़े अभी तक आलू की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं गेहूं की फसल तथा तंबाकू की फसल चौपट सी हो गयी है। नगर पंचायत क्षेत्र के गांव नगला बार निवासी किसान जितेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बीते रात आई आंधी से किसानों की कमर टूटी सी गई है। उन्होंने बताया कि पहले तो आलू का सस्तापन, लागत लगाने को पैसा नहीं है, साहूकारों/दुकानदारों से उधार लेकर गेहूं तथा अन्य फसलों को किसी तरह किया, उसके बाद आयी आंधी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। जिससे भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते क्षेत्र के समस्त अन्नदाताओं के चेहरे पर चिंता की लकीरें छाई हुई है।

### घर में घुसकर मारपीट के मामले में सिपाही सहित आठ पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर पूर्व सैनिक की बेवा पत्नी व उसके पुत्र के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस कर्मी सहित आठ लोगों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर फतेहगढ़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। न्यायालय में सुमन पत्नी स्व0 सतेन्द्र सिंह निवासी नगला दीना कोतवाली फतेहगढ़ ने याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि 27 फरवरी समय करीब 7:55 पर वह अपने घर के अंदर मौजूद थी, तभी मोहल्ले के नवीन उर्फ लालू, अंकित, गौरव पुत्रगण राजकुमार, शिल्पी, बबली पुत्री राजकुमार, रेनू पत्नी राजकुमार, राजकुमार पुत्र स्व0 मदारी लाल सभी एकराय होकर लाठी-डंडा लेकर मेरे घर के अंदर घुस आये और मुझे मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान मेरा पुत्र अंकित बचाने आया तो उसे भी इन लोगों ने बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गये। तभी यह लोग जानमाल की धमकी देकर भाग गये। इस दौरान मेरे पुत्र का कीमती मोबाइल भी उठा ले गये। यह लोग मेरे परिवार से रंजिश मानते है। घायल पुत्र का लोहिया अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया। कोतवाली गये, लेकिन मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। एसपी को भी प्रार्थना पत्र दिया। इन सब की जानकारी होने पर पुलिस में सेवारत विनय उर्फ बबलू ने धमकी दी कि यदि कोई कार्यवाही की तुम्हारे पुत्रों को जान से मरवा देंगे या किसी फर्जी मामले में फांस देंगे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने धारा धारा 191(2), 333, 115(2), 352, 351(3),303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई।

# कुबेरपुर महावीर सरकार में अर्जी लगाने से भक्तों के दूर होते है संकट

**दूर दराज से आये मरीजों को गंभीर बीमारियों से मिली निजात**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हनुमान जी महाराव के मंदिर में पूजा अर्चना करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो रही है। अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर में हनुमान जी के स्थित मंदिर में भक्तगण पहुंचकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए अर्जी लगा रहे है। दूर दराज से आकर भक्तगण हनुमान जी से अर्जी लगाकर अपनी बात कहते है। उनके दुखों को हनुमान जी दूर करते है। गांठ, कैंसर, कुष्ठ रोग व अन्य बीमारियों एवं मानसिक तनाव के अलावा ऊपरी हवा के कारण परेशान मरीज पहुंचते है। जिनकी मनोकामना अर्जी लगाते ही पूर्ण हो जाती है। प्रत्येक दिन मंदिर खुला रहता है। मंगलवार को दूर दराज से ज्यादातर भक्त आते है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां अर्जी लगाने से सभी बीमारियां दूर हो जाती है। साथ ही सुबह-शाम मंदिर का पानी पीने से शारीरिक कष्ट दूर हो जाते है। हवा विहार से पीड़ित मरीज वहां आकर खेलते है। जिनको चुटकियों में आरम मिलता है। आस्था के केंद्र हनुमान जी के मंदिर में भक्तगण पहुंच रहे है और अपनी बीमारी बातकर अर्जी लगाने से समस्यायें दूर हो रही है।




मंदिर में मौजूद भक्तगण

# सैन्य अस्पताल को मिली आटोमेटिक बायोकेमेस्ट्री मशीन की सौगात



उद्घाटन करते बिग्रेडियर मनीष जैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ के सैन्य अस्पताल को फुल्ली आटोमेटिक बयोकेमेस्ट्री मशीन की सौगात मिली है। 7 लाख 50 हजार की मशीन को खरीदने में राजपूत और सिखलाइट रेजीमेंटल सेंटर का बराबर योगदान है। स्टेशन कमांडर बिग्रेडियर मनीष कुमार जैन ने बुधवार प्रातः इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर सैन्य अस्पताल के कमान अधिकारी कर्नल मनीष पाण्डे, मेडिकल स्पेशलिस्ट मेजर गरिमा त्रिपाठी, आफीसर इंचार्ज तौब, एडम अफसर कैप्टन विनोद कुमार, ले0 राजीव सिंह तथा लैब के जेसीओ अमित कुमार, टेक्नीशियन सुरेश, योगेश तथा पीवी रेड्डी मौजूद रहे। मशीन की विशेषताओं की जानकारी देते हुए आफिसर इंचार्ज लैब मेजर गरिमा सिंह ने बताया कि लीवर फंक्शन, डायबिटीज, किडनी फंक्शन और आयरन प्रोफाइल के टेस्ट अब आसानी से यहीं पर हो सकेंगे और रिपोर्ट 3 से 4 घंटे मिल सकेगी। इस मशीन के आने से समय व धन दोनों की बचत होगी।

### डीएम ने स्कूल चलो अभियान जागरुकता रैली को दिखायी झण्डी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में शिक्षा के प्रसार एवं अधिकाधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान सब पढ़ें, सब बढ़ें, हर बच्चा स्कूल जाए जैसे नारों के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। डीएम ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय में नामांकन कराएं तथा उन्हें स्कूल भेजें। मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अभियान की सफलता हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किए और सभी से सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस निर्धारित स्थल पर सम्पन्न हुई। प्रशासन द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाने की बात कही।

# धर्म, साहस और न्याय के प्रतीक हैं भगवान परशुराम



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान परशुराम को विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। इनका जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिए हर साल इसी तिथि पर उनकी जयंती मनाने की परंपरा है। भगवान

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**

विष्णु के उग्र अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिए हर साल इसी तिथि पर उनका जन्मोत्सव मनाने की परंपरा है।



डॉ. राजीव पाठक

**सूरज ग्रुप के डायरेक्टर व समाजसेवी डॉ. राजीव पाठक** ने बताया कि भगवान विष्णु ने अधर्म और दुष्ट शक्तियों के विनाश के लिए परशुराम रूप धारण किया था। भगवान परशुराम को विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उन्होंने अत्याचारी क्षत्रियों का नाश किया था। उनकी आराधना से शक्ति, साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। पुराणों में यह उल्लेख मिलता है कि भगवान परशुराम साहस के प्रतीक है।



डॉ. सचिन दुबे

**डॉ. सचिन दुबे** ने बताया कि भगवान परशुराम सप्त चिरंजीवियों में से एक माने जाते हैं और उनका स्वरूप अत्यंत तेजस्वी एवं उग्र बताया गया है। मान्यता है कि उनकी उपासना से प्रबल ऊर्जा प्राप्त होती है, जिसे सामान्य व्यक्ति के लिए संतुलित करना आसान नहीं होता। उनकी नियमित पूजा कम ही की जाती है। जो लोग साहस और जोखिम से जुड़े कार्यों में लगे होते हैं। उनके लिए परशुराम जी की साधना लाभकारी मानी जाती है।



प्रीती तिवारी

**कवियत्री प्रीती तिवारी** ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी की पूजा करने का विधान है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार परशुराम जी का जन्म अक्षय तृतीया पर हुआ था। इसी दिन भक्त व्रत रखते हैं, पूजा करते हैं और भगवान परशुराम से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार महर्षि परशुराम को विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। 19 अप्रैल को धूमधाम से उनका जन्मोत्सव मनाया जायेगा।


# विधायक के प्रयास से देवरामपुर क्रासिंग डबल ओवरब्रिज को मिली मंजूरी

**▸ दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण की मिली मंजूरी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने ठंडी सड़क स्थित एक होटल के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि जनपद में पूर्वोत्तर रेलवे के कानपुर-कासगंज रेल सेक्शन किमी0 134/15-17 के अन्तर्गत फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मार्ग पर रेल सम्पार संख्या 154 स्पेशल एवं नीम करोरी रेल सेक्शन के रेल सम्पार संख्या 9 स्पेशल पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण की मंजूरी मिली है।

विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व सभापति सावर्जनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति विधान सभा उ0प्र0 के अथक प्रयासों के फलस्वरूप 10 मार्च को जनपद में शहर के अन्दर फर्रुखाबाद-कायमगंज मार्ग पर स्थित क्रासिंग संख्या 154 स्पेशल एवं क्रासिंग संख्या 09 स्पेशल पर रेल उपरिगामी सेतु बनाये जाने हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा धनराशि रू0 9743.28 लाख की मंजूरी मिली है। अब देवरामपुर क्रासिंग व ओवर ब्रिज बनने से आवागमन में सुविधा मिलेगी और जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग से कई बार व्यक्तिगत मुलाकत की गई तथा प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 को भी कई बार तलब किया गया। रेल उपरिगामी सेतु की कुल लम्बाई 1013.71 मी0 है जो कि संयुक्त रूप से दोनो क्रासिंगों के ऊपर निर्माण किया जायेगा। दोनों कासिंगों के बीच की जनता के आवागमन के लिए सेतु निगम द्वारा सेतु के दोनों तरफक्रासिंगों के बीच रैम्प भी दिया जायेगा तथा रेलवे द्वारा दोनो क्रासिंगों पर अण्डरपास भी बनाया जाना प्रस्तावित है। दोनों क्रासिंगों के अधिकतर बन्द रहने से समानतः जाम की स्थिति बनी रहती है। अतः सेतु के बन जाने से शहर के अन्दर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया गया कि उपरोक्त रेल उपरिगामी सेतु का शासनादेश 31 मार्च को रू0 9743.28 लाख का स्वीकृत करा दिया गया है एवं शीघ्र कार्य ही प्रारम्भ करा दिया जायेगा। वार्ता के दौरान ब्रिज कारपोरेशन इंजीनियर वीरेन्द्र चतुर्वेदी मौजूद रहे।



नक्शा दिखाते विधायक व इंजीनियर

## किताबें लेने गयी छात्रा गायब पीड़ित भाई ने दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना कादरीगेट के क्षेत्र रामलीला गड्डा निवासी पीड़ित ने थानाध्यक्ष को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसकी बहन को स्कूल आते-जाते समय विशाल पुत्र मंगली गिहार निवासी बबलू लकड़ी की ठेकी के पास रामलीला गड्डा जोकि अपराधी किस्म का है। काफी समय से पीछा करता था और छेड़छाड़ कर धमकी देता है। आरोपी धमकी दे रहा है कि अपनी आईडी पर फोटो एडिट कर उसे बदनाम करेगा। जिसकी शिकायत छात्रा ने कई बार घर पर की। उसके भाई ने जब आरोपी के घर पहुंचकर शिकायत की तो आरोपी ने गाली-गलौज किया और धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि छात्रा ३१ मार्च की दोपहर कापी किताबें लेने गयी थी, उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिवार के लोग परेशान है।काफी खोजबीन कीने के बाद भी पता नहीं चला। पीड़ित ने विशाल व उसके घर वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छात्रा को बरामद करने की मांग की है।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर मनाया काला दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी पेंशन बंद होने के विरोध में अटेवा द्वारा एक अप्रैल को हर वर्ष काला दिवस मनाया जाता है। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री की अध्यक्षता में कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में शिक्षकों ने काला दिवस मनाया। उन्होंने बताया कि 01अप्रैल 2005 से हमारी पुरानी पेंशन बंद हुई थीं। इसीलिए अटेवा प्रतिवर्ष इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन लगातार चलाया जा रहा है। प्रतिवर्ष एक अप्रैल को काला दिवस मनाया जाता है। 1 अप्रैल को ब्लैक-डे के रुप में जनपद के समस्त विभागों में शिक्षक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर काला दिवस के रुप में विरोध दर्ज किया। शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर शेयर की। जनपद के रस्तोगी इंटर कालेज के अलावा एसएनएम कालेज कायमगंज, इनामुलहक शाह इंटर कालेज रायपुर सहित विभिन्न कालेजों व प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों एनपीएस व यूपीएस के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध किया गया। तथा पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गयी।



विरोध जताते शिक्षक

# जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान वाहन को दिखायी हरी झण्डी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में संचारी रोगों की प्रभावी रोकथाम एवं व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को रवाना किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, आशा बहुएं, छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को संचारी रोगों की रोकथाम हेतु शपथ दिलाई। सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे, जलभराव नहीं होने देंगे, मच्छरों के पनपने के स्थानों को समाप्त करेंगे तथा आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। डीएम ने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों की रोकथाम में जनसहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान साफ-सफाई, फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी एवं नियमित रूप से संचालित किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि यह अभियान निर्धारित अवधि तक जनपद में संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



संचारी रोग रैली का शुभारम्भ करते डीएम

# ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा निकाली जायेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**आदित्य दीक्षित यात्रा प्रभारी व संयोजक सौरभ मिश्रा तथा व्यवस्थापक विमलेश मिश्रा बने**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा 19 अप्रैल को निकलने वाली भगवान परशुराम यात्रा का प्रभारी आदित्य दीक्षित को एवं संयोजक सौरभ मिश्रा को बनाया गया। ब्राह्मण धर्मशाला में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें 19 अप्रैल को निकलने वाली परशुराम यात्रा की तैयारियों पर चर्चा हुई और समाज के लोगों को जिम्मेदारीदी गई। परशुराम यात्रा का प्रभारी आदित्य दीक्षित को बनाया गया। वहीं सौरभ मिश्रा चंकित को संयोजक बनाया गया। अंकित तिवारी को सह संयोजक, क्रांति पाठक को सह प्रभारी, अजय दुबे अज्जू को व्यवस्थापक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी ने अक्षय तृतीया को निकलने वाली यात्रा को भव्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक कमेटी के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी के संयोजन में यात्रा शाम 5 बजे पंडा बाग मंदिर से ब्राह्मण समाज धर्मशाला तक निकाली जायेगी। यात्रा व्यवस्था की जिम्मेदारी विमलेश मिश्रा को सौंपी गई है। विमलेश मिश्रा ने बताया कि यात्रा को भव्यता प्रदान की जायेगी और जगह-जगह द्वार बनाये जायेंगे और केसरिया पताका यात्रा में लहराते हुए भक्तगण चलेंगे। अध्यक्ष रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी नगर में निकलने वाली परशुराम शोभायात्रा की जिम्मेदारी युवाओं को दी गई है। इन्हीं लोगों के नेतृत्व में सब लोग यात्रा में शामिल होंगे। महिलायें भी शोभायात्रा में शामिल होंगी। लालाराम दुबे ने कहा कि ब्राह्मण समाज सेवा समिति से जुड़े सभी पदाधिकारी के अलावा मित्र, रिश्तेदार, पदाधिकारी व जनपद एवं शहर के सभी गणमान्य लोग भाग लेंगे।




बैठक को सम्बोधित करते रमेश चन्द्र त्रिपाठी

## नये सत्र की शुरुआत होते विद्यालयों को दुल्हन की तरह सजाया गया

प्रवेश पाने वाले बच्चों को उपहार देकर किया गया सम्मानित




छात्र को सम्मानित करते अध्यापक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नए सत्र की शुरुआत होते ही विद्यालयों को दुल्हन की तरह सजाया गया और नवागंत छात्रों का तिलक लगाकर शिक्षकों ने सम्मान किया। कस्बा नवाबगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय केंद्र कस्बा नवाबगंज में स्कूल चलो अभियान के तहत नया प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक संजीव रंजन ने विद्यालय को अपने स्टाफके साथ मिलकर दुल्हन की तरह सजाया और नए सत्र में नया प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर सम्मान किया तथा छात्र-छात्राओं उपहार भी दिये। जिससे छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शिक्षक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर आदि मौजूद रहे।

# अंगौछे के अंदर आलू की हो रही बिक्री पर भाकियू ने की शिकायत

**▸ डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट को कार्यवाही के दिये आदेश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने सातनपुर आलू मंडी में किसानों से हो रही लूट से जिला अधिकारी से मुलाकात कर अवगत कराया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर कहा कि एशिया की सबसे बड़ी आलू मंडी में फर्रुखाबाद और आसपास के जनपदों के किसानों से हो रही लूट के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर अवगत कराया और एक पेन ड्राइव भी दी। जिसमें अंगौछे के अंदर हो रही बिक्री की एक सैकड़ा से अधिक वीडियो दी है। उन्होंने कहा कि जिले में आलू की खेती सबसे अधिक की जाती है, उसी आलू को बेचने के लिए किसान एशिया की सबसे बड़ी आलू मंडी में आता है तो उसको आलू आढ़ती और व्यापारी मिलकर लूटते हैं। यहां अंगौछे के अंदर आलू की बिक्री की जाती है। जबकि नियम है कि आलू की बिक्री खुली बोली लगाकर की जाए। पिछली वर्ष से सातनपुर आलू मंडी के सभापति और मंडी सचिव को कई बार अवगत कराया, परंतु कोई हल नहीं निकला। लगातार आलू की बिक्री अंगौछे के अंदर सौदा करके होती रही और आलू की तौल भी 50 पर 47,48 का सादा पर्चा बनाया गया, जबकि पक्की फसल पर आलू की तौल 50 पर 49 की होनी चाहिए और किसानों को आलू आढ़ती 6 का पक्का पर्चा देना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे उपहार योजना का भी लाभ मिले। उन्होंने लिंक एक्सप्रेसवे एवं संगठन के सदस्यों की भी समस्याएं रखी। जिनको सुनने के बाद जिला अधिकारी ने तुरंत सातनपुर आलू मंडी के सभापति नगर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि गुरुवार से खुली बोली लगाकर आलू की बिक्री की जाए और जो भी आढ़ती ऐसा नहीं करता पाया गया, उसका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। जिस पर नगर मजिस्ट्रेट ने भी तुरन्त आदेश मंडी सचिव को दिया। चार सदस्यीय दल में जिला अध्यक्ष अजय कटियार, कानपुर मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जोशी, जिला प्रवक्ता गोपी शाक्य, युवा जिलाध्यक्ष अनुज राजपूत साथ रहे।



डीएम से वार्ता के दौरान मौजूद भाकियू नेता

## श्री हनुमान मंदिर फतेहगढ़ में अखण्ड पाठ का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ पुरानी सब्जी मंडी में स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री रामचरित मानस अखंड पाठ का आयोजन हुआ। शुभारंभ कथावाचक आचार्य संतोष शुक्ला ने विधि पूर्वक षोडशोपचार से पूजन कराया। मुख्य यजमान की भूमिका सुखदेव मिश्रा ने सपत्नी पूजन निभाई। मंदिर के पुजारी हृदेश दीक्षित ने बताया कि यह मंदिर बहुत प्राचीन है और पांच दशक से नियमित हनुमान जन्मोत्सव पर प्रति वर्ष अखंड पाठ का आयोजन होता है एवं हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन सभी भक्तों के सहयोग से किया जाता है। संतोष शुक्ला महाराज ने अखण्ड पाठ संपन्न कराते हुए भगवान की आरती संपन्न कराई। सभी भक्तों ने भगवान श्री राम जी के राज्याभिषेक पर पुष्प वर्षा कर आनंद पूर्वक प्रसाद वितरण किया। जिसमें शशिभूषण दुबे, कुलदीप दुबे, सौरभ गुप्ता, विनय सक्सेना, रवीश दुबे, डॉ0 बालगोविंद दुबे, विजय प्रकाश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।



अखंड पाठ करते आचार्य संतोष शुक्ला

**समन विनावर/गजट इनाफसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 4 5)**

**ब आदलत उपजिलाधिकारी कायमगंज जनपद फर्रुखावाद**

वाद संख्या 2832/2026 धारा-207 उ0प्र0राजस्व संहिता 2006
ग्राम मंझना परगना श0प0
तहसील कायमगंज

1-किशोरी देवी पत्नी विजय कुमार पुत्री सकटू निवासी मझना परगना श0प0 तहसील कायमगंज जनपद फरु0

बनाम

1-आरती पत्नी संजय कुमार निवासी हाउस न0 466 जी सैय्यद वाली गली आजादपुर विलजे आजादपुर उत्तर पश्चिमी दिल्ली
2-संजय कुमार पुत्र सकटू निवासी मझाना परगना श0प0 तहसील कामयगंज
3-ग्राम पंचायत मंझना परगना श0प0 तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद

ने आपके नाम एक नालिस बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख माह-04-सन् 2026 ई व वक्त 11-00 वजे दिन से असालत न या मार्फत वकील के जो मुकद्दमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गवाहो और कुल जमूरात अहम मुतालिका मुकद्दमा का जबाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबाबदेही दाबा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करें जिस पर बताइब अपनी जबाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकद्दमा बगैर हाजिर आपके मजबून और फैसला होगा। दाखिल करे ताकि कार्यवाही अजरया डिग्री कोजो व वक्त मेरे हस्ताक्षर और मुहर आदलत के आज वतारीख 25 माह 03-सन् 2026 को जारी किया गया है।

उप जिलाधिकारी
कायमगंज

# पू.मा.वि. अमलैया आशानंद का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**▸ विद्यालय के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत**



छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक राजकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड शमशाबाद के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बताया कि छात्र-छात्राओं की मेहनत सफल हुई और इस वर्ष परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा-8 में काजल प्रथम, अंशिका द्वितीय व प्रेमलता एवं शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी कक्षा का गौरव बढ़ाया। वहीं कक्षा-7 में मुस्कान प्रथम, निर्मला द्वितीय, मानवी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा-6 में शिवानी प्रथम, कृष्णवीर द्वितीय, प्रांशी तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली कक्षा-8 की छात्रा काजल कुशवाहा एवं छात्रा मुस्कान विद्यालय की ओर से क्राउन पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम वितरित किये गये। विद्यालय के प्रथम दिवस पर छात्र-छात्राओं के तिलक लगाकर पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया।

# मेधावी छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम



प्रमाण पत्र के साथ छात्रायें मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहाई रोड स्थित नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित मेधावियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

प्रधानाचार्या इंदु मिश्रा एवं उप-प्रधानाचार्या वसुधा, जिला प्रभारी राजीव कुमार व कॉर्डिनेटर योगेश श्रीवास्तव अन्य सहयोगी शिक्षिका मानसी गुप्ता, सृष्टि यादव और शुमायला शमशाद ने मिलकर सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए। सम्मानित होने वाली छात्राओं में अर्चना (6वीं रैंक), दिव्यांशी (7वीं रैंक), आरुषि (18वीं रैंक), याशी (25वीं रैंक) और जान्हवी (38वीं रैंक) शामिल रहीं। प्रधानाचार्या ने छात्राओं की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

# पुरस्कार पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**▸ हवन पूजन के साथ हुआ नये सत्र का शुभारम्भ**



कापी पेंसिल बॉक्स प्राप्त करते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक परीक्षाफल वितरण में आंगनबाड़ी/बाल वाटिका के बीस बच्चों को हिंदी, गणित, अंग्रेजी नोट बुक एवं पेंसिल बाक्स में पेंसिल, रबड़, कटरा, पैमाना देकर सम्मानित किया गया। कक्षा एक से पांच के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नवीन सत्रारंभ के अवसर पर पंडित कैलाश चंद्र शुक्ल ने हवन पूजन सम्पन्न कराया। जिसमें स्कूल स्टाफने भाग लिया।

बच्चों को तिलक एवं कलावा बांध कर उनका स्वागत किया गया इस अवसर पर पंचामृत, केला और मेवायुक्त खीर प्रसाद में वितरित की गई। कार्यक्रम में खेतल सिंह, पेशकार, जयवीर, उजैर पठान, कमलेश राजपूत, मेमवती, सौम्या शुक्ला, सत्यवती, आशा, उमा, भगवान देवी, शीला, शोभा, रागिनी सहित दर्जनों अभिभावकों ने भाग लिया।

## लीलापुर संविलियन विद्यालय में मना वार्षिक महोत्सव



छात्रा को सम्मानित शिक्षक मौजूद विद्यालय स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लीलापुर स्थित संविलियन विद्यालय में बुधवार को वार्षिक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। जिनमें नृत्य, गीत और लघु नाटिकाएं शामिल रहीं। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सहायक अध्यापक अंजुल, अनुज कक्कड़, आलोक तथा प्रधान उदयभान सहित आदि उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर, जनपद फर्रुखाबाद**

पत्रांक-499/न0पं0खिम0/2025-26 दिनांक 30/03/2026

**अल्पकालीन मैनुअल निविदा सूचना**

समस्त फर्मो/ठेकेदारों/सप्लायर्स/चार्टेड एकाउन्टेंट को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत खिमसेपुर बोर्ड फण्ड/राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित सारणी में अंकित कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर में वर्ष 2026-27 में समस्त फर्मो/ठेकेदारों/सप्लायर्स/चार्टड एकाउन्टेंट से सील बन्द निविदा के माध्यम से दिनांक 07/04/2026 तक आमंत्रित की जाती हैं। आगणन धनांक की 02 प्रतिशत जमानत राशि एवं निविदा मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर के खाता संख्या-SB041810210000036, IFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में नकद/आर.टी.जी.एस./एफ0डी0आर0 के माध्यम से जमा करना होगा। अनुबन्ध की शेष जमानत धनराशि 08 प्रतिशत देय होगी। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। सील बन्द निविदा डालने का दिनांक 01/04/2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 07/04/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक है। समयावधि पश्चात् किसी भी कुटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। दिनांक 07/04/2025 को अपरान्ह 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदाध्समस्त निविदाओं को स्वीकृति/ अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित होगा। निविदा सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | मात्रा | दर | आगणन धनराशि (रू0 में) | जमानत धनराशि 2% | निविदा शुल्क | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोर्ड फण्ड /राज्य वित्त आयोग | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु Accrual-based दोहरा लेखा के सुचारू संचालन हेतु। 1 CA (चार्टड एकाउन्टेट) | 01 | 250000 | 250000 | 5000 | 300 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु |

(डॉ0 लव कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर, फरु0

(पुष्पराज सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर, फरु0

## पीडब्ल्यूडी की जमीन पर खड़ा 'चुगली रेस्टोरेंट', विभाग सख्त

# लाल निशान के बाद नोटिस जारी, हटेगा अतिक्रमण



**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।** बेलरायां-पनवारी मार्ग पर सिंगाही रोड स्थित पहली पुलिया के पास पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से संचालित 'चुगली रेस्टोरेंट' के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने मौके पर नपाई कर अतिक्रमण की सीमा तय करते हुए रेस्टोरेंट की दीवारों पर लाल निशान लगा दिए हैं। विभागीय जांच में रेस्टोरेंट का बड़ा हिस्सा सरकारी जमीन पर खड़ा पाया गया है।जानकारी के मुताबिक, रेस्टोरेंट संचालक द्वारा बिना अनुमति पीडब्ल्यूडी की जमीन पर निर्माण कराया गया। इतना ही नहीं, सड़क सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के क्रैश बैरियर को भी काटकर हटा दिया गया, जिससे राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैरियर हटाने के बाद से पुलिया के पास दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कब्जा मुक्त कराने के लिए नोटिस जारी कर दी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, रेस्टोरेंट का आधे से अधिक हिस्सा अतिक्रमण की जद में है, जिसे जल्द हटाया जाएगा। इधर, यह भी चर्चा है कि रेस्टोरेंट संचालक द्वारा मामले को लेकर लखनऊ स्तर तक पैरवी की जा रही है, लेकिन विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि कार्रवाई नियमों के तहत ही होगी और किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के जेई अरविंद यादव ने बताया कि स्थल पर सीमांकन कर लाल निशान लगाए जा चुके हैं। अवकाश के कारण कार्रवाई में थोड़ी देरी हुई, लेकिन जल्द ही पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**सड़क सुरक्षा से भी जुड़ा मामला**

यह मामला सिर्फ अतिक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा से भी सीधे जुड़ा हुआ है। क्रैश बैरियर हटाए जाने से पुलिया के पास हादसे की आशंका बढ़ गई है, जिसे लेकर विभाग और प्रशासन दोनों सतर्क हो गए हैं।

**प्रशासनिक सख्ती के संकेत**

लगातार मिल रही शिकायतों और जांच के बाद अब प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान तेज किया जाएगा। 'चुगली रेस्टोरेंट' पर प्रस्तावित कार्रवाई को इसी कड़ी में अहम माना जा रहा है।

## गोला में 12 वर्षीय बालक लापता परिजनों में मचा हड़कंप

- मोहम्मदी रोड पर ऑटो से उतरते ही भीड़ में भटका मासूम, पुलिस तलाश में जुटी



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर में एक 12 वर्षीय बालक के लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस भी बच्चे की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पड़रिया तुला निवासी 12 वर्षीय हसनैन पुत्र आरिफ बुधवार सुबह करीब 11 बजे लापता हो गया। बताया जा रहा है कि बच्चा मानसिक रूप से कमजोर है और बोलने में भी असमर्थ है। परिजनों ने बताया कि हसनैन अपनी मां के साथ गोला स्थित अपने ननिहाल मोहल्ला मुन्नूगंज, मजीद फल वाले के घर जा रहा था। जैसे ही वह मोहम्मदी रोड पर तोताराम साइकिल स्टोर के पास ऑटो से उतरा, भीड़ में अचानक कहीं भटक गया। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना की सूचना गोला कोतवाली में दर्ज करा दी गई है। पुलिस बच्चे की तलाश में संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़, फायरिंग की धमकी, पुलिस जांच में जुटी

**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ और फायरिंग की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मंगलवार रात करीब 12 बजे गांव के ही एक दबंग व्यक्ति अपने एक साथी के साथ उनके घर में घुस आया। उस समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। आरोप है कि उक्त व्यक्ति उनकी नाबालिग पुत्री के पास पहुंच गया और उसे उठाकर गलत नियत से छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर घर के अन्य सदस्य जाग गए और विरोध किया। इस पर दोनों आरोपी अवैध असलहे से फायरिंग करने की धमकी देते हुए, जान से मारने और पुत्री को उठा ले जाने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने लिखित तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक ने बताया कि वह स्वयं मौके पर मौजूद हैं। प्रथम दृष्टया फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**3 महीने बाद दर्ज हुई रिपोर्ट, पुलिस सीसीटीवी से तलाश में जुटी**

**निघासन (खीरी)।** थाना क्षेत्र के लुधौरी गांव के पास हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत के मामले में आखिरकार पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी है। घटना के करीब तीन महीने बाद रिपोर्ट दर्ज होने से मामले को लेकर चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि 22 दिसंबर 2025 को ग्राम लुधौरी निवासी छेदालाल उर्फ छेदू पलिया-निघासन मार्ग पर स्थित आजम ट्रेडर्स के पास साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन सदमे में थे। मृतक की पत्नी सुमित्रा ने अंतिम संस्कार के बाद पुलिस को तहरीर दी, जिस पर अब थाना निघासन पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर के अनुसार, हादसे के खुलासे के लिए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, साथ ही उस समय गुजरने वाले संदिग्ध वाहनों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### कंपोजिट विद्यालय खटखरिया में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार समारोह संपन्न



**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय खटखरिया के प्रांगण में आज वार्षिक उत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह, विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें नवआरंभ उत्सव का भव्य आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावक, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। विद्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग छात्र और छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य, गीत एवं विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया ।कक्षा 8 के छात्र साहिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,।उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आर्यन प्रजापति ने ऑल ओवर चौंपियन का खिताब हासिल किया।समारोह के दौरान विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण भी किया गया। समान प्रकार बच्चों के चेहरे खील उठे।कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यापक अभिभावक एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाइक से गिरकर महिला गंभीर घायल, ट्रामा रेफर




**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव में बुधवार को बाइक सवार महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला को ट्रामा सेंटर के लिए रेफ्र कर दिया है । थाना क्षेत्र के बडौहा गांव निवासी 50 वर्षीय सरस्वती अपने पति हरिशंकर के साथ बाइक से हलिया बाजार आ रही थी की अहुगी कला गांव में पहुंची की बाइक ब्रेकर पर उछलने से बाइक सवार महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी महिला की चीख पुकार सुनकर महिला के पति ने ग्रामीणों के सहयोग से महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार व डॉक्टर रीना पटेल द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफ्र कर दिया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए आई थी प्राथमिक उपचार के बाद महिला के सिर में गंभीर रूप से चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफ्र कर दिया गया है।

## गोला में सजेगा राज्य स्तरीय सपेकटाकरा मुकाबला, खिलाड़ियों में उत्साह

- 21वीं यूपी सीनियर सपेकटाकरा चैंपियनशिप के आयोजन की तैयारी, मई अंत में प्रस्तावित तिथियां

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** छोटी काशी गोला में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए उत्साहजनक खबर सामने आई है। जनपद में 21वीं उत्तर प्रदेश सीनियर (पुरुष एवं महिला) सपेकटाकरा चैंपियनशिप के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश सपेकटाकरा एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं जिला सपेकटाकरा संघ के सचिव, पूर्व आईटीबीपी तान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन गोला गोकर्णनाथ में कराने की योजना बनाई गई है। प्रस्ताव के अनुसार यह प्रतियोगिता मई माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित हो सकती है। उन्होंने बताया कि जैसे ही एसोसिएशन द्वारा टूर्नामेंट की आधिकारिक तिथियों की घोषणा की जाएगी, तुरंत अगली सूचना जारी की जाएगी। तिथियां तय होते ही आयोजन समिति की बैठक बुलाकर सभी पदाधिकारियों की सहमति से प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की जाएगी और आवश्यक व्यवस्थाएं शुरू कर दी जाएंगी। बताया गया कि इस चैंपियनशिप के जरिए ही आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों के लिए यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

## ओयल में आज निकलेगी 25वीं रजत जयंती हनुमान प्राकट्योत्सव पदयात्रा



**समृद्धि न्यूज़, ओयल-खीरी।** आस्था, श्रद्धा और भक्ति के संगम का प्रतीक बनी ऐतिहासिक 25वीं रजत जयंती हनुमान प्राकट्योत्सव पदयात्रा गुरुवार सुबह ओयल कस्बे में धूमधाम से निकाली जाएगी। सुबह करीब 6 बजे शुरू होने वाली इस पदयात्रा में ओयल सहित आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे, जो पैदल चलकर गुलरीपुरवा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन करेंगे। पदयात्रा को लेकर पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल है। मुख्य मार्गों को 'जय श्री राम' लिखे भगवा ध्वजों से सजाया गया है, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। भक्तगण भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण करेंगे और हनुमान जी के जयकारों से माहौल गूंज उठेगा। हनुमान सेवा समिति के सदस्य हरिनारायण गुप्ता 'रानू' के अनुसार, पदयात्रा ओयल कस्बे से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए गुलरीपुरवा हनुमान मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

**नासे रोग हरे सब पीरा**

**हाईवे रहेगा बंद, रूट डायवर्जन लागू**

पदयात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने लखीमपुर-सीतापुर हाईवे (एलआरपी) को अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया है। पदयात्रा समाप्त होने के बाद ही यातायात बहाल किया जाएगा। सीतापुर की ओर जाने वाले वाहनों को ओयल के बेहजम तिराहे से बेहजम होते हुए छाउछ के रास्ते एलआरपी चौराहे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं, एलआरपी से सीतापुर जाने वाले वाहन छाउछ चौराहे से बेहजम होते हुए ओयल के रास्ते आगे बढ़ेंगे। यह डायवर्जन व्यवस्था 2 अप्रैल सुबह 3 बजे से प्रभावी रहेगी।

**शाम को सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन**

पदयात्रा के बाद शाम 5 बजे से 8 बजे तक कस्बे के बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की गई है, जहां प्रसाद वितरण होगा।

**जनप्रतिनिधियों की भी रहेगी मौजूदगी**

इस धार्मिक आयोजन में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता भी शामिल होंगे। वे पदयात्रा में सहभागिता करते हुए हनुमान सेवा समिति द्वारा आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करेंगे।

**प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

प्रशासन ने आयोजन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है।

## पहली बार स्कूल पहुंचे नर्सरी के बच्चों का जोरदार स्वागत

- सेंट जॉन्स स्कूल में बैंड-बाजे, तिलकोत्सव और मिठास के साथ एनसी के बच्चों की हुई शुरुआत



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**

नगर के पंजाबी कॉलोनी स्थिति सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी (एनसी) कक्षा में पहली बार एडमिशन लेकर स्कूल पहुंचे नन्हे बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। नए माहौल में कदम रख रहे इन बच्चों के लिए विद्यालय ने ऐसा उत्सवमय वातावरण तैयार किया कि उनका पहला दिन खुशी, उत्साह और यादगार पलों से भर गया। सुबह जैसे ही नन्हे कदम विद्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे, उनका स्वागत स्कूल के सीनियर छात्रों द्वारा बजाए जा रहे बैंड-बाजे की मधुर धुनों के साथ किया गया। मुख्य गेट से लेकर कक्षा तक पूरा रास्ता मानो एक स्वागत यात्रा में बदल गया, जहां सीनियर छात्र पूरे उत्साह के साथ बैंड बजाते हुए छोटे बच्चों की अगवानी कर रहे थे। इस दौरान बच्चों को फूलमालाएं पहनाकर विशेष अतिथि जैसा सम्मान दिया गया, जिससे वे खुद को बेहद खास महसूस करने लगे। कार्यक्रम में पारंपरिक भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक भी देखने को मिली। बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। यह तिलकोत्सव न केवल एक रस्म था, बल्कि बच्चों के जीवन के इस नए अध्याय की शुभ शुरुआत का प्रतीक भी बना। इस मौके पर प्रधानाचार्य फादर अनूप तिर्की, उप-प्रधानाचार्य फादर लॉयस्टन अमिथ कॉर्डेइरो, हेड मिस्ट्रेस सिस्टर लिजि मरिया सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया और उन्हें अपनापन महसूस कराया। प्रधानाचार्य फादर अनूप तिर्की ने बच्चों को चॉकलेट खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्कूल बच्चों का दूसरा घर होता है, जहां उन्हें प्यार, सुरक्षा और बेहतर शिक्षा का माहौल मिलता है। शुरुआत में थोड़े सहमे नजर आने वाले बच्चे, इस आत्मीय और भव्य स्वागत के बीच धीरे-धीरे सहज होते गए। उनके चेहरों पर खिलती मुस्कान और आंखों में झलकता आत्मविश्वास इस बात का प्रमाण था कि स्कूल का डर अब उत्साह में बदल चुका है। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की।

## चैती मेला में बिछड़ी मासूम, पुलिस ने तत्परता दिखाकर परिजनों से मिलाया



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ऐतिहासिक चैती मेला में एक मासूम बच्ची के लापता होने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस की तत्परता से उसे सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मैगलगंज निवासी जसकरन अपने परिवार के साथ गोला में मुंडन संस्कार के लिए आए थे। उनकी 5 वर्षीय पुत्री सिद्धि भी उनके साथ थी। संस्कार के बाद परिजन मेला घूमने में व्यस्त हो गए, इसी दौरान बच्ची उनसे बिछड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मेला मंच पर पहुंचे, जहां मंच संचालक संजीव दीक्षित ने माइक के माध्यम से बच्ची के लापता होने की घोषणा की। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी, कोतवाल अम्बर सिंह एवं क्राइम इंस्पेक्टर अरविन्द पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम सब इंसेक्टर योगेश, एस आई युवराज बलियांन, महिला उप निरीक्षक अपूर्वा शर्मा ने मेला परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस की मुस्तैदी के चलते कुछ ही समय में बच्ची को सकुशल खोज लिया गया। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को उसके परिजनों को सौंप दिया। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

## जंगल में लगी आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड, गेट न खुलने से बढ़ी चिंता



**बेलरायां, खीरी।** उत्तर निघासन के बेलरायां वन क्षेत्र में दोपहर जंगल के किनारे लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें पास खड़े गेहूं के खेतों तक पहुंचने की आशंका से किसानों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार रेंजरीपुरवा गांव के समीप दोपहर करीब 3 बजे जंगल में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के खेतों में खड़ी फसल को खतरा पैदा हो गया। घबराए किसानों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन जंगल का गेट बंद होने के कारण अंदर प्रवेश नहीं कर सकी। काफी देर तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी गेट के बाहर खड़ी रही, जिससे आग पर समय रहते काबू पाने में देरी हुई। मौके पर कोई भी वन विभाग का कर्मचारी मौजूद नहीं मिला, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

## मेधावियों का सम्मान और 'स्कूल चलो अभियान' आयोजित

**दिव्यांग बच्चों के लिए रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन**



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ (खीरी)।** विकास खंड बिजुआ क्षेत्र में बुधवार को शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नौशर गुलरिया में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन हुआ, जबकि पड़रिया तुला विद्यालय में मेधावी छात्रों का सम्मान, परीक्षाफल वितरण, विदाई समारोह और 'स्कूल चलो अभियान' संपन्न हुआ। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नौसर गुलरिया में स्थापित समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य दिव्या भारती ने किया। इस केंद्र का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी और जिला समन्वयक माला श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विशेष शिक्षक सुबोध कुमार मिश्र और कमलेश ने केंद्र की उपयोगिता और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान नेत्रहीन छात्र दीपक कटियार ने अपनी सफलता की कहानी साझा कर सभी को प्रेरित किया। विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। अतिथियों ने इस पहल को दिव्यांग बच्चों के लिए उपयोगी बताते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालय पड़रिया तुला में आयोजित कार्यक्रमों में परीक्षाफल वितरण, मेधावी छात्रों का सम्मान, विदाई समारोह और 'स्कूल चलो अभियान' प्रमुख रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यापक शैलेन्द्र दीक्षित और मो. शाहिद ने किया। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। परीक्षाफल वितरण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं–धार्या, आशीष, अंशु, चाहत, विवेक, दीपक, अनुराग, सुषेण बाला, जानवी, दिवाकर, प्रियंका, अहम, तपस और निखिल–को सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में उच्च कक्षाओं में जाने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई।

## अंकित यादव के मामले लेकर सपा उतरी सड़क पर, उत्पीड़न करने वाले पर हो कार्यवाही

- जोरदार प्रदर्शन कर जताया आक्रोश



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**

समाजवादी पार्टी व सर्वदली नेताओ ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौपा। इस अवसर पर वक्ताओ ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये । नेताओ ने कहा पुर्व छात्र संघ अध्यक्ष जी डी बिनानी कालेज, को 29 मार्च 2026 को सांय काल लगभग 6 बजे मार्केट करने बेलतर थाना कोतवाली गया था बाइक हटाने को लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा से बातचीत के दौरान बहस हुआ जिस मामले से नाराज होकर प्रभारी निरीक्षक व उनके हमराहीयो ने मारा पीटा । मांग पत्र में कहा गया है की अंकित यादव का पुनः मेडिकल कराया जाय साथ ही मेडिकल करने वाले डाक्टर पर कार्यवाही आदि की मांग की गई हैं। प्रदर्शन सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, कैलाश चौरसिया, भगवती चौधरी, सुरेन्दर पटेल, अशोक यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिव कुमार सिंह आप जिला अध्यक्ष बबऊ सिंह, अमिताब पाण्डेय, मुन्नी यादव, लल्लू शुक्ला, झल्लू यादव आदि सैकडो लोग मौजूद रहे।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में तीन लोग जख्मी, एक की हालत गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, मड़िहान (मिर्जापुर)।** मड़िहान थाना के अंतर्गत कुसुमहा गांव में मनोरमा देवी नें 102 एम्बुलेंस को फोन कर एक गर्भवती महिला दीपा पत्नी राहुल 22 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान मिर्जापुर जाने के लिए फोन किया 102 एम्बुलेंस पर सुचना मिलने पर ईएमटी संतोष भारतीय पायलट राजीव रंजन पाण्डेय के साथ कुसुमहाँ गांव में पहुंच कर प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को मड़िहान अस्पताल के लिए चल दिए करीब पांच सौ मीटर ही एम्बुलेंस चली थी कि तभी सामने सड़क पर भीड़ भाड़ देखकर पायलट राजीव रंजन नें भाँप लिया कि सामने एक्सीडेंट हो गया है। तब तक एम्बुलेंस एक्सीडेंट के पास पहुंची तभी प्रसूता दीपा जोर जोर से एम्बुलेंस में ही रोने लगी और अपना पीड़ा भूलकर घटना स्थल पर एम्बुलेंस से उतर कर जल्दी से घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए लोगों से गुहार लगाने लगी आनन फानन में इएमटी संतोष भारतीय और पायलट नें सूझ बुझ का परिचय देते हुए प्रसूता समेत तीन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान में दाखिल कराया जहाँ पर इलाज के दौरान एक व्यक्ति के सिर में गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल मिर्जापुर के लिए रिफ्र कर दिया गया है बाद में पता चला कि दुर्घटना में घायल राहुल 24 साल दीपा का पति है और घायल महिला कुमारी देवी पत्नी विजय कुमार 48 साल निवासी रजौहाँ दीपा की माँ है।

## हाईटेंशन तार में सरिया टच होने से बालक गंभीर रूप से झुलसा, ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरबरा गांव में बुधवार की सुबह छत पर पहुँचे बालक ने छत पर रखी सरिया को ऊपर उठा दिया जिससे छत के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन विद्युत तार में टच होने से बालक गंभीर रूप से झूलस गया। मौके पर पहुँचे बालक के परिजनों द्वारा बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्स्कों ने बालक को गंभीर रूप से झूलसा हुआ देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफ्र कर दिया है। थाना क्षेत्र के हरबरा गांव निवासी कमलेश कुमार का 9 वर्षीय पुत्र हंसराज अपने क्षेत्र पर पहुंचा की छत पर रखी सरिया को ऊपर उठाने पर सरिया छत के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन विद्युत तार में टच होने से बालक हंसराज गंभीर रूप से घायल हो गया।